CMYK

तापमान अधिकतम :39°C न्यूनतम: 25°C
सेंसेक्स 82,445.21 निफ्टी 25,103.20
सोना 98,600 चांदी 1,08,000

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 10 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 300 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 13 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**अमेरिका में 12 देशों के नागरिकों की एंट्री बैन**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर




**स्पेन के कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन चैंपियन बने**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# मोदी के 11 साल के राज में बदली देश की तस्वीर

## शाह , राजनाथ और नड्डा ने कहा: 'ऐसा ही हुआ'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने 140 करोड़ लोगों की सामूहिक भागीदारी से सुशासन के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है, जिससे तेजी से प्रगति हुई है और 'जीवन में सुगमता' आई है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में राजग सरकार के केन्द्र की सत्ता में आने के बाद श्री मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किए हैं। श्री मोदी ने कहा है कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, सरकार ने जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

**सुशासन से विभिन्न क्षेत्रों में आया बदलाव, प्रगति के साथ जीवन में सुगमता बढ़ी: मोदी**

### पिछले 11 वर्ष का कार्यकाल रहा आर्थिक पुनरुत्थान व राष्ट्रीय सुरक्षा का नया युग



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केन्द्र में राजग सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने आर्थिक पुनरुत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है। श्री शाह ने राजग सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्ष जनसेवा के संकल्प, साधना और समर्पण का स्वर्णिम कालखंड रहे हैं।

### अभूतपूर्व विकास व आर्थिक परिवर्तन व युगांतरकारी राजनीतिक दौर रहा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए इसे 'अभूतपूर्व विकास' व 'युगांतरकारी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन' का युग बताया है। श्री सिंह ने रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण ने देश को दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में आत्मविश्वास के साथ खड़ा होने में सक्षम बनाया है। उन्होंने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि भारत आज अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की हर कीमत पर रक्षा करने के संकल्प पर पूरी तरह से सुसज्जित, आश्वस्त और अडिग है।

### बदली राजनीति की संस्कृति, लिए कई बड़े और कड़े फैसले



**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को मोदी सरकार को 'पारदर्शी व भविष्यदर्शी' बताया और कहा कि पीएम ने भारत में राजनीति की संस्कृति में आमूल-चूल परिवर्तन किया है। श्री नड्डा ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां पार्टी मुख्यालय में विशेष रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने निराशा के वातावरण को दूर कर विकसित भारत की मजबूत आधार रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले की सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला था और वह नकारात्मक एजेंडा के साथ चल रही थी।

# कारगिल युद्ध के शहीदों को उनके घर जाकर सम्मानित करेगी सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो



**26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में डेढ़ महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी सेना**

**नई दिल्ली।** सेना 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में करीब डेढ़ महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी और शुरुआती कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले योद्धाओं के परिजनों को इस सप्ताह उनके निवास पर ही सम्मानित किया जाएगा। सेना के अनुसार ये कार्यक्रम विजय दिवस यानी 26 जुलाई तक आयोजित किए जाएंगे और इनमें देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले नायकों की अदम्य भावना, बलिदान और साहस का सम्मान किया जाएगा।

सेना ने इस सप्ताह एक विशेष संपर्क अभियान की योजना बनाई गई है जिसमें कारगिल युद्ध के दौरान राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले युद्ध नायकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। अपनी तरह के इस पहले अभियान में सेना के प्रतिनिधि शहीदों के 545 निकटतम परिजनों से मिलेंगे और उनके निवास स्थान पर उनका सम्मान किया जाएगा। सेना कर्मियों की एक टीम सेना की ओर से आभार पत्र, एक स्मृति चिन्ह, विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार एजेंसियों द्वारा अधिकृत लाभों का विवरण लेकर 25 राज्यों, दो केंद्र शासित प्रदेशों तथा नेपाल का दौरा करेगी और युद्ध नायकों के परिवारों से बातचीत कर उनकी किसी भी समस्या के बारे में पूछताछ करेगी। सेना शहीदों के परिवारों की सहायता के साथ-साथ इस अवसर का इस्तेमाल निकटतम परिजनों की शिकायतों को दूर करने के लिए भी करेगी। सेना विरासत को संरक्षित करने के लिए यादगार चीजें भी एकत्र करेगी और इन्हें कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास में सम्मानजनक स्थान देगी। ये कार्यक्रम 26 जुलाई को करगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह के साथ समाप्त होंगे, जो देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों के सम्मान और आदर का प्रतीक है। डेढ़ महीने से भी अधिक समय तक चलने वाला यह स्मरणोत्सव न केवल अतीत का सम्मान करेगा, बल्कि वर्तमान और भावी पीढ़ियों को सेवा तथा बलिदान के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित भी करेगा। देश में हर वर्ष 26 जुलाई को करगिल विजय दिवस मनाया जाता है जो राष्ट्र के दिल में गौरव व गंभीर यादों के साथ अंकित है।

## सऊदी ने भारतीय यात्रियों पर नहीं लगाया कोई प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब द्वारा भारतीय यात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। सूत्रों ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब की यात्रा करने वाले भारतीयों पर किसी भी प्रतिबंध के बारे में रिपोर्ट गलत है। सऊदी सरकार ने इस मामले में कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि हर साल हज के दौरान भीड़भाड़ से बचने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाता हैं, जो हज के समापन के साथ समाप्त होता है। इस साल भी वही किया गया है।

## यूपी समेत छह राज्यों में और चढ़ेगा पारा श्रीगंगानगर देश में सबसे ज्यादा गर्म

**नई दिल्ली।** देश का उत्तर पश्चिमी इलाका इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग ने सोमवार को राजस्थान में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य का श्रीगंगानगर रविवार को देश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां 47.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। विभाग के मुताबिक 11 जून तक बीकानेर संभाग में पारा 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। इस बीच 30 से 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी तापमान बढ़ सकता है। मानसून की बात करें, तो यह अभी भी बिहार-पश्चिम बंगाल की सीमा पर अटका है। 15 जून तक इसके मध्य प्रदेश में पहुंचने की संभावना है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि जब से बारिश का रिकॉर्ड रखा जा रहा है (साल 1901) तब से अब तक सबसे ज्यादा बारिश इस साल मई में हुई है। इस साल देश में औसतन 126.7 एमएम बारिश हुई।

## गोवा के स्वास्थ्य मंत्री ने डाक्टर से माफी मांगी, निलंबन वापस लिया

**पणजी।** गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) में एक डाक्टर से बदसलूकी करने के मामले में सोमवार को माफी मांग ली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि मैंने हीट ऑफ द मूमेंट में जिस तरह से स्थिति को हैंडल किया, उसका मुझे बहुत दुख है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री राणे ने 7 जून को जीएमसीएच का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात डा. रुद्रेश कुट्टीकर पर मरीजों के साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया और सबके सामने फटकार लगाई। उन्होंने डाक्टर को सस्पेंड करने का आदेश भी दे दिया था। हालांकि, गोवा सरकार ने सस्पेंशन वापस ले लिया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें स्वास्थ्य मंत्री राणे ने डाक्टर की तरफ उंगली दिखाते हुए कहा था कि आप अपनी जुबान पर काबू रखना सीखिए, आप डाक्टर हैं। मैं आमतौर पर अपना आपा नहीं खोता, लेकिन आपको मरीजों से ठीक से व्यवहार करना होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने मप्र के दो पत्रकारों को दी गिरफ्तारी से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश में एक पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में कथित तौर पर मारपीट और जान के खतरे की आशंका के खिलाफ दायर दो पत्रकार शशिकांत जाटव और अमरकांत सिंह चौहान की याचिकाओं पर गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देते हुए उन्हें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की सोमवार को अनुमति दी।

पीठ ने याचिकाकर्ता दोनों पत्रकारों -शशिकांत जाटव और अमरकांत सिंह चौहान को गिरफ्तारी से तो राहत दी, लेकिन किसी अन्य प्रकार की राहत के लिए उनकी याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया और उन्हें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जाने को कहा। पीठ ने कहा कि हम याचिका पर विचार नहीं कर रहे हैं। हालांकि, आरोपों को देखते हुए हम याचिकाकर्ताओं को आज से (नौ जून 2025) दो सप्ताह के भीतर संबंधित उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देते हैं। इस बीच जब तक याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय नहीं जाते तब तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। याचिकाकर्ताओं ने अधीक्षक असित यादव सहित भिंड पुलिस पर हिरासत में हिंसा, जाति-आधारित दुर्व्यवहार और जान को लगातार खतरा होने का आरोप लगाया है। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने दो जून को उन पत्रकारों की याचिका पर नौ जून को सुनवाई करने की सहमति व्यक्त की थी।

## केरल में सिंगापुर के कार्गो शिप में आग लगी, पांच घायल

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में सिंगापुर के कार्गो शिप एमवीडब्ल्यूएएनएचएआई 503 में सोमवार सुबह आग लग गई। कार्गो श्रीलंका के कोलंबो पोर्ट से 7 जून को रवाना हुआ था। इसे 10 जून को नवी मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (न्हावा शेवा पोर्ट) पहुंचना था। इंडियन कोस्ट गार्ड के मुताबिक घटना के दौरान कार्गो पर 18 क्रू मेंबर्स सवार थे। इनमें से 4 मेंबर्स लापता बताए जा रहे हैं, 5 घायल हैं। न्यू मंगलौर के पास इंडियन कोस्ट गार्ड के शिप- राजदूत, अर्नवेश, सचेत, समुद्र प्रहरी, राजदूत और सी-144 रेस्क्यू में जुटे हैं। इंडियन नेवी का आईएनएस सूरत भी ऑपरेशन में शामिल है।

# तहव्वुर को परिवार से बात करने की मिली छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**तिहाड़ जेल अधिकारी की मौजूदगी में सिर्फ एक बार फोन करेगा, मुंबई हमले का मास्टरमाइंड**



**नई दिल्ली।** मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा की याचिका पर सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई हुई। राणा को अपने परिवार से बात करने की परमिशन मिल गई है।

मामले की सुनवाई स्पेशल एनआईए जज चंद्र जीत सिंह ने की। राणा फिलहाल अपने परिवार को केवल एक बार फोन कर सकेगा। यह कॉल जेल के नियमों के अनुसार और तिहाड़ जेल के अधिकारी की निगरानी में की जाएगी। कोर्ट ने जेल अधिकारियों से रिपोर्ट भी मांगी है, जिसमें पूछा गया है कि क्या राणा को भविष्य में नियमित फोन कॉल की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे पहले 24 अप्रैल को कोर्ट ने राणा की याचिका खारिज कर दी थी। राणा के वकील पीयूष सचदेवा ने कहा था कि एक विदेशी नागरिक के तौर पर उसे परिवार से बात करने का अधिकार है और उसके इलाज को लेकर परिवार चिंतित है, लेकिन एनआईए ने जांच का हवाला देकर इसका विरोध किया था, जिसके बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। आरोपी राणा 9 जुलाई तक एनआईए की हिरासत में है। 28 अप्रैल को पिछली सुनवाई में उसकी कस्टडी 12 दिन के लिए बढ़ा दी गई थी। दरअसल, एनआईए ने 10 अप्रैल को तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया था। उसका प्रत्यर्पण 'ऑपरेशन राणा' के तहत हुआ था। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था।

## मणिपुर हिंसा: नेशनल हाईवे बंद, दवाएं तक नहीं मिल रहीं

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा के बाद हाईवे ब्लॉकेज और ट्रांसपोर्ट रूट्स प्रभावित होने से आम लोगों को महंगाई का सामना कर पड़ रहा है। खास तौर पर चुराचांदपुर और राजधानी इंफाल में खाने-पीने की चीजें और दवाइयों की भारी कमी हो गई है। जरूरी सामानों के दाम बढ़ गए हैं। हिंसा प्रभावित कई इलाकों में दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि अब सारी चीजें मिजोरम के रास्ते आ रही हैं, इसलिए महंगी हो गई हैं। पहले जैसी स्थिति नहीं रही है। चुराचांदपुर कुकी समुदाय का गढ़ माना जाता है। यह नेशनल 2 और 37 पर निर्भर है, जो असम और नागालैंड को मणिपुर से जोड़ते हैं। अब ये रास्ते बंद हैं।

## मद्रास के राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल वसूली पर अंतरिम आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें मदुरै-तूतीकोरिन राष्ट्रीय राजमार्ग के पुनर्निर्माण नहीं होने तक वहां टोल शुल्क वसूली पर रोक लगाई गई थी। शीर्ष अदालत के इस अंतरिम आदेश के बाद एनएचएआई मद्रास के मदुरै- तूतीकोरिन राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल वसूली करने के लिए स्वतंत्र हैं।



## शिक्षा मद का 2291.30 करोड़ रोकने के मामले में तत्काल सुनवाई से इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार पर समग्र शिक्षा योजना की 2291.30 करोड़ रुपये की धनराशि रोकने का आरोप लगाते हुए उसका भुगतान करने का निर्देश देने की तमिलनाडु सरकार की याचिका पर शीघ्र तत्काल सुनवाई करने से सोमवार को इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा इसमें कोई जल्दबाजी नहीं।

## लोकल ट्रेन से गिरने पर पांच लोगों की मौत, सात घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर कसारा से आने वाली एक भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरने से सोमवार को पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे ने यह जानकारी दी। श्री शिंदे ने कहा कि यह दुर्घटना सुबह करीब नौ बजे हुई और हमें सवा नौ बजे सूचना मिली और हम मौके पर पहुंचे, तो पाया कि करीब सात लोग घायल हैं और कम से कम पांच लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों और मृतकों को तुरंत नजदीकी छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा ले जाया गया, जिनमें से चार घायल खुद जुपिटर अस्पताल चले गए। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि घटना के दौरान 10 से 12 यात्री ट्रेन से गिरे थे। अधिकारियों ने दुर्घटना का मुख्य कारण अत्यधिक भीड़ बताया है, कथित तौर पर उस समय कई यात्री ट्रेन के दरवाजों पर लटके हुए थे।

## सुकमा विस्फोट में एएसपी शहीद

**सुकमा।** जिले में सोमवार सुबह नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर पुलिस अधिकारी की गाड़ी को उड़ा दिया है, जिसमें एएसपी आकाश राव गिरपुन्जे शहीद हो गए। वहीं एसडीओपी व टीआई समेत दो लोग घायल हो गए।कोंटा- गोलापल्ली मार्ग पर नए कैंप की स्थापना कर पुलिस अधिकारी लौट रहे थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एएसपी गिरपुन्जे गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें कोंटा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। अतिरिक्त एसपी आकाश क्षेत्र में पैदल गश्त ड्यूटी पर थे। ताकि भाकपा-माओवादी की ओर से 10 जून को भारत बंद के आह्वान के मद्देनज़र किसी भी प्रकार की नक्सली घटना को रोका जा सके। आईजी बस्तर पी. सुंदरराज ने बताया कि कोंटा- एर्राबोरा मार्ग पर डोंड्रा के पास आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

## कोरोना मामलों की संख्या 6491 तक पहुंची

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या सोमवार सुबह तक 6491 पहुंच गई और राहत की बात यह है कि इसके संक्रमण से पिछले 24 घंटों के दौरान किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सोमवार सुबह आठ बजे तक 358 नए संक्रमण के मामले सामने आए, जिससे कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या 6,491 हो गई। राहत की बात यह है कि पिछले 24 घंटों में कोरोना से संबंधित किसी अन्य मरीज की मौत नहीं हुई और मृतकों की संख्या 65 पर स्थिर है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के दस राज्यों में कोरोना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। कोरोना संक्रमण के मामले में केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है, जहां सोमवार सुबह सक्रिय मामलों की संख्या 1957 तक पहुंच गई और दिल्ली में लगभग 42 नए मामले सामने आए, जिससे कुल मामलों की संख्या 728 हो गई।

# अंतरिक्ष में नई इबारत लिखने को तैयार शुभांशु शुक्ला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पोस्टरों से सजाया गया उनका घर, आईएसएस जाने से पहले की फाइनल रिहर्सल, आज रवाना होंगे, ऐसा करने वाले पहले भारतीय बनेंगे शुभांशु**



**नई दिल्ली/लखनऊ।** इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत (आज) 10 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाएंगे। उनके अंतरिक्ष रवाना होने से उनके घर को उनकी जीवन यात्रा से जुड़े पोस्टर लगाकर सजाया गया है। साथ ही इसमें उनको इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी गई है। इनमें वह अलग-अलग कार्यक्रमों में दिख रहे हैं।

किसी में प्रधानमंत्री मोदी उनका हौसला अफजाई कर रहे हैं। किसी में वह प्रशिक्षण स्थान पर दिख रहे हैं। इससे पहले रविवार को शुभांशु ने फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की। इसमें असेंबली बिल्डिंग से रॉकेट तक जाने और उसमें बैठने के प्रोसेस को फॉलो किया। इस दौरान शुभांशु ने कहा कि यह एक बेहतरीन यात्रा रही है। ये पल बताते हैं कि आप किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जो आपके खुद से बहुत बड़ी है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि मुझे मिशन का हिस्सा बनने का अवसर मिला। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। यह मिशन 10 जून 2025 को शाम 5:54 बजे लॉन्च होगा। शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। स्लावोज़ उज्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनॉट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कामर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है। मिशन में जा रहे चार एस्ट्रोनॉट ने नासा में 8 महीने की ट्रेनिंग पूरी की। 12 अप्रैल को क्रू ने केक काटकर जश्न -शेष पृष्ठ दो पर



# खाना खाकर टहलने निकले व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कालागढ़ मार्ग पर स्थित एक व्यक्ति सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा घायल की गंभीर अवस्था देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा घायल को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान प्रदीप कुमार की मौत हो गई। लगातार हो रहे सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कालागढ़ मार्ग स्थित थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी प्रदीप कुमार 45 वर्ष पुत्र सुरेंद्र पाल सिंह रविवार की देर शाम साढ़े आठ बजे के लगभग घर से खाना खाकर सड़क पर टहलने जा रहा था। जैसे ही प्रदीप कुमार सड़क पर पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल प्रदीप कुमार को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां परिजनों द्वारा प्रदीप कुमार को मुरादाबाद के कॉसमॉस हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला संपन्न

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई बिजनौर में प्रातः 10:00 बजे से 4:30 बजे तक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद की तीन कंपनियों ने प्रतिभाग कर उपस्थित हुए 45 अभ्यर्थियों में से 20 अभ्यर्थियों की अप्रेंटिस नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण की।

मेले में विशेष रूप से उपस्थित हुए रामा पेपर मिल लिमिटेड के के एचआर मैनेजर संजीव दीक्षित ने बताया कि इन अभ्यर्थियों को शीघ्र ही औपचारिकताएं पूर्ण कर अप्रेंटिसशिप ऑफर लेटर दिए जाएंगे।

प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेले में फोरमैन प्रहलाद सिंह, प्रधान सहायक राकेश शर्मा, वीरेंद्र कुमार वर्मा, कमल वीर सिंह आदि का सहयोग रहा।

# चेयरमैन, ईओ व थाना प्रभारी की मेहनत लाई रंग

## प्रेम के साथ मनाई गई ईद







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पालिका चेयरमैन शेख फैसल वारसी, ईओ बिजेंद्र सिंह पाल व थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार की मेहनत रंग लाई। क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया।

गौरतलब है कि ईद उल अजहा का पवित्र त्यौहार नगर व क्षेत्र में शांति पूर्वक मनाया गया। ईद उल अजहा के मौके पर परंपरागत होने वाली कुर्बानी का खास ख्याल रखते हुए पूरे परदे में, सफाई व्यवस्था का मुस्लिम समाज ने दीनी एतबार से ध्यान रखते हुए कुर्बानी की। चेयरमैन शेख फैसल वारसी, ईओ विजेंद्र सिंह पाल व थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार का प्रयास था की नगर व क्षेत्र में ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हो, जिसमें क्षेत्र के लोगों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए सहयोग किया और सभी की मेहनत लाई।

इस मौके पर नगर पालिका शेख फैसल वारसी की ओर से सफाई और पानी की व्यवस्था भी दुरुस्त रही। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने सभी नगर वासियों को ईद उल अजहा की बधाई देते हुए कहा है हमारे नगर में सभी समाज के लोग एक दूसरे के त्यौहार के मौके पर भरपूर सहयोग करते हैं और आपसी भाईचारे का पैगाम देते हैं। हमें अपनी इस परंपरा को हमेशा कायम रखना है और नगर पालिका की ओर से मिलने वाली सभी जरूरतों को नगर वासियों को दी जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने ईद उल अजहा के त्यौहार के मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी लोगों ने आपसी भाईचारे व शांति के साथ ईद उल अजहा के त्यौहार को मनाया। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल के द्वारा ईद उल अजहा के मौके पर नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए गए थे, जिसका सही पालन करते हुए नगर में ईद उल अजहा के मौके पर कुर्बानी के बचे हुए अवशेष को समय रहते उठाया गया और पानी व्यवस्था दुरुस्त रही, जिससे नगर के लोगों ने नगर पालिका के इस कार्य की सराहना की। इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नगर में सफाई व्यवस्था पर भरपूर ध्यान दिया है।

# थूकने की बात पर भिड़े दो पक्ष, चले लाठी-डंडे

## मारपीट में चार घायल







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम हर्रावाला में एक दुकान के बाहर मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि लाठी-डंडे चल गए। मारपीट में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां दोनों पक्षों के मेडिकल कराए गए तथा पुलिस को सूचना दी गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जरीफ अहमद (58 वर्ष) निवासी हर्रावाला एक दुकान के पास खड़े थे। इसी दौरान उन्होंने अनजाने में थूक दिया, उन्हें यह पता नहीं था कि सामने रेखा नाम की महिला खड़ी है। महिला के पति भूदेव पुत्र प्रेम सिंह ने इसे अपमानजनक मानते हुए विरोध किया। बात बढ़ी और देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी व मारपीट में बदल गई। मारपीट में जरीफ अहमद, उनके बेटे मोबीन (38 वर्ष), मो. हसिन (28 वर्ष) और रिश्तेदार शकील अहमद (40 वर्ष) को चोटें आई हैं। वहीं भूदेव, अमरजीत और मुकेश पुत्र प्रेम सिंह को भी मामूली चोटें लगी हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। जरीफ पक्ष का कहना है कि घटना अनजाने में हुई और सामने महिला होने की जानकारी नहीं थी। इसके बावजूद उन्हें मारपीट का निशाना बनाया गया। वहीं भूदेव पक्ष का कहना है कि यह महिला का अपमान है और जानबूझकर ऐसा किया गया। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुफ्त बिजली योजना के तहत कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मुफ्त बिजली योजना के तहत पीएम सूर्य घर निजी आवासों में ग्रिड कनेक्टेड रूफटांप सोलर पावर प्लांट लगाने हेतु नगर पालिका प्रशासन ने इस योजना के तहत संबंधित अधिकारियों के तत्वाधान में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित करके इस योजना के प्रचार प्रसार हेतु पालिका सभासदों को जिम्मेदारी सौंपी है। तथा सभासद अपने वार्ड मे प्रचार प्रसार करके योजना मे लाभ दिलाने के लिए पूर्ण सहभागिता करेंगे। इस योजना मे मीटर के लोड के अनुसार उक्त कनेक्शन योजना का दिया जाएगा। अब तक इस योजना में 6 कनेक्शन हो चुके हैं।

शासन के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं को बिजली को बचाने के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत इस योजना के प्रचार प्रसार हेतु तथा उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिलाने के लिए नगर पालि. का परिसर में वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपी नेडा के नेतृत्व मे एक माह पूर्व पालिका परिसर यूपी नेडा ने बैठक के 25 वार्ड के सभासदों व गणमान्य नागरिकों को अवगत कराया। सरकार उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना निजी आवासों में ग्रिड कनेक्टेड रूफटांप सोलर पावर प्लांट लगाने हेतु 1 किलो वाट से 10 किलो वाट तक भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाली धनराशि अनुमा. नित लागत उपभोक्ताओं का प्रभावी अंशदान के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी थी। उन्होंने बताया कि प्लांट की अनुमानित लागत 60 हजार प्रति किलोवाट, सोलर पैनल की कार्य क्षमता अवधि लगभग 25 वर्ष, 3 किलोवाट का प्लांट मात्र 1800 रूपये की आसान किस्त लगेगा तथा बैंक लोन 7% ब्याज की दर पर मिलेगा तथा सोलर प्लांट कमीशनिंग के उपरांत सब्सिडी डीबीटी द्वारा सीधे लाभार्थी खाते में जाएगी। बिजली बिल में दो तिहाई तक की बचत होगी। साथ ही इस योजना का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक सोलर प्लांट लगवा कर आकर्षक अनुदान एवं बिजली के बिल में राहत पाने की जानकारी दी थी। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि मुफ्त बिजली योजना के तहत पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 1 किलो वाट से लेकर 3 किलोवाट तक के कनेक्शन जारी किए जाएंगे, उन्हें उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिए जाएंगे जिन पर विद्युत कनेक्शन होगा। साथ ही विद्युत उपभोक्ता का बिल जितना होगा उसी के हिसाब से उसे पैनल कनेक्शन दिया जाएगा। जिस व्यक्ति के नाम पर विद्युत कनेक्शन होगा इस व्यक्ति को सोलर पैनल कलेक्शन दिया जाएगा। अन्य किसी व्यक्ति को इसका लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया की 1 किलोवाट का कनेक्शन लेने के लिए 65 हजार में से 20 हजार की धनरा. शि उपभोक्ता को जमा करनी होगी तथा 45 हजार रुपए की धनराशि सब्सिडी के रूप में उसके खाते में आ जाएगी। 2 किलो वाट के कनेक्शन में 1 लाख 30 हजार रूपय की धनराशि में उपभोक्ता को 40 हजार रुपए जमा करने होंगे तथा उसके खाते में 90 हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी। 3 किलोवाट में 1 लाख 80 हजार रुपए के कनेक्शन में 72 हजार का अंशदान जमा करना होगा, जिसमें 1 लाख 8 हजार रुपए का अंशदान खाते में आएगा। उक्त कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा आवेदन के बाद सोलर वेल्डर की सूची खुलेगी, जिसमें जनपद में 21 सोलर वेल्डर है। उपभोक्ता के चिन्हित वेल्डर कनेक्शन स्वीकृत होने पर चयनित वेल्डर द्वारा सोलर कनेक्शन चालू कर दिया जाएगा। उपखंड अधिकारी विवेक विश्वकर्मा ने बताया कि विश्व योजना के तहत अब तक 6 कनेक्शन हो गए हैं।

# दिगम्बर जैन मंदिर के सामने पालिका ने लगाया फ्रिजर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा वार्ड नंबर 20 में पानी का फ्रिजर जैन स्ट्रीट में लगाया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी वे अधिशासी अधिकारी के सहयोग से दिगंबर जैन मंदिर के सामने पानी का प्याऊ लगाया गया। आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा पानी से राहत मिलेगी। वहीं वार्ड मेंबर अकरम अल्वी ने अध्यक्ष फैसल वारसी एवं अधिशासी अधिकारी का धन्यवाद करते हुए कहा है कि इससे नगरवासी लाभ उठाएंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जहां पर पानी का प्याऊ लगा है, वहां पर लोग कूड़ा डालते थे जबकि वहां पर तीन स्कूल आसपास में हैं और दिगंबर जैन मंदिर है। उन्होंने सभी वार्ड वासियों से अपील करते हुए कहा कि प्याऊ के पास कोई गंदगी ना करें, कूड़ा न डाले, इस जगह को साफ रखें, क्योंकि सामने मंदिर भी है और आने जाने वालों को कूड़ा से बहुत दिक्कत होती है। नगर पालिका की तरफ से कूड़ा की मेट्रो घर-घर जाकर डस्टबिन से कूड़ा उठाती है। अपने घर के बाहर कूड़ा का डस्टबिन रखें और अपने वार्ड को स्वच्छ बनाएं। इस मोके पर संजय जैन, संजीव जैन, नगर पालिका कर्मचारी जावेद भाई और वार्ड के लोग साथ में रहे।

# रोडवेज बस स्टैंड पर बुजुर्ग की मौत

**स्योहारा।** नगर से सटे ग्राम अलादीनपुर निवासी एक बुजुर्ग की बिजनौर के रोडवेज बस स्टैंड पर अचानक मौत होने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान थाना स्योहारा के अलादीनपुर निवासी कमलजीत पुत्र राजपाल के रूप में हुई है। कमलजीत दवा लेने के लिए शहर आए थे। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। रोडवेज परिसर में बस का इंतजार करते समय उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। बुजुर्ग की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया।

# बीएसए से मिला आसपा प्रतिनिधिमंडल

## मुख्य अध्यापिका को बहाल करने की मांग




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी के नेतृत्व में आजाद समाज पार्टी का प्रतिनिधि मंडल आज बीएसए से उनके कार्यालय में मिला और प्राथमिक विद्यालय द्वितीय की मुख्य अध्यापिका रफत खान को बहाल करने की मांग की।

गौरतलब है कि कट्टरपंथियों के दबाव में प्राथमिक विद्यालय द्वितीय, साहनपुर की मुख्य अध्यापिका रफत खान को बीएसए योगेन्द्र कुमार ने सिर्फ इस लिए सस्पैंड कर दिया था कि उन्होंने हिन्दी के साथ ही उर्दू में भी स्कूल का नाम लिखवा दिया था। जबकि उर्दू प्रदेश की दूसरी राज भाषा है। मुख्य अध्यापिका को सस्पैंड करने का मामला काफी गरमा गया है। दिशा की बैठक में नगीना के सांसद चंद्रशेखर ने भी डीएम के सामने इस मुद्दे को उठाया था। डीएम ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इसे लेकर आसपा के मुरादाबाद मंडल के प्रभारी एवं साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी बीएसए योगेंद्र कुमार से उनके कार्यालय में मिले और रफत खान को बहाल करने की मांग की। सूत्रों का कहना है कि बीएसए ने उन्हें शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# अपना दल-एस ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथ मनाई

## सरकार उनकी याद में जारी कर चुकी है डाक टिकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अपना दल एस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी द्वारा उनके कार्यालय पर 'भगवान बिरसा मुंडा ' की पुण्यतिथि की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। इसी उलगुलान ने उन्हें भगवान बना दिया।

धरती आबा के नाम से मशहूर बिरसा मुंडा काफी कम उम्र में इतने लोकप्रिय हो गए थे कि अंग्रेज उनसे खौफ खाने लगे थे और उन पर 500 रुपए का इनाम घोषित किया था। नौ जून 1900 को इस महामानव की रांची जेल में मौत हो गयी थी। भारत सरकार उनकी याद में डाक टिकट जारी कर चुकी है। संसद में उनकी तस्वीर लगी है। जनजातीय गौरव दिवस के रूप में इनकी जयंती घोषित की गई है।

इस अवसर पर राहुल शर्मा, पवन चौधरी, वकील अहमद, जिला उपाध्यक्ष अय्यूब अहमद, सूर्य प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, राजीव, डॉक्टर प्रदीप, वकील अहमद, दीपक जाटव, अमित गुर्जर, हारून मंसूरी, सद्दाम मलिक, अनूप वाल्मीकि, अमन सरदार, कपिल, इमरान, नरेश, नरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मोदी के ....**

कि भारत आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन इसके साथ ही, हम आशा व विश्वास के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि पिछले 11 वर्षों में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं और जीवन की सुगमता को बढ़ावा मिला है। श्री मोदी ने सरकार की उपलब्धियों को संवाद-शैली के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली नमो एप के माध्यम से इस परिवर्तनकारी यात्रा के बारे में जानकारी जुटाने के लिए देशवासियों को प्रोत्साहित भी किया है।

इस ऐप के जरिये इंटरैक्टिव गेम, क्विज़, सर्वेक्षण और अन्य प्रारूपों के माध्यम से प्रेरणादाई जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्रधानमंत्री ने लोगों को नमो एप और आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध वीडियो, इन्फोग्राफिक्स और लेखों जैसे विभिन्न आकर्षक प्रारूपों के माध्यम से भारत की विकास यात्रा के बारे में जानकारी लेने के लिए भी आमंत्रित किया। श्री मोदी ने अपने पोस्ट में कहा कि सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान! 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी के बल पर भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन देखे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर, एनडीए सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन साथ ही, हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए आशा, विश्वास और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं।

**अंतरिक्ष में...**

मनाया। शुभांशु शुक्ला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले हैं। इनकी शुरुआती पढ़ाई-लिखाई अलीगंज, लखनऊ के सिटी मान्टेसरी स्कूल से पूरी हुई। 12वीं के बाद उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) का एंट्रेंस एग्जाम क्लियर किया और यहीं से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। एनडीए भारत में सशस्त्र बलों (थल सेना, नौसेना और वायुसेना) के लिए ऑफिसर कैडेट्स को प्रशिक्षण देने वाली एक प्रमुख संस्था है।

ये ट्रेनिंग के साथ-साथ एकेडमिक डिग्री भी देती है, जो जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली से एफिलिएटेड होती है। शुभांशु को 17 जून, 2006 को भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया। वे एक अनुभवी फाइटर और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से अधिक का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हाक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे लड़ाकू विमानों को उड़ाया है।

# उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में सभी भूलेख होंगे ऑनलाइन

## नक्शा कार्यक्रम से मिलेगी सटीक जानकारी, जमीन के लिए नहीं होंगे झगड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी के 10 जिलों में नक्शा कार्यक्रम के तहत शहरी भूमि रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। इनमें टांडा, नवाबगंज, गोरखपुर, झांसी आदि शहर शामिल हैं, इससे शहरी नियोजन के साथ संपत्ति कर निर्धारण और विवादों को कम करने में मदद मिलेगी। साल 2031 तक प्रदेश की 40 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करने लगेगी। ऐसे में सटीक भूमि रिकॉर्ड का होना बेहद जरूरी है।

यूपी राजस्व निदेशालय में सोमवार को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने यूपी में डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम और शहरी क्षेत्रों के लिए 'नक्शा' कार्यक्रम' के बारे में बताया। परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार ने भी डिजिटल भूमि प्रबंधन, नवाचारों और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया।

सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करना है। राजस्व विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड को डिजिटल कर दिया है। अब रियल-टाइम खतौनी, नक्शा और खसरा ऑनलाइन उपलब्ध हैं। गांवों के नक्शों को डिजिटल और जियो-रेफरेंस्ड किया गया है। प्रत्येक भूखंड को यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूएलपीआईएन) दिया गया है। इसमें भूखंड का आकार, स्वामित्व और भौगोलिक निर्देशांक शामिल हैं। इससे संपत्ति लेन-देन, कर निर्धारण और आपदा प्रबंधन में आसानी होगी। स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वेक्षण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवासीय अधिकार रिकॉर्ड तैयार किए गए हैं। नक्शा कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 10 शहरी निकायों में शहरी भूमि रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। इनमें अंबेडकर नगर का टांडा, बाराबंकी का नवाबगंज, बुलंदशहर का अनूपशहर, चित्रकूट, गोरखपुर, हरदोई, झांसी, मिर्जापुर का चुनार, पीलीभीत का पूरनपुर, शाहजहांपुर का तिलहर शामिल हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
मुख्य मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बीमार हाथी की मौत

## उपचार न मिलने के अभाव में दम तोड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** साहूवाला वन रेंज के गांव इनायतपुर के पास गन्ने के खेत में एक बीमार नर हाथी की चिकित्सक टीम के पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। सूचना पाकर वन अधिकारी मौके पर पहुंचे और हाथी के शव का पोस्टमार्टम कराया।

साहूवाला वन रेंज के गांव इनायतपुर के पास सोमवार को गन्ने के खेत में एक बीमार नर हाथी को ग्रामीणों ने कर्राहते हुए देखा, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी कपिल कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को सूचना दी। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि हाथी पिछले कुछ दिनों से बीमार था। रविवार को हाथी के बीमार होने की सूचना मिलने पर उपचार के लिए मथुरा से पशु चिकित्सक टीम को बुलाया गया था। वन विभाग व पशु चिकित्सक टीम के जंगल पहुंचने पर हाथी जंगल में बिछड़ गया। टीम द्वारा तलाशने पर भी हाथी नहीं मिल सका। देर रात टीम थक हारकर वापस लौट आई थी। सोमवार की सुबह वन विभाग को सूचना मिली की एक बीमार हाथी गांव इनायतपुर निवासी किसान राजबहादुर के खेत में पड़ा हुआ है। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सक टीम को बुलाया। चिकित्सक टीम के पहुंचने से पहले ही हाथी ने दम तोड़ दिया। इस दौरान हाथी को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। हाथी की उम्र लगभग 20 वर्ष बताई जा रही है। सूचना पर डीएफओ अभिनव राज और एसडीओ राजीव कुमार मौके पर पहुंचे। पशु चिकित्सक टीम में शामिल डॉ. रजनीश कुमार नगीना, डॉ. मो. कासिम किरतपुर और डॉ. अनुराज नूरपुर द्वारा हाथी के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज ने बताया कि हाथी के बीमार होने की सूचना पर यमुनानगर से स्पेशलिस्ट चिकित्सक ललित कुमार को बुलाया गया था। उपचार से पूर्व ही हाथी की मौत हो गई। हाथी का पीएम कराया जा रहा है। उसके पश्चात जंगल में हाथी के शव को दबा दिया जाएगा।

## इनवर्टर ठीक करते समय करंट लगने से मौत

**नगीना।** तहसील क्षेत्र के गांव बिश्नोई वाला में इनवर्टर ठीक करते समय एक व्यक्ति की करंट लगने से मृत्यु हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बिश्नोई वाला निवासी मोहम्मद नाजिम पुत्र मोहम्मद तसलीम अहमद के साथ यह हादसा उस वक्त हुआ जब मोहम्मद नाजिम अपने घर में इनवर्टर का तार ठीक कर रहे थे कि तभी अचानक करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में परिवारजनों द्वारा किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही से मना करने की जानकारी मिली है। घटना की जानकारी मिलने पर नगीना से समाजवादी पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री मनोज पारस मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।

# पुराना कालागढ़ में बाघ का खौफ

## बाघ रोज बना रहा जानवरों को निवाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** उत्तराखंड सीमा पर स्थित थाना क्षेत्र के पुराना कालागढ़ में बाघ का भय बरकरार है। हर रोज बाघ कोई न कोई घटना को अंजाम देकर जानवरों को अपना निवाला बना रहा है। इन घटनाओं को लेकर इंसानी जान को भी खतरा बना हुआ है। इसी सप्ताह की यह चौथी घटना है जब बाघ ने एक मवेशी को अपना निवाला बनाया।

रविवार की रात को पुराना कालागढ़ में बाघ एक मवेशी को मार कर सुखा स्रोत से खींचकर जंगलों में ले गया। सुखा स्रोत में लगे निशान बता रहे हैं कि बाघ उसको कुछ दूर से खींचकर लाया था। दो दिन पहले हेड़िया बस्ती में घर के आंगन से एक बछड़े को मार लाया था। जिसको कालागढ़ प्रवेश गेट के पास पीचिंग पर छोड़ कर भाग गया। वहां आस पास मौजूद लोगों के मुताबिक बाघ सुबह सुबह एक बछड़े को मुंह में दबाये ले जा रहा था, जिसको देखकर लोग भयभीत हो गये। लोगों ने जमा होकर शोरगुल कर किसी तरह से बाघ को खदेड़ा।

इसके अलावा रविवार को पंप नहर के रास्ते पर बाइक सवार के सामने भी आ गया था। घबराहट में बाइक सवार बाइक छोड़ भागे। घटना के कुछ समय के बाद बाइक लेकर गए।

उधर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व कालागढ़ के वन अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति बस्ती में खूंखार जानवरों के आवा गमन को लेकर का पुराना कालागढ़ वासियों में रोष व्याप्त है।

# किरतपुर में रंजीत सहित चार गुनाहगार गिरफ्तार

## गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किरतपुर पुलिस ने रंजीत उर्फ चीकू सहित चार गुनाहगारों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम लछीरामपुर निवासी संगीता पत्नी संजीव कुमार ने थाना किरतपुर में तहरीर दी थी कि वह रात्रि लगभग नौ बजे अपने घर के दरवाजे पर खड़ी थी। इस बीच बाइक से चीकू उर्फ रंजीत कुमार, शनि, गौरव व आर्यन पुत्रगण कामेंद्र सिंह, कामेंद्र सिंह पुत्र भगवंत सिंह एवं गोलू निवासीगण ग्राम नारायणपुर कल्हैड़ी, थाना नजीबाबाद तथा सोनम पत्नी घनश्याम निवासी ग्राम लछीरामपुर ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से सरिया व पाटल से वार किया। उनके पति संजीव को बचाने आए माता व पिता के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। किरतपुर पुलिस ने चीकू, शनि, गौरव व गोलू को गिरफ्तार कर लिया है।

## शिवाला कलां में राजवीर अरेस्ट

**बिजनौर।** शिवाला कलां पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में ग्राम आराजी भैंसा निवासी राजवीर सिंह पुत्र तन्नू सिंह को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए कई जगह दबिश दी है।

# डीआईजी ने किया निरीक्षण

## लम्बित विवेचनाओं को पूरा करने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज ने नजीबाबाद थाने का निरीक्षण करते हुए लम्बित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उप महा. निरीक्षक मुनिराज ने आज नजीबाबाद थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों की जांच करते हुए उन्हें पूरा रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला हैल्प डेक्स व साइबर हैल्प डेक्स का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि महिलाओं से संबंधित अपराधों को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने हवालात एवं राजकीय सम्पत्तियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए और थानों में आने वाले फरियादियों के साथ सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए उनकी समस्याएं सुनी जानी चाहिए।

इस मौके पर एसपी अभिषेक सहित अन्य पुलिस अधकारी मौजूद थे।

# ईद उल अजहा पर पुलिस का चैकिंग अभियान तेज

## शहर के अंदर खड़े होकर की गई चैकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ईद उल अजहा के मौके पर पुलिस ने वाहन चैकिंग अभियान तेजी के साथ चलाया। खास बात यह रही कि पूर्व में जहां पुलिस नगर के बाहर मुख्य मार्गो पर चैकिंग अभियान चलाती थी, वहीं इस बार ईद उल अजहा के मौके पर नगर के अंदर कई यातायात पुलिसकर्मियों ने एक साथ खड़े होकर चैकिंग अभियान चलाते हुए बाइक सवारों के चालान किए।

वैसे तो यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस के द्वारा लगातार चैकिंग अभियान चलाया जाता है। सिर्फ कांवड़ यात्रा एवं कुछ अन्य विशेष पर्वो पर चैकिंग अभियान नहीं चलता है। कांवड़ लेने के लिए जाने वाले युवक अपनी बाइकों के साइलेंसर भी निकाल देते है और हेलमेट भी नहीं पहनते है। जबकि उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। यातायात पुलिस के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है।

दूसरी तरफ ईद उल अजहा के मौके पर युवाओं को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने के वास्ते सख्ती के साथ वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। जनपद मुख्यालय पर नगर पालिका कार्यालय के सामने यातायात पुलिसकर्मियों ने चैकिंग अभियान चलाते हुए चालान किए। हालांकि कई लोगों ने इस पर ऐतराज करते हुए कहा कि अन्य त्यौहारों पर पुलिस ऐसा नहीं करती है और नगर के अंदर सामान खरीदने के लिए जाने के वास्ते भीषण गर्मी में कैसे हेलमेट लगाया जाना व्यवहारिक है। यह भी ऐतराज किया गया कि सभी के चालान नहीं किए जा रहे है।

# टैक्सी में चल रही खुलेआम प्राइवेट गाड़ियां

## ऐजाज अली हॉल के सामने अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वैसे तो पूरे जनपद में टैक्स चोरी कर प्राइवेट गाड़ियों को टैक्सी में चलाया जा रहा है। लेकिन जनपद मुख्यालय का हाल सबसे ज्यादा बुरा है। यहां पर डंके की चोट पर प्राइवेट गाड़ियों का व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं पुलिस की लापरवाही से जनपद में खुलेआम डग्गामारी हो रही है। प्राइवेट गाड़ियों का व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है। सबसे बुरी हालत जनपद मुख्यालय पर है। यहां पर नगर पालिका कार्यालय के समीप अवैध टैक्सी स्टैंड मौजूद है। ऐजाज अली हॉल के सामने से लेकर रोडवेज बस स्टैंड तक अवैध रूप से कारें खड़ी रहती है। जिनकी वजह से अक्सर जाम भी लग जाता है। अवैध टैक्सियों के चालक गुण्डागर्दी करते हुए सवारियों से खींचतान करते है। इनके द्वारा रोडवेज की सवारियों को भी आवाज लगाकर बुलाया जाता है। अवैध टैक्सी स्टैंड की वजह से इस मार्ग पर जाम लग जाता है। इन्होंने सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है। शहर में खरीदारी करने के लिए आने वाले परिवारों को अपनी कारें खड़ी करने के लिए सुरक्षित जगह नहीं मिलती है। वह अपनी कारें खड़ी करने के लिए परेशान रहते हैं।

दूसरी तरफ परिवहन विभाग के अधिकारी एवं पुलिस इन अवैध टैक्सियों को सीज भी नहीं करती है। परिवहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा अवैध टैक्सियों के खिलाफ कार्यवाही के झूठे दावे किए जाते है। पिछले दिनों कहा गया था कि इस तरह की कई टैक्सियों को सीज किया गया है। लेकिन आज भी यहां पर कई दर्जन अवैध टैक्सी खड़ी मिल जाएंगी।

नागरिकों का कहना है कि ऐजाज अली हॉल के सामने से रोडवेज बस स्टैण्ड तक इन अवैध टैक्सियों को न खड़ा होने दिया जाए। नागरिकों का कहना है कि इन अवैध टैक्सियों में सफर करना खतरे से खाली नहीं होता है। इनके चालक और मालिक लोगों के साथ आपत्तिजनक व्यवहार भी करते हैं।

## पालिका ने कराई नाले की सफाई

**नहटौर।** मौहल्ला धर्मशाला मे गंदगी से अटे नाले के मामले में पालिका प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को मोहल्ले में जेसीबी मशीन से सफाई अभियान प्रारंभ कराया। मोहल्ले वासियों ने राहत की सांस ली।

जिला अधिकारी ने वर्षा ऋतु शुरू होने से पूर्व नगर पालिका प्रशासन को जल भराव की समस्या से निजात पाने के लिए समस्त नालों को तली झाड़ करने के निर्देश दिए थे। साथ ही यह अभियान 15 मई से लेकर 30 मई तक चलाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में नहटौर नगर पालिका प्रशासन ने नगर के 25 वार्डो मे नालों की सफाई व जल भराव की समस्या से निजात पाने के लिए एक एजेंसी को ठेका देखकर नालो को तली झाड़ करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में एजेंसी द्वारा नगर में चलाया जा रहा सफाई अभियान मात्र औपचारिकता बनकर रह गया, जिसके सापेक्ष मे नालों की सफाई मात्र औपचारिकता बनकर रह रहा है जिसके सापेक्ष में मोहल्ला धर्मशाला, बागवान नकटा एजेंसी द्वारा की गई।

सफाई अभियान के तहत नालों की सफाई ढंग से नहीं की तथा नालों में कूड़ा पानी भरा हुआ है। तली झाड़ के नाम पर मात्र औपचारिक था करके टीम ने अपने कार्य की इतिश्री की है।

## एक नजर

### रमेश चौहान सहित 14 अरेस्ट

**बिजनौर।** जनपद में चलाए गए विशेष अभियान में विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में नगीना का रईस, नफीस, मुकुल व मलखान, नगीना देहात का अल्ताफ, अहसान, अली शेर, सुरेश, अली कम्बर, सुरेश उर्फ मस्ता व मलखान, नहटौर का धूम सिंह एवं अफजलगढ़ का घासीराम व रमेश चौहान शामिल है।

### हीमपुर दीपा में वासिफ व रहमान अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना मण्डावली के ग्राम मुजाहिदा पट्टी भागूवाला निवासी सलमान पुत्र अल्लादिया ने हीमपुर दीपा थाने में तहरीर दी थी कि दहेज की खातिर उनकी बहन सलमाना का उत्पीड़न किया गया। पति वासिफ, सास अफसाना, ससुर रहमत पुत्र इनायत, देवर आदिल एवं ननंद इल्मा निवास. ीगण ग्राम नाईपुरा ने उनकी बहन सलमाना से दहेज में पांच लाख रुपए की मांग करते हुए मारपीट की और फांसी लगाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने धारा 85, 115 (2) व 80 (2) बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधि. नियम में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने हत्यारोपी पति वासिफ एवं ससुर रहमत को गिरफ्तार कर लिया है। रहमत के विरूद्ध पूर्व से गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है।

### पुलिस कार्यालय का निरीक्षण



**बिजनौर।** मुरादाबाद परिक्षेत्र के डीआईजी मुनिराज ने आज पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखों का ठीक ढंग से रखरखाव के भी निर्देश दिए।

### राहगीरों को शरबत पिलाया

**बिजनौर।** निर्जला एकादशी के अवसर पर नई बस्ती स्थित बालाजी फिश एक्वेरियम पर आम जनमानस को गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए छबील लगाई गई। छबील में आम जनता ने शरबत का आनंद उठाया और गर्मी से कुछ राहत प्राप्त की। जनता ने छबील लगाने पर सभी की प्रशंसा की। इस अवसर पर इन्द्रराज गौड़ लोकसभा संयोजक सोशल मीडिया भाजपा, देवराज गौड़, भावना वर्मा, आकांक्षा रस्तौगी, रामेन्द्र सैनी, मयंक शर्मा, दिग्विजय सिंह, विजय राज, शिखा अरोड़ा, मानपाल सिंह, रेयांश वर्मा, नीरज खन्ना, दीप्ति, नीतू, दीपक आदि ने सेवा की।

# विश्व हिंदू महासंघ ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रवा राजपूत धर्मशाला मंडावर रोड पर विश्व हिंदू महासंघ द्वारा महंत योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव एवं सैनिकों के सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रक्तदान करने वालों में गोपाल सिंह, अंकुश राणा, अनुराग कुमार, नरेंद्र सिंह, डॉ. गौरव प्रताप सिंह, विपिन चौधरी, रवि वाल्मीकि, डेविड चौहान, देवराज सिंह, लव कुमार, सुखबीर सिंह, ऋषभ, महेंद्र कुमार आदि का मुख्य योगदान रहा। शिविर का सफल संचालन डॉ. ललित जैस्मिन खान, डॉ. सुमित, मुकेश देवी, विनोद कुमार, नरेश कुमार, विमल आदि द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व सैनिक अमित कुमार, योगेंद्र पाल सिंह, राहुल, जवान केशव सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह एवं जिला अध्यक्ष लव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में राजा भारतेंद्र सिंह, पूर्व सांसद सत्यवीर सिंह त्यागी, कुलदीप सिंह चौहान एड., कैलाश त्यागी, सत्येंद्र सिंह, अध्यक्ष रवा राजपूत धर्मशाला सविता शर्मा, प्यारेलाल जोगी, डॉ. राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह, आसाराम, जयप्रकाश सैनी, विजयपाल सिंह, राजेंद्र भुइयार, कृष्ण कुमार शर्मा, अमरदीप, मनोज जाट, ठाकुर बलवंत सिंह, राजवीर सिंह गुर्जर, लाल सिंह कश्यप, सुखबीर सिंह, कावेंद्र तोमर, छवि कौशल, मीनाक्षी सिंह, उर्मिला, भावना, आदेश, राजीव चौहान आदि का विशेष योगदान रहा।

## नजीबाबाद में श्री जगन्नाथ रथयात्रा 14 को

**नजीबाबाद।** श्री हरि संकीर्तन मण्डल की ओर से 14 जून को सायं 4 बजे रेलवे स्टेशन शिव मंदिर पर रथ यात्रा पूजा आरती के बाद साढ़े चार बजे रथयात्रा का शुभारंभ होगा। विश्राम आरती श्री जगन्नाथ टीला मंदिर व भण्डारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह जानकारी संजीव अग्रवाल ने देते हुए बताया कि रथ यात्रा के मुख्य आकर्षण हाथ से खींचने वाला रथ, हरिद्वार इस्कॉन द्वारा संकीर्तन, चैतन्य महाप्रभु की पालकी, इत्र वर्षा, विदेशी भक्तों द्वारा हरि नाम संकीर्तन, पंजाब के भक्तों द्वारा सुन्दर रंगोलियां वृंदावन व दिल्ली इस्कॉन द्वारा हरि नाम संकीर्तन, नासिक ढोल होगा।

# आसपा का किसान मोर्चा भाईचारा सम्मेलन

## मुस्लिमों को सपा ने वोट के लिए इस्तेमाल किया: खुर्शीद मंसूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) बिजनौर द्वारा कोतवाली मार्ग स्थित ग्राम श्रवणपुर स्थित सत्यापति गार्डन में भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आजाद समाज पार्टी के कोर कमेटी सदस्य व प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश सत्यपाल चौधरी का स्वागत किया गया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम में पहुंचे पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि मुस्लिमों को केवल सपा ने वोट के लिए इस्तेमाल किया है। सरकार बनने के बाद हमेशा मुस्लिमों की अनदेखी की गई। सरकार ने एयर इंडिया, हिंदुस्तान जिंक आदि संस्थाओं को प्राइवेट कर दिया, जिससे युवाओं को मिलने वाली लाखों नौकरियां छिन गईं, रेलवे में लाखों पद खाली हैं, डिफेंस में 50 प्रतिशत नौकरियां कम हुई। एनईपी 2020 के जरिए शिक्षा को प्राइवेट हाथों में सौंपा जा रहा है, जिससे गरीब बच्चों की पढ़ाई मुश्किल हो रही है।

कार्यक्रम आयोजक विपिन सिंह व जिला संयोजक भाईचारा कमेटी सुनील चौधरी ने भी अपने विचार रखे।

इस मौके पर भीमसेन हल्दिया, प्रशांत महासागर, फहीम अंसारी एड., जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार, एसके हल्दिया, साबू प्रधान, हरप्रीत सिंधु, अशोक कुमार, रजत कुमार, मौहम्मद अच्छन राईन आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मंदबुद्धि युवक का शव मिलने से सनसनी

## पुलिस ने शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुंदकी।** थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम अब्दलपुर के जंगल में एक मंदबुद्धि युवक का शव पड़ा होने से सनसनी फैल गई। खेत स्वामी सुबह होने पर जब खेत पर गया, तो शव को देखकर उसके होश उड़ गए। घटना की सूचना कृषक ने ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर थाना नगीना देहात पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और व शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम ब्राह्मण वाला के निकट ग्राम नौआबाद शेखपुरा उर्फ अब्दलपुर निवासी एक 23 वर्षीय युवक दिमाग से मंदबुद्धि था। वह इधर-उधर भटकता रहता था। घर से भी गायब रहता था। परिवारजनों का कहना है कि 15 वर्षों से उसे दौरे पढ़ते थे। जिस कारण वह अपनी सुद्ध में नहीं रहता था। आज उसका शव ग्राम अब्दुलपुर के जंगल में सरदार बग्गा सिंह के खेत में पड़ा मिला। सुबह होने पर कृषक जब अपने खेत पर गया, तो शव को देखकर उसके होश उड़ गए। उसने घटना की सूचना अपने ग्राम प्रधान चंद्रवीर सिंह को दी। चंद्रवीर सिंह ने घटना की सूचना थाना नगीना देहात पुलिस को दी। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव का बारीकी से निरीक्षण किया। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार का कोई निशान न मिलने के कारण पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के घर में उसके तीन भाई और मां है। परिजनों का कहना था कि उसको 15 वर्षों से दौरे पढ़ते थे। वह अपनी सुद्ध में नहीं था। पुलिस जब शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने लगी, तो परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इंकार करते हुए पुलिस की मन्नतें की। लेकिन कानून का हवाला देते हुए पुलिस ने मृतक शिवकुमार पुत्र जयराम निवासी ग्राम अब्दुलपुर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम प्रधान चंद्रवीर सिंह ने भी ग्रामीणों के साथ प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात की और बताया शिवकुमार मंदबुद्धि युवक था। मृतक शिवकुमार अपने घर पर भी नहीं जाता था। लेकिन पुलिस ने कानून का हवाला देते हुए मृतक के शव को सील कर पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के विषय में कुछ आगे बताया जाएगा। घटना की बारीकी से जांच की जा रही है।

# घर में घुसकर गुलदार ने बछड़े को बनाया शिकार

## गांव में दहशत का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र के एक ग्रामीण इलाके में उस समय हड़कंप मच गया। जब एक गुलदार ने घर के अंदर बंधे बछड़े को अपना शिकार बना लिया। यह घटना देर रात की बताई जा रही है।

ग्राम पट्टी में छुटन सिंह के घर के अंदर एक बछड़ा बंधा हुआ था। रात के अंधेरे में गुलदार खेतों की ओर से आता हुआ सीधे घर के पास पहुंचा और बछड़े पर हमला कर दिया। हमले की आवाज सुनकर ग्रामीण जागे और मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक गुलदार बछड़े को मारकर खेतों की ओर ले जा चुका था।

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। वन अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में गुलदार की मौजूदगी की पहले भी सूचनाएं मिलती रही हैं और अब लगातार नजर रखी जा रही है।

ग्रामीणों में इस घटना के बाद भय का माहौल है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि गुलदार को जल्द से जल्द पकड़ा जाए ताकि ग्रामीणों और उनके पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# तहसील में समाधान दिवस का आयोजन

## ईद उल अजहा की छुट्टी के कारण सोमवार को हुई जनसुनवाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील परिसर में आज एडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर दो बजे तक चला। प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे शनिवार को तहस. ीलों में समाधान दिवस आयोजित किया जाता है। जून माह के पहले शनिवार को बकरीद का सार्वजनिक अवकाश था। अगले दिन रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के कारण सोमवार को इसका आयोजन किया गया।

एडीएम अंशिका दीक्षित ने बताया कि शासनादेश के अनुसार यदि पहले शनिवार को अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस पर समाधान दिवस आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार सूचना के अभाव में लोग समाधान दिवस में नहीं पहुंच पाते हैं। इसलिए तहसील क्षेत्र के सभी नागरिकों को इसकी जानकारी मिलना जरूरी है। इस दौरान सभी प्रकार की जन समस्याओं का निवारण किया गया। तहसील समाधान दिवस में कुल 17 शिकायतें दर्ज की गईं। मामलों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। एडीएम ने सभी विभागों को समयानुसार रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों को न्यायोचित कार्य करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में एडीएम अंशिका दीक्षित, उपजिलाधिकारी आशुतोष जायसवाल, तहसीलदार आशीष सक्सेना सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत गोष्ठी

## कृषि विभाग में चल रही योजनाओं की जानकारी दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम दो द्वारा सोमवार को क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर धारा, छजमलवाला और केहरीपुर जंगल में किसान गोष्ठियों का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के तकनीकी अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आयोजित गोष्ठियों में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को कृषि विभाग में चल रही समस्त योजनाओं विशेषकर प्राकृतिक खेती, पीएम किसान सम्मान निधिवन योजना, सोलर पंप, यंत्रीकरण, फार्मर रजिस्ट्री तथा फसल बीमा के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना की प्रभारी डॉ. शकुंतला गुप्ता द्वारा मशरूम की खेती एवं स्वयं सहायता समूह के बारे में जानकारी दी गई। जबकि डॉ. अजयवीर सिरोही कृषि वैज्ञानिक द्वारा पशुपालन, पोषण व स्वच्छता एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. पिंटू कुमार द्वारा खरीफ सीजन में बोई जाने वाली फसलों के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र नगीना की प्रभारी डॉ. शकुंतला गुप्ता, कृषि वैज्ञानिक डॉ. पिंटू कुमार, कृषि वैज्ञानिक (आईसीएआर) डॉ. अजयवीर सिरोही आदि अधिकारी और किसान मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि विक. सित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत 29 मई से 12 जून, 25 तक जिलाधिकारी द्वारा गठित कृषि वैज्ञानिकों की तीन टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न गावों में गोष्ठियों का आयोजन कर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारियां दी जा रही हैं।

# पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

## दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों पक्षों के लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना रविवार देर रात हुई, जब नईम अली और जहीर आलम पक्ष के बीच पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू हुई और देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

बताया जाता है थाना क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर में दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी, जो ईद उल फितर के दौरान बच्चों के विवाद के बाद और बढ़ गई थी। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बच्चों में ईद उल फितर के दिन विवाद हुआ था, जो बाद में बड़ों तक जा पहुंचा था। लेकिन उस समय मामला रफा-दफा कर दिया गया था। रविवार देर रात एक दूसरे पर छीटाकशी को लेकर दोनों पक्ष फिर से भिड़ गए और लाठी-डंडों से प्रहार किया। जहीर आलम पक्ष से जहीर आलम, शरीफ, फरीद और गुलफाम घायल हुए, जबकि नईम अली पक्ष से कादिर और उनका भतीजा सोजाब घायल हुए। सभी घायलों का धामपुर सीएचसी में इलाज कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार और मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा।

दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी गई है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के एक एजेन्ट द्वारा विदेश भेजने के नाम पर मुरादाबाद निवासी एक युवक से ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। युवक ने आरोप लगाया कि पासपोर्ट और पैसा लेने के बाद व वीजा न देकर रुपए हड़प लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मोसिन पुत्र शौकीन निवासी मौहम्मदपुर रस्तौर, जनपद मुरादाबाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाना अफजलगढ़ के गांव मीरापुर मोदीवाला निवासी शाहिद अहमद एजेन्ट लगभग आठ माह पूर्व उसके घर आया। उसने बताया कि वह विदेश भेजने का कार्य करता है। उसके पास अच्छी-अच्छी कंपनी की वीजा है। आपको जल्द से जल्द विदेश (गल्फ देशों) में भेज दूंगा। एजेन्ट ने अपनी चिकनी चुपड़ी बातों लेकर पीड़ित से बीस हजार रुपए अपने मोबाइल में और तीस हजार रुपए नकद सहित पासपोर्ट लेकर आ गया। जब समय ज्यादा बीत गया, तो पीड़ित ने अपनी वीजा के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया, तो एजेंट ने उसका फोन उठाना तक गंवार नहीं समझा और कभी फोन उठा भी लिया, तो उसके साथ गाली-गलौच की और धमकी दी मेरे घर आया तो, तुझे छोड़ूंगा नहीं।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर कबूतरबाज ठगों का काफी दबदबा है। सीधे-साधे लोगों को विदेश भेजने के नाम पर व वीजा आने से पहले ही हजारों रुपए ऐंठ लेते हैं। कबूतरबाज इतने चतुर होते हैं कि मेडिकल व मुफा (एप्लीकेशन वीजा) नाम पर एडवांस के नाम पर हजारों रुपए ले लेते हैं। किसी व्यक्ति का समय पर काम नहीं होता, तो वह अपना पासपोर्ट व रकम वापस लेने कोशिश करता है, तो एजेंट नये-नये बहाने कर टरकाता रहता हैं। पीड़ित यदि कानून का सहारा लेता है, तो एजेंट लेनदेन कर मामला रफा-दफा कर देते हैं। उनके ऊपर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होती है। नगर के कुछ एजेंट भी महेंगे शौक की पूर्ति के लिए ठगी का रास्ता अख्तियार किए हुए हैं। उक्त ठगों के कारण ईमानदारी से काम करने वाले एजेंट भी बदनाम है।

# विद्युत निगम के विरुद्ध नारेबाजी

## बच्चों और बीमार लोगों का जीना मुहाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक ओर उमस भरी गर्मी दूसरी ओर बिजली की अघोषित कटौती से परेशान लोगों के सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने विद्युत निगम के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

बतादें कि लगभग एक सप्ताह से विद्युत निगम द्वारा बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है, जिससे लोगों को विशेषकर बच्चों और बीमार लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बिजली नहीं होने से पेयजल का संकट भी खड़ा हो गया है। लोगों का कहना है कि कभी-कभी तो पूरी रात बिजली नहीं आती है। पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमराई हुई है। आरोप है कि सम्बंधित अधिकारी फोन तक रिसीव करना गंवारा नहीं समझते। उधर बिजली की आपूर्ति सुचारू नहीं होने से पेयजल संकट भी खड़ा हो गया है। नगर पालिका द्वारा पानी की आपूर्ति नहीं होने से तथा अधिकतर इंडिया मार्का नलों के खराब पड़े होने से लोगों के सामने पानी की भी समस्या खड़ी हो गई है। जिससे आक्रोशित लोगों ने विद्युत निगम के विरुद्ध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में मौहम्मद चांद, मौहम्मद शकील, सुलेमान, सलमान, शफीक, नौमान, मुजाहिद, मौहम्मद कासिम, नसीम, आलोक, मौहम्मद शमी, अयाज आदि मौजूद रहे। इस सम्बंध में जेई अक्षय कुमार ने बताया कि बड़ी लाइन में फाल्ट के कारण तकनीकी समस्या उत्पन्न हो गई थी। जिसे ठीक कर दिया गया है। शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।

## सीओ ने चिन्हित अभियोगों की समीक्षा की

**नजीबाबाद।** पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप द्वारा तहसील स्थित अपने कार्यालय पर सर्किल नजीबाबाद के थानों पर नियुक्त कोर्ट पैरोकारों के साथ पेशी कार्यालय नजीबाबाद पर पैरवी हेतु चिन्हित अभियोगों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जैन मिलन की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर हुआ विचार

**बिजनौर।** भारतीय जैन मिलन की बिजनौर शाखा की एक बैठक नई बस्ती स्थित जैन धर्मशाला के सभागार में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल जैन एड. की अध्यक्षता व नितिन जैन के संचालन में हुई।

महावीर प्रार्थना से प्रारंभ हुई बैठक में गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि के उपरांत प्रदीप कुमार जैन ने बढ़ापुर के निकट स्थित जैन तीर्थ क्षेत्र काशीवाला में आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था में सुधार संबंधी विवरण की जानकारी देने के साथ जैन मिलन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में इंजी. ब्रजेश कुमार जैन, दीपराज जैन एड., संजय जैन, इंजी. आर.के. जैन, अशोक कुमार जैन (हुक्का बिजनौरी) आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुकुल जैन रिलायंस वालों की ओर से हुई बैठक में धार्मिक एवं रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। अंत में जून माह में जन्म लेने वाले सदस्यों के साथ ही समयबद्ध पुरस्कार, लकी ड्रा व वर्ष में सर्वाधिक उपस्थिति वाले सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं सहित डॉ. एससी जैन, नवीन जैन, अजय जैन, रजत जैन, रमेशचंद जैन, सुनील जैन, अशोक कुमार जैन भट्टे वाले, राजीव कुमार जैन लोहे वाले आदि उपस्थित रहे।

# नगीना में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

## पहले दिन निकाली गई कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागीना।** नगर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश पूजन के बाद यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ नगर के मुख्य मार्ग से होकर निकली। स्थानीय महिलाओं ने घट स्थापना की और लोगों ने फूल मालाओं से यात्रा का स्वागत किया।

प्रयागराज से आए प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य उमेश दुबे महाराज ने भागवत पुराण को मुक्ति ग्रंथ बताया। उन्होंने कहा कि यह वेद शास्त्रों का मुकुट है। पितरों की शांति के लिए भागवत कथा का आयोजन करना चाहिए। यह मन का शुद्धिकरण करती है और संशय दूर करती है।

उमेश दुबे महाराज ने मनुष्य जीवन की दुर्लभता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अनंत योनियों में भटकने के बाद मिला मनुष्य जन्म भगवान का वरदान है। इसका उपयोग प्रभु भक्ति में करना चाहिए। कथा व्यास आचार्य उमेश दुबे महाराज ने श्रद्धालुओं से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जनकल्याण लिए सुनाई जाती है। इसका स्मरण करना हर मानव के लिए अनिवार्य है।

सोमवार की सुबह दस बजे दर्जनों श्रद्धालु महिलाएं मंडी मोलगंज स्थित श्री लो. केश्वर नाथ मंदिर के पास मैदान में एकत्र हुई। जहां से श्रीमद् भागवत कथा के संयोजक पंडित अजय तिवारी के नेतृत्व में कलश यात्रा शुभारंभ हुई। कलश यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ मुख्य मार्ग, पालिका बाजार तहसील गेट से होते हुए स्टेशन रोड स्थित गांधी प्रतिमा के निकट सिंचाई विभाग की नलकूप कालोनी स्थित अधिकारी आवास परिसर में आयोजित कथा स्थल पहुंची। जहां कथा व्यास उमेश दुबे महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

शाम के समय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कथा व्यास आचार्य उमेश दुबे महाराज ने मंत्रोपचार के साथ किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मानव कल्याण और राष्ट्र की खुशहाली के लिए सुनाई जाती है।

इस मौके पर पंडित अजय तिवारी, देवेंद्र कुमार शर्मा, पवन कुमार चौधरी, डोली शर्मा, बीना देवी, सीमा देवी, आशा रानी, कुमकुम रानी, करण शर्मा, अनिल टंडन, संजय अग्रवाल, रोहित गुप्ता, मोहित गुप्ता, संजीव गुप्ता, मोहित ठाकुर, बबलू मिगलानी, रामबहार जोशी, गर्वित मल्होत्रा, वैभव टंडन, समेत सैकड़ों श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर चली पालिका की जेसीबी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर पालिका परिषद कार्यालय के पास स्थित सिटी प्लाजा कॉलोनी के कॉलोनाइजर द्वारा सरक. ारी भूमि पर अवैध रूप से फर्श बिछाकर किए गए अतिक्रमण को संबंधित अधिकारियों ने जेसीबी द्वारा कब्जा मुक्त कराया।

नगर पालिका परिषद कार्यालय के पास सिटी प्लाजा कॉलोनी के कॉलोनाइजर द्वारा हाईवे किनारे 29 फीट चौड़ी और 700 फीट लंबी नेशनल हाईवे किनारे जमीन पर सीमेंट के ब्लाक बिछाकर कब्जा कर लिया गया था। जिस पर तत्कालीन जिला अधिकारी उमेश मिश्रा ने लगभग तीन साल पूर्व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व राजस्व विभाग को उक्त भूमि से तत्काल अवैध कब्जा हटाए जाने के आदेश दिए थे। जिला अधिकारी के आदेश पर उक्त भूमि को उसी दिन कब्जा मुक्त कराकर सरकार के कब्जे में ले लिया गया था। अब फिर कॉलोनाइजरों द्वारा उक्त भूमि पर सीमेंट के ब्लॉक बिछाकर कब्जा कर लिया गया था। अनेक लोगों द्वारा शिकायत मिलने व समाचार पत्रों में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित होने पर नेशनल हाईवे के साइड इंजीनियर आशीष शर्मा, नायब तहसीलदार अतुल भगत, कानून गो सुरेश चंद्र व नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता, बड़े बाबू हसन मुस्तफा व पुलिस प्रशासन सोमवार की दोपहर मौके पर पहुंच और अवैध रूप से कब्जा किए गए अतिक्रमण को जेसीबी द्वारा ध्वस्त करा दिया गया है।

# युवक पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला, मोबाइल लूटा

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर के मुअज्जमपुर टेम्पु स्टैंड पर एक युवक पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला कर मोबाइल लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसे घेरकर न केवल मारपीट की बल्कि उसकी जान लेने की भी कोशिश की। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को एक प्रार्थना पत्र दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मुअज्जमपुर रायपुर निवासी मोहम्मद इस्माइल पुत्र मुन्नू मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। सोमवार को वह अपनी बहन के घर किरतपुर जा रहा था। जैसे ही वह किरतपुर में मुअज्जमपुर टेम्पू स्टैंड के पास पहुंचा तो लगभग दोपहर 1 बजे के आसपास पहले से घात लगाए बैठे अल्ताफ अंसारी, अब्दुल अंसारी, समीर अंसारी सहित चार पांच लोगों ने उसे घेर लिया।



पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। टैम्पू अड्डे पर मौजूद कुछ लोगों ने उसे बड़ी मुश्किल से बचाया। लेकिन इसी बीच हमलावर उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की मंशा से घेरा था। पीड़ित ने संबंधित थाना प्रभारी से इस घटना की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मालूम हो कि मारपीट की घटना वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरो. पियों को जल्द ही हिरासत में ले लिया जाएगा।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गोष्ठियां

## प्राकृतिक खेती के विषय में दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उप कृषि निदेशक बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया कि 'विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025' के अन्तर्गत आज विकास खण्ड नूरपुर के 09 ग्राम रामौरूपपुर, शिवाला कला, लोदीपुर मिलक, किरतपुर, धूधली, मझौला गुर्जर, नायक नंगला, बननौला एवं अहीरपुरा में जिलाधिकारी द्वारा गठित तीनों टीमों (केवीके नगीना के वैज्ञानिक, आईसीएआर दिल्ली के वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारी) द्वारा गोष्ठियों का आयोजन किया गया।





विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के अन्तर्गत आयोजित गोष्ठियों में टीम 3 द्वारा विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम नायक नगला, बमनौला एवं अहीरपुरा में गिरीश चन्द्र उप कृषि निदेशक बिजनौर, डा. प्रतिमा गुप्ता, डा. भूपेन्द्र कुमार, डा. रविन्द्र कुमार कृषि वैज्ञानिक (आईसीएआर), टीम-1 द्वारा विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम रामौरूपपुर, शिवाला कला एवं लोदीपुर मिलक में डा. शिवांगी कृषि वैज्ञानिक, डा. के.के.सिंह कृषि वैज्ञानिक एवं डा. सिद्धार्थ साहा कृषि वैज्ञानिक (आईसीएआर) टीम-2 द्वारा विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम किरतपुर, धूधली व मझौला गुर्जर में डा. शकुन्तला गुप्ता प्रभारी केवीके. डा. पिन्टू कुमार, कृषि वैज्ञानिक एवं डा. प्रमोद सिंह कृषि वैज्ञानिक (आईसीएआर) एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

गिरीश चन्द्र उप कृषि निदेशक द्वारा ग्राम बमनौला में आयोजित गोष्ठी में कृषि विभाग में चल रही समस्त योजनाओं विशेषकर प्राकृतिक खेती, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के विषय में बताया गया। साथ ही सोलर पम्प, यन्त्रीकरण, फार्मर रजिस्ट्री तथा फसल बीमा के विषय में भी जानकारी दी गयी। डा. भूपेन्द्र कुमार कृषि वैज्ञानिक ने धान की डीएसआर पद्धति के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। डा. रविन्द्र कुमार, कृषि वैज्ञानिक (आईसीएआर) द्वारा कृषकों को पशुपालन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। डा. प्रतिमा गुप्ता कृषि वैज्ञानिक द्वारा किसानों को खरीफ सीजन में लगने वाली सब्जियों एवं उनमें लगने वाले रोगों तथा रोगों के निदान के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। डा. शकुन्तला गुप्ता, प्रभारी केवीके नगीना द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को मशरूम की खेती एवं स्वयं सहायता समूह के बारे में जानकारी दी गयी। डा. प्रमोद कुमार, कृषि वैज्ञानिक (आईसीएआर) द्वारा पशुपालन पोषण व स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गयी। डा. पिन्टू कुमार, कृषि वैज्ञानिक द्वारा खरीफ सीजन में बोई जाने वाली फसलों के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

डा. केके सिंह कृषि वैज्ञानिक द्वारा ग्राम रामौरूपपुर, शिवाला कला एवं लोदीपुर मिलक में किसानों को खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान की नई-नई प्रजातियों एवं धान में लगने वाले रोगों की रोकथाम के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। साथ ही हरी खाद के महत्व के विषय में भी विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध करायी गयी। डा. शिवांगी द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को मृदा की जांच क्यों आवश्यक है? तथा मृदा की जांच के परिणामों के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी गयी।

डा. सिद्धार्थ साहा कृषि वैज्ञानिक (आईसीएआर) द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को पशुपालन के विषय में नवीनतम जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

# तीन दिवसीय चिंतन शिविर शुरू

## शिविर की सभी तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का तीन दिवसीय चिंतन शिविर हरिद्वार में आज से शुरू हो रहा है। किरतपुर कमेटी ने चिंतन शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

चिंतन शिविर में युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुखविंदर सिंह गोल्डी, ब्लाक महासचिव भोपाल सिंह राठी सहित राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। गर्मियों में हरिद्वार और सर्दियों में प्रयागराज में हर साल चिंतन शिविर का आयोजन किया जाता है। यह जानकारी ब्लॉक उपाध्यक्ष गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू ने दी।



## हनी बॉक्स व टूल किट्स के लिए करें आवेदन

**बिजनौर।** उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा उत्पाद विकास मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना (हनी मिशन) अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में हनी बॉक्स एवं सम्बंधित टूल किट्स का नि:शुल्क वितरण कराये जाने हेतु अनुसूचित वर्ग के लाभार्थियों के लिये 20 मॉडल हनी बॉक्स का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 25 जून तक आवेदन पत्र प्राप्त किये गये थे। परन्तु लक्ष्य के अनुरूप आवेदन पत्र प्राप्त न होने के कारण, पुन: 16 जून तक ऑनलाईन आवेदन हेतु बढायी जाती है। इच्छुक अभ्यर्थी पंजीकरण हेतु ऑनलाईन वेवसाईट upkvib.gov.in की ऑनलाईन सेवाओं के अन्तर्गत 'ऑनलाईन टूल किट् पंजीकरण एवं आवंटन' के नाम से अपलोड किया गया है।

# छात्राओं को बुके बनाना सिखाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज मे आयोजित समर कैंप के 20 वे दिन में छात्राओं को प्रधानाचार्य रेखा देवी के कुशल निर्देशन में योगा अभ्यास के उपरांत शिक्षिका विनीता रानी के द्वारा छात्राओं को बुके बनाना सिखाया गया।

समर कैंप में छात्राओं द्वारा समूह गान लोक नृत्य एवं लोक गायन का प्रस्तुतीकरण एवं अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर शलभ अग्रवाल, लाला नरेंद्र अग्रवाल, अजय महेश्व. री, प्रधानाचार्या रेखा देवी, विनोद शर्मा तथा कुमारी अंजलि, गीतम सिंह, लाल सिंह आदि का सहयोग रहा।

# भाकियू जिला महासचिव सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## निष्पक्ष जांच के लिए भाकियू ने दिया था थाने पर धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गांव जालपुर में खेत पर पानी की नाली को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में पुलिस ने एक पक्ष की ओर से भाकियू (टिकैत) जिला महासचिव सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में भाकियू ने एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए नांगल थाने पर धरना दिया था।

हाल ही में बुधवार को गांव जालपुर में भाकियू जिला महासचिव नरदेव सिंह और देवराज सिंह पक्ष के बीच खेत पर पानी की नाली को लेकर मारपीट हो गई थी, जिसमें देवराज व उसका पुत्र घायल हो गया था। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा था। देवराज का आरोप था कि आरोपी उसे और उसके पुत्र महेश पाल को गांव में घसीटते हुए अपने घर ले गए और बंद कर उनके साथ मारपीट की।

देवराज की तहरीर पर पुलिस ने भाकियू जिला महासचिव नरदेव सिंह, कामेद्र सिंह, मयंक, औकेंद्र, के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बृहस्पतिवार को भाकियू कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर जिला महासचिव पक्ष के खिलाफ एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए थाने पर धरना प्रदर्शन किया था, जिस पर सीओ ने धरनारत किसानों को निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

## शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक

**बिजनौर।** उ.प्र. माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला कौशल विकास योजना के अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु जनपद को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 अभ्यर्थियों को 15 दिवसीय शिल्पकारी आवासीय प्रशिक्षण दिये जाने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रशिक्षण अवधि में शिल्पकारियों को प्रशिक्षुवृत्ति भी प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को प्रदान की जायेगी। माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण में रूचि रखने वाले अभ्यर्थियों हेतु आवेदन के लिये upmatikalaboard.in पर ऑनलाईन आवेदन 30 जून तक किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बिजनौर से सम्पर्क कर सकते हैं।

# भाकियू कार्यकर्ता धामपुर से रवाना

## किसानों की समस्याओं पर होगा मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** देशभर के किसानों की समस्याओं के समाधान की रणनीति तय करने के लिए भारतीय किसान यूनियन (राजनीतिक) द्वारा हरिद्वार में आयोजित तीन दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए धामपुर से कार्यकर्ताओं का जत्था सोमवार को रवाना हुआ।

ब्लॉक अध्यक्ष अजय चौहान के नेतृत्व में चार ट्रैक्टर-ट्रालियों में सवार होकर किसान कार्यकर्ता दोपहर करीब 3 बजे धामपुर से हरिद्वार के लिए रवाना हुए। इस चिंतन शिविर का आयोजन 9, 10 व 11 जून को हरिद्वार के वीआईपी घाट क्षेत्र में किया गया है। शिविर में उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के किसान नेता और संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे।





कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश चौहान, युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी किसानों की समस्याओं जैसे- न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, महंगाई, खेती के बढ़ते खर्च, कर्जमाफी, और सिंचाई की सुविधाओं जैसे मुद्दों पर मंथन करेंगे।

धामपुर से रवाना हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह शिविर किसान आंदोलन की भावी रणनीति तय करने और संगठन को और मजबूती देने का काम करेगा। किसानों में इस शिविर को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

## पॉपकोर्न मेकिंग मशीन के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**बिजनौर।** उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी के समाधान करने हेतु खादी नीति के अन्तर्गत, मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पत्र संख्या 139-231 दिनांक 28.04. 2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जनपद को दस पॉपकोर्न मेकिंग मशीन नि:शुल्क वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे, परन्तु पोर्टल पर लक्ष्य के अनुरूप आवेदन पत्र प्राप्त न होने के कारण विभाग द्वारा पुन: 16.06.2025 तक भुर्जी समाज के आवेदक आवश्यक प्रपत्रों के साथ विभागीय वेवसाईट upkvib.gov.in की ऑनलाईन सेवाओं के अन्तर्गत 'ऑनलाईन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन' में आवेदन कर सकते हैं।

# पौधारोपण कर पर्यावरण रक्षा का दिया संदेश

## जागरूक समाजसेवी पर्यावरण की रक्षा के लिए कर रहे प्रेरित

**मनव्वर अंसारी**

**सहसपुर।** जागरूक नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया।

स्थानीय मौहल्ला मौलवियान निवासी सभासद समाजसेवी जफरउद्दीन अजमी मेंबर ने पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

वहीं दूसरी ओर सभासद समाजसेवी मौहम्मद अहमद उर्फ शानू शेख मेंबर ने अपने आवास पर छायादार वृक्ष लगाकर पेड़ पौधे लगाने का जोर दिया।

मौहल्ला चौधरियान वार्ड नंबर सात के सभासद व नगर पंचायत सहसपुर अध्यक्ष पद के भावी उम्मीदवार मोईद अहमद ने पर्यावरण पर जोर देते हुए बताया कि वह पिछले 21 दिनों से नि:स्वार्थ भाव से वृक्षारा. पण कर रहे हैं और उन्होंने अब तक विभिन्न प्रकार के दर्जनों से अधिक पेड़ों का वृक्षारोपण कर दिया है। सभासद मोईद ने आगे कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से प्राकृतिक और मानव जीवन खतरे में है। ऐसे में सभासद समाजसेवी मोईद ने जनता से वृक्षारोपण की अपील की है। वहीं दूसरी ओर सहसपुर निवासी अध्यापिका मोनिका सिंह ने पर्यावरण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेड़ पौधों से हमारे जीवन के लिए ताजा ऑक्सीजन मिलती है। जिससे हमारा शरीर स्वस्थ और तंदुरुस्त रहता है।



वहीं दूसरी ओर अलीगढ़ हेल्थ केयर सेंटर के डायरेक्टर डॉ. मेराजुद्दीन अंसारी ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने आवास में अपने परिसर में दर्जनों पेड़ पौधे लगाए। डॉ. मेराजुद्दीन अंसारी ने बताया कि जिन घरों में टाइल्स या पत्थर आंगन में निर्मित है। वह भी अपने घरों में प्लास्टिक या सीमेंट से निर्मित गमले में पेड़ पौधे लगा सकते हैं। जिससे कि पर्यावरण को बचाया जा सकता है।

सहसपुर नगर के व्यापार मंडल के अध्यक्ष वकील अहमद ने पर्यावरण संरक्षक जागरूकता अभियान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेड़ पौधे से हमारे जीवन के लिए ताजा हवा मिलती है। जिससे हमारा शरीर स्वस्थ निरोगी एवं तंदुरुस्त रहता है। वातावरण की जरूरत इंसान से लेकर धरती पर रहने वाले हर जानवर हर परिंदे को होती है। इसलिए हमें मानवता को ध्यान में रखते हुए अपनी जिंदगी में एवं महत्वपूर्ण जीवन में पौधा हमेशा लगाना चाहिए जिससे आने वाले समय में हमें शुद्ध वातावरण मिल सके।

मौहल्ला नई सराय निवासी वार्ड नंबर नौ की सभासद शबीना परवीन पत्नी व समाजसेवी सरफराज अहमद ने अपने वार्ड वासियों को पेड़ - पौधे लगाने का जोर दिया। आगे सभासद पति सरफराज अहमद ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित है, तो जीवन है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझते हुए एक वृक्ष सभी साथी अवश्य लगाये और इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने में हिस्सेदार बने। एच एम गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक आफताब आलम ने स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। विश्व पर्यावरण दिवस को मनाया।

जम जम टूर एंड ट्रेवल्स के डायरेक्टर सैफुर्रहमान अंसारी समाजसेवी निवासी मौहल्ला मुगलपुरा ने अपने प्लांट पर फलदार व छायादार वृक्षारोपण किया।

## खनन सामग्री से भरे दो डम्परों का ऑन लाइन चालान

**नजीबाबाद।** जिले में अवैध खनन की घुसपैठ रोकने के लिए खनन विभाग गंभीर नजर आ रहा है। उत्तराखंड से यूपी आने वाले खनन वाहनों को नियमित रूप से चेकिंग करने के लिए खनन विभाग के अधिकारी दोनों राज्यों की सीमा पर डेरा डाले रहे। इस दौरान खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहन सड़कों से गायब नजर आए। खनन निरीक्षक ने रास्ते में खड़े हुए खनन सामग्री से भरे दो वाहनों का ऑनलाइन चालान करते हुए भारी जुर्माना किया है। रविवार को अवैध खनन की सूचना पर चेकिंग पर निकले बिजनौर खनन निरीक्षक सुनील कुमार मौर्य ने उत्तराखंड के कोटद्वार से आने वाले खनन सामग्री से भरे वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान खनन निरीक्षक ने नजीबाबाद से कोटद्वार जाते हुए रास्ते में ग्राम चंदनपुरा के पास खनन सामग्री से भरे दो दो डंपरों को सड़क किनारे खड़े हुए देखकर काफी देर तक उनके चाल. कों को तलाश किया। लेकिन वाहनों के चालक नहीं मिल पाए तो खनन निरीक्षक ने दोनों वाहनों पर ऑनलाइन चालान की कार्रवाई की।

## भीषण गर्मी में बिजली संकट से लोग पसीना-पसीना

**नजीबाबाद।** भीषण गर्मी के साथ ईद उल अजहा के त्यौहार के बीच नगर में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। देर रात एक घंटे में एक या दो बार नहीं बल्कि 45 बार बिजली आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। जिससे गर्मी में लोग पसीना-पसीना हो गए। ईद के मौके पर बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हो उठे। भीषण गर्मी में जहां बिजली के कम वोल्टेज की समस्या बनी है। वहीं बिजली के बार-बार आने व जाने से कुछ लोग अपने घरों में लाइट चेंज करने के लिए मैनुअल वाले चेंजओवरों को बदलने में लगे रहे। जिससे उनकी हालत खराब हो गई। वोल्टेज कभी कम व कभी ज्यादा होने से लोगों के विद्युत उपकरण भी खराब होने लगे। शहरवासियों का कहना है कि बिजली विभाग गर्मी के मौसम में हर बार कहता है कि तार बदल दिए गए है, अब लाइट नहीं जाएगी। वोल्टेज भी ठीक आएंगे। मगर बीती रात 12.30 बजे से 1.30 बजे तक एक बार नहीं बल्कि 45 बार बिजली आने जाने का सिलसिला चलता रहा। नगर के मौहल्ला जाब्तागंज में बारातघर के पास बिजली के केबल में फाल्ट आने से 15 घंटे के लिए बिजली ठप हो गई, जिससे मौहल्लेवासी सड़कों पर आ गए। इसके बाद मौहल्लावासियों ने इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों से की।






सम्भल- कोल्ड स्टोरेज में सदभावना मंच के सूफी संत सम्मेलन को सम्बोधित करते डा. इंद्रेश एवं सम्मेलन के दौरान जुटी भीड़। शाह टाइम्स

# सम्भल से दंगों का नहीं जाएगा मौहब्बत का पैगाम

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय सद्भावना मंच की पर से सूफी संत सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सर्व धार्म समाज के लोगों ने एक मंच पर आकर आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द पर बल दिया।

सोमवार को भारतीय सद्भावना मंच की ओर से सिरसी रेलवे क्रासिंग स्थित कोल्ड स्टोर में सम्भल नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के संयोजक हाजी नुसरत इलाही की अध्यक्षता में सूफी संत सम्मेलन एवं राष्ट्र रक्षा सूत्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय संरक्षक देवर्षि डा. इंद्रेश कुमार आरएसएस

**सूफी संत सम्मेलन में हाजी नुसरत इलाही के प्रयासों से जगी सौहार्द की एक नई अलख**

रहे। सबसे पहले गो सेवा हुई इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद वक्ताओं ने अपने विचार रखे और कहा कि सूफी इंसानियत के रास्ते पर चलने वाला होता है जो सबको अपनाता है जिसको संत सम्मेलन भी कहते है। हम प्यार से चल सकते है लड़कर नहीं। किसी भी ग्रंथ या पुस्तक में लड़ने का नहीं प्यार और मोहब्बत का संदेश दिया है। हमे कटरता का संदेश किसी ने नहीं दिया। डाक्टर इंद्रेश कुमार ने पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब, भगवान श्रीराम की सेवाओं ओर पैगाम से रूबरू कराया। आगे कहा कि सम्भल से दंगों का नहीं मोहब्बत का पैगाम जाएगा। हम ऐसी सूरत बनाएंगे कि यहां से अमन का शांति का पैगाम जाए।कार्यक्रम में सभी अतिथियों को शोल ओढ़ाकर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। साथी बेच भी लगाया गया और गाय का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर भारतीय सद्भावना मंच की राष्ट्रीय संयोजक साध्वी मां कल्पना अरुंधति, मुंबई से राजभाव शेटटे, मेवाड़ इंस्टीटयूट गाजियाबाद से डाक्टर अशोक गदिया, डाक्टर अलका अग्रवाल गाजियाबाद, अल्पसंख्यक आयोग की उत्तराखंड की सदस्य सीमा जावेद, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सेनी, ब्लाक प्रमुख पति हृदेश यादव, पूर्व चेयरमैन पुत्र सीरत उरूज, अशोक कृष्णम, प्रतिज्ञा गर्ग, सतीश शर्मा, अरविंद अरोड़ा, सूफी शमशाद हुसैन, सय्यद तालिब हुसैन, भैया जी गुलफाम, गय्यूर एडवोकेट, संजय संख्यधर, रियाजुल हसन, स"यद शान अली आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन गौरीशंकर चौधरी व फरजंद अली वारसी ने संयुक्त रूप से किया।

# सिलेंडर फटने से हुआ धमाका

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर के चन्दौसी रोड़ पर पँवारी मार्ग पर बीती रात तेल एवं प्राकृतिक गैस कंपनी डिस्ट्रीब्यूशन के सीएनजी प्लांट में सिलेंडर फटने से जोरदार धमाके हुए। रविवार रात साढ़े नो बजे दो तेज धमाकों से आसपास इलाका दहल गया। बताया गया है कि रिफिलिंग के दौरान लीकेज होने से कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के दो सिलेंडर फट गये। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। फायर की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।कम्पनी प्रबंधन तंत्र ने घटना के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।बबराला चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा ने बताया कि कंपनी में काम चल रहा है। रात अचानक सिलेंडर फट गया।हम सिलेंडर फटने की सूचना पर पहुंचे। फायर स्टेशन की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गयी।आग पर काबू पाया यह गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

**रिफिलिंग के दौरान हुए हादसे में बाल-बाल बची बड़ी घटना**

## गर्मी से नहीं मिल रही राहत

**सम्भल।** गर्मी का प्रचंड रूप बढ़ता ही जा रहा है। भयंकर गर्मी से कोई राहत नहीं मिल पा रही है। शुक्रवार को भी गर्मी का बुरा हाल रहा।

# विरोध करने वालों पर होगी कार्रवाई

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** चकबंदी चौपाल का आयोजन कर जिलाधिकारी ने कब्ज़ा मुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

विकासखंड रजपुरा के ग्राम दीपपुर डांडा में आयोजित चौपाल में चकबंदी से संबंधित समस्याओं को सुना गया। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने चकबंदी से संबंधित प्रमुख बिंदुओं के विषय में बताया और उन्होंने कहा कि चकबंदी होने से ग्रामीणों को अपने खेत तक जाने के लिए चक मार्गों की सुविधा प्राप्त होगी तथा जो खेत छोटे-छोटे एवं टुकड़ों में है वह एक स्थान पर आ जाते हैं जिससे किसानों को ख्रषि करने में आसानी होती है।उन्होंने कहा कि चकबंदी के माध्यम से जहां ग्राम पंचायत की भूमि उपलब्ध नहीं होती है वहां ग्राम पंचायत को भूमि भी मिल जाती है। जिसके आधार पर ग्रामीणों को ग्राम पंचायत में विद्यालय अस्पताल आदि की सुविधा प्राप्त होती है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और भूमि पर अवैध कब्जादारों के विषय में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने कहा कि कोई अवैध कब्जादार चकबंदी का विरोध करेगा तो उसके विरुद्ध कार्रवाई संज्ञान में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान भी किया जाएगा सभी को न्याय मिलेगा हम आपकी समस्या का समाधान करेंगे। डीएम ने कब्जा से संबंधित सूची बनाने के लिए नायाब तहसीलदार गुन्नौर एवं चकबंदी अधिकारी गुन्नौर को निर्देशित किया डीएम ने कब्जा मुक्त करने के लिए भी निर्देशित किया।

# इंद्रेश ने युवाओं को दी ऊर्जा

**सम्भल।** सूफी संत सम्मेलन में जहां साम्प्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा मिला वहीं कटटरता पर कड़ा प्रहार हुआ। इसके अलावा राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के अध्यक्ष और सदभावना मंच के राष्ट्रीय संयोजक देवर्षि डा. इंद्रेश के भाषण ने युवाओं को नई ऊर्जा दी है। उनके लगभग एक घंटे के भाषण से लोगों में जागरूकता बढ़ी और नफरत को बढ़ावा देने वालों पर तमाचा जड़ा। पैगम्बर के बारे में सभी धर्मों के लोगों को बताकर उन्होने धर्म को लेकर अपना गलत नजरिया रखने वालों को भी एक सही सीख दी। साथ ही देश भर में फैल रही नफरतों को दूर कर मौहब्बत का नया संदेश दिया है।



सम्भल- ऑनर किलिंग के हत्यारोपी पिता-पुत्र व जेल भेजे जा रहे फार्मासिस्ट की जानकारी देते एसपी।

## समर कैम्प में छात्राओं ने बैडमिंटन खेला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** कस्बा बबराला के सरस्वती कन्या उच्चत्तर माधयमिक विद्यालय में समर कैंप के उन्नीसवें दिवस त्राटक क्रिया, लाफिंग-क्लैपिंग एक्सरसाइज, बैडमिंटन और शतरंज गतिविधि का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्राओं को बैडमिंटन खेल के नियम,अंक प्राप्त करना बताया। जिसके बाद सब जूनियर और जूनियर की प्रतियोगिता हुई।जिसमें सरिता- सब जूनियर वर्ग, रेखा जूनियर वर्ग में विजयी रहीं।'अवसर मंच' पर मेहंदी और पाक-कला प्रतियोगिता कराई गई। पाक-कला प्रतियोगिता में छात्रओं ने समूह में भेलपुरी बनाई। शिक्षिका नेहा यादव ने छात्राओं को लिप्पन कला में रंग करना सिखाया।

## रोटरी क्लब ने वितरित किया पंखा व शरबत

**बबराला।** नगर में रोटरी क्लब बबराला गंगा व सुरेशचंद्र मंजूदेवी वेलफेयर फाउंडेशन के सयुक्त तत्वावधान में श्रीबालाजी एचपी पेट्रोल पंप बबराला पर राहगीरों को शर्बत का वितरण किया गया। उसके बाद नगर के विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल परिसर पर भीषण गर्मी से राहत के लिए लोगों को पंखा वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुन्नौर नायब तहसीलदार उदयवीर सिंह व रोटेरियन कार्तिक गोयल ने इलेक्ट्रॉनिक पंखा व हाथ के पंखे वितरित किये। रोटेरियन कार्तिक गोयल ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक व हाथ के पंखे वृद्ध आश्रम रामबाग चन्दौसी, अनाथालय बदायूँ, प्राइमरी स्कूल बाघऊ, अंबेडकर पार्क बबराला, गंगा आरती स्थल राजघाट, संतोषी माता मंदिर, हनुमान मंदिर बबराला व श्रीराम मंदिर गुन्नौर को पंखे वितरित किये गये। रोटेरियन कार्तिक गोयल ने कहा कि रोटरी क्लब व संस्था का उद्देश्य लोगों की सेवा करना है।

# मक्का के खेत में शव मिलने से मचा हड़कम्प

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मक्का के खेत मं संदिग्ण अवस्था में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। शव मिलने की सूचना पर एएसपी व सीओ ने पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने लाश को कब्ज़े में लेकर पीएम को भेज दिया।

थाना नखासा क्षेत्रान्तर्तग ग्राम मौअज्जमपुर बिशनपुर निवासी सतेन्द्र सैनी (25) पुत्र नौबत सैनी गुरूवार की शाम अपने ग्राम यकतपुर जनपद अमरोहा खेत पर धान की पौष भरने गया था। बताया जा रहा है कि सतेन्द्र तीन भाई है। यह सबसे छोटा था।

**एएसपी व सी ओ ने पहुंचकर किया मौके का निरीक्षण**

सकतपुर खेत से धान की पौद्य भरकर वापस अपने घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता सताने लगी। परिजनों द्वारा इधर-उधर तलाश किया मगर कोई सुराग नहीं मिल सका। जबकि उसका फोन भी बंद आ रहा था। मक्का के खेत में शव मिलने की सूचना पाकर परिजन भी वहां पहुंच गए। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव व सी ओ कुलदीप सिंह व थाना प्रभारी निरीक्षक रजनीश कुमार तथा देहपा पुलिस चौकी प्रभारी नितिन गोतम भी आ गए। प्रभारी निरीक्षक रजनीश कुमार ने बताश कि शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया गया है। म1तक के परिवार की और से कोई तहरीर नहीं मिल पायी है। यह हत्या या आत्म हत्या इसका पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

# भाई व पिता ने की थी गला दबाकर हत्या

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रजपुरा थाना क्षेत्र में की गई युवती की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। युवती की हत्या उसके भाई और पिता ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर की थी। शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका दिया था। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

बीते 27 मई को थाना क्षेत्र के हैमदपुर गांव निवासी युवती का शव कमरे में लटका हुआ मिला था। जहां उसके पिता ने गांव निवासी उसके प्रेमी और उसकी पत्नी के साथ अन्य पर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी थी।

**हत्या कर फंदे पर कमरे में लटकाया था शव**

पुलिस ने जांच की तो घर में ही हत्या करने की आशंका हुई। जहां पुलिस ने जनता से पूछताछ की तो मृतका के भाई और उसके पिता ने हत्या करने की बात स्वीकार ली। पुलिस ने हत्या करने वाले पिता चंद्रकेश पुत्र श्री राम, भाई धर्मेंद्र पुत्र चंद्रकेश, क्षेत्र के ही जयदासपुर निवासी जयप्रकाश पुत्र सोनपाल, जुनावई के अजीजपुर गांव निवासी प्रवेश पुत्र कल्यान सिंह तथा हयात नगर निवासी व बहजोई सीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट मधुर आर्य पुत्र जगदीश आर्य को गिरफ्तार कर लिया। जिनके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

# इज्जत के नाम पर हुई थी ऑनर किलिंग

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** युवती का गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आसपास ग्रामीणों को इसकी जानकारी हो गई थी। पिता और भाई को जानकारी हुई तो वह बदनामी का डर समझते हुए उन्होंने हत्या का प्लान बनाकर हत्या का आरोप उसके प्रेमी और पत्नी पर लगाने का प्लान बना लिया था। युवती के साथ प्रेमी द्वारा बात करने का ऑडियो भी प्रेमी की पत्नी को मिल गया था। वह ऑडियो उसकी पत्नी पूनम ने अपने भाई उमेश को भेज दी थी। ऑडियो को लेकर मृतक युवती और प्रेमी की पत्नी में झगड़ा भी हुआ था। रात्रि में प्रेमी प्रमोद और उसकी पत्नी में आपस में झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान युवती का भाई घर पहुंच गया था, जिसका भी झगड़ा हुआ था। घर आकर उसके भाई और पिता ने बेटी के घर से भागने पर बदनामी होने के डर से उसकी हत्या करने का प्लान बनाया। भाई धर्मेंद्र और पिता चंद्रकेश में बीते 27 मई की सुबह गला दबाकर युवती की हत्या कर शव फांसी का फंदा लगाकर कमरे में लटका दिया था। हत्या के बात चंद्रकेश और धर्मेंद्र ने साथी जयप्रकाश व प्रवेश को बुला लिया था। षडयंत्र के तहत फोन के जरिए उसके प्रेमी प्रमोद के साले उमेश को बुला लिया। उमेश पर और उसके बहन हुई प्रमोद पर हत्या का आरोप लगा दिया। जयप्रकाश का पप्पी के साथ जमीनी विवाद होने के चलते पप्पी का भी नाम हत्या में शामिल कर लिया गया। हत्या करने वाले चंद्रकेश, धर्मेंद्र ,जयप्रकाश और प्रवेश ने मिलकर मंजू की हत्या में प्रमोद, उमेश, हर नारायन, पप्पू तथा पूनम को फंसाने का षडयंत्र किया।

## जिलाध्यक्ष बताकर फार्मासिस्ट डालता था प्रभाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हत्या करने के बाद बहजोई सीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट मधुर आर्य ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट बदलने के लिए हत्यारोपियों से 50 हजार रुपए का सौदा किया था। रुपए कुछ लेते शाम को पहुंचने पर पोस्टमार्टम 28 मई को हो पाया ६ हजार रुपए लिए थे। जब पुलिस ने इसकी जांच की तो मधुर आर्य को गिरफ्तार किया और उसके मोबाइल से पता चला कि वह विभिन्न थानों पर पंजीकृत मुकदमों में मेडिकल रिपोर्ट के साथ रिश्वत लेकर हेरा फेरी करने का काम करता था। इतना ही नहीं मधुर आर्य अपने आप को डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का जिला अध्यक्ष बताकर लोगों पर अपना प्रभाव दिखाता था।



सम्भल। ग्राम भवानीपुर जू. हाई स्कूल में प्रतियोगिता की प्रतिभागी छात्राएं।

# अनौपचारिक शिक्षा से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** भवानीपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल में चल रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को योग-व्यायाम कराने के साथ ही, मिट्टी-बर्तन बनाना, राखी बनाना, पतंग बनाना, मेहंदी लगाना, पेंटिंग करना, विभिन्न खेलों को खेलना एवं घरेलू साज-सज्जा के सामान बनाना आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

हिन्दू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा एवं ग्राम प्रधान विष्णु कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करते हुए शिविर का शुभारंभ किया।

प्रशिक्षण देते हुए मामराज सिंह ने कहा कि प्रत्येक कला हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है, इसलिए हमें अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने की आदत बनानी चाहिए। जिंदगी में सीखने की कला ही, व्यक्ति का चहुंमुखी विकास करती है,यह सतत् चलने वाली प्रक्रिया है। संचालक श्यामभवी मिश्रा ने बच्चों को, सुन्दर चित्र बनाने हेतु जरुरी तरीकों को समझाया, खाने से पहले एवं शौच के बाद हैण्डवाश करने हेतु बच्चों को प्रेरित किया तथा दैनिक जीवन में संस्कारों को शामिल करने को बहुत जरूरी बताया ताकि हर बालक अच्छा नागरिक बन सके। मुख्य अतिथि अजय कुमार शर्मा ने अनौपचारिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए समर कैंप को आवश्यक बताया। श्री शर्मा ने कहा कि कुशल नागरिक एवं देशभक्त बनने के लिए केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता बल्कि सामाजिक क्रियाकलापों में प्रतिभाग करना एवं अधिक से अधिक ज्ञानार्जन करना महत्वपूर्ण है। ग्राम प्रधान विष्णु कुमार उर्फ विनय चौधरी के साथ ही, विद्यालय प्रबंधा समिति के सदस्यों ने विद्यालय में पहुंचकर बच्चों से प्रशिक्षण के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा प्रतिभागियों के अनुभवों को, बच्चों में साझा करने का सुझाव दिया। राखी एवं सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन करके, विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा शिविर के समापन में प्रधानाध्यापक अतुल कुमार शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं के मिष्ठान एवं फल वितरित किए गए।

# ठप्प पड़ा है आधार कार्ड बनाने का कार्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** कस्बे के उपडाकघर में आधार कार्ड बनाने का प्रक्रियाअटठारह माह में पूरी तरह से ठप्प पड़ी हुई है। जिससे स्थानीय लोगों के साथ ही आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी परेशान हो रहे ह। सबसे अधिक परेशानी क्षेत्र के लोग भी परेशान हो रहे हे। सबसे अधिक परेशानी बच्चों को स्कूल के दाखिले को लेकर हो रही हें आधार कार्ड सरकारी योजनाओं में भी जरूरी कर देने की वजह से लोगों के तमाम काम अटके हुए हैं, इसके बाद भी वंचित समाज सेवी व विभागीय जिम्मेदार इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहे है।

गौर तलब है एक अनार सौ बीमार वाली कहावत आधार कार्ड को लेकर चरित्रार्थ हो रही थी। गौर तलब है कि कस्बे के उप डाकघर में आधार कार्डबनाने का कार्य हो रहा था। जिसका लाभ स्थानीय लोगों के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी मिल रहा था,लेकिन जनवरी 24 से बन्द हुआ कार्य आज भी ठप्प पड़ा हे। इस तरह आधार कार्ड बनवाने वाले अटठारह माह से इधर-उधर भटक रहे है।

**18 माह से नहीं बन पा रहे आधार कार्ड**

उपडाकघर की आधार कार्ड बनाने वाली मशीन खराब हो गई थी जो मुख्यालय थी जो मुख्यालय गई हुई है। मशीन आने पर आधार कार्ड बनाने का कार्य शुरू किया जा सकेगा। इस सम्बंध में सम्बंधित विभागीय को लिखा जा चुका है।

राम रजन उप डाकपाल, उपडाकघर सिरसी।

# कल्कि धाम में भूमि खुदाई का कार्य हुआ पूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** श्री कल्कि धाम की भूमि खुदाई का कार्य पूर्ण होने के पश्चात पत्थर की विशाल शिलाओं को भूगर्भ में स्थापित करने का कार्य 11 जून से आरम्भ हो जाएगा। इस पुनीत कार्य को 'शिला स्थापना महापर्व' का नाम दिया गया है।

ज्ञात हो कि श्री कल्कि धाम के निर्माण का कार्य से पूर्व भूमि पूजन एवं शिलान्यास भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में किया गया था। भूमि पूजन के पश्चात 21 फुट तक भूमि की खुदाई की गयी है जो कार्य निरंतर 4 माह तक चला, भूमि खुदाई होने के पश्चात मुख्य गर्भ गृह के नीचे पूजित कूर्म शिला को स्थापित करने के लिए सनातन धर्म के शीर्ष संत अनंत श्री विभूषित द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी अपने त्रिदिवसीय प्रवास पर 10 जून को श्री कल्कि धाम पधार रहे हैं। शंकराचार्य जी प्रथम बार सम्भल जनपद में आ रहे हैं। इसे देखते हुए श्री कल्कि धाम में विशेष व्यवस्थायें की जा रही हैं। पूज्य शंकराचार्य जी के सहयोगी ब्रह्मचारी 9 जून को ही श्री कल्कि धाम पहुंच गए हैं। 10 जून की सायं श्री कल्कि धाम में श्री कल्कि भक्तों द्वारा पूज्य शंकराचार्य जी की पादुकाओं का पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार की भी उपस्थिति रहेगी।आलोक कुमार का दो दिवसीय प्रवास पर श्री कल्कि धाम आने का कार्यक्रम प्राप्त हो गया है।

## 11 जून से होगी शिलाओं को स्थापित करने की शुरूआत

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** उत्खनित स्थल पर राजस्थान से आयीं 100-100 कुंटल की विशाल शिलाओं को स्थापित करने का कार्य विधिावत रूप से आरम्भ हो जाएगा, जिसका शुभारंभ प्रातः 10.00 बजे शंकराचार्य द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार सहित अन्य अनेकों विशिष्ट जनों की भी उपस्थिति रहेगी। शिला स्थापित करने हेतु धार्मिक मंत्रोच्चार महाकालेश्वर उज्जैन के पुरोहितों द्वारा किया जाएगा, तत्पश्चात शंकराचार्य का आशीर्वचन उपस्थित सभी श्रृद्वालुओं के लिए होगा।

# अज्ञात वाहन की टककर से तीन घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये।एम्बुलेंस से घायलों को गुन्नौर अस्पताल लाया गया। सोमवार को आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार प्रमोद पुत्र लटूरी,सागर पुत्र प्रमोद निवासी मोहल्ला सराय गुन्नौर व राहुल पुत्र किशन निवासी इस्लामनगर जिला बदायूँ तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर कस्बा डिबाई (बुलन्दशहर) से गुन्नौर आ रहे थे। तभी गांव हुसैनपुर सैलाब के पास बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां तीनों को उपचार देकर घर भेज दिया।

**तीनों को उपचार देकर घर भेजा**

## मैच खेलते महिला को लगी गेंद, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव में रविवार सुबह बच्चों के मैच खेलते समय शौंच के लिए जा रही महिला के गेंद लगने पर विवाद उत्पन्न हो गया, जहां जातीय संघर्ष के चलते एक पक्ष से एक तथा दूसरे पक्ष से छः लोग घायल हो गए। सूचना पर कैला देवी थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए तथा गांव में पीएस बल तैनात कर दिया गया। वहीं एक पक्ष के वाल्मीकि समाज के अमलेश की बारात बहजोई थाना क्षेत्र में रविवार शाम को ही जानी थी। जिसे पुलिस सुरक्षा की मांग पर बारात को पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच गांव से निकाला गया।

# 13 जून को भााकियू की पंचायत के आयोजन को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा कार्यकर्ताओ ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा। जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 13 जून को ब्लॉक परिसर असमोली में दोपहर 12:00 बजे से किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया कि किसानों की समस्याओं के समाधान को संबंधित विभागों से तहसीलदार सम्भल, क्षेत्राधिकारी असमोली, खंड विकास अधिकारी असमोली, आपूर्ति निरीक्षक असमोली, जे ई बिजली घर ऐंचौड़ा कंबोह, एस डी ओ जल मिशन आदि अधिकारी दोपहर 2 बजे तक पंचायत में उपस्थित हो। अन्यथा संगठन आगामी निर्णय लेकर अनिश्चितकालीन धरने एवं आंदोलन को विवश होगा। जिसकी पूर्णतः जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, जिला संरक्षक शिवनारायण सैनी, जिला महासचिव अनमोल कुमार, वरिष्ठ कार्यकर्ता चौधरी श्रृषिपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष उदल सिंह, अमनजीत चौधारी, ब्लॉक अध्यक्ष (महिला मोर्चा) रविता देवी, ननिहा देवी ब्लाक महासचिव सम्भल (महिला मोर्चा) आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पंचायत में अफसरों के न आने पर आन्दोलन की चेतावनी**

# तहसील दिवस में आई 45 शिकायतें

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** जिला अधिकारी अनुज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित आज तहसील समाधान दिवस में 45 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई जिनमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया बाकी शिकायतों के निस्तारण का उन्होंने एक सप्ताह में करने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया इस दौरान लोगों ने विभिन्न विभागों की अपनी अपनी शिकायत दर्ज कराई लेकिन बिजली विभाग की कार्यशैली पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की किसी ने बिल ज्यादा आने तो किसी ने कनेक्शन काट लेने तो किसी का मीटर ना लगने जैसी शिकायतों का तहसील में अंबार लगा रहा। डीएसएम डिग्री कॉलेज का एक माह बकाया बिल जमा ना होने पर बिजली काट देने से नाराज डीएम ने एसडीओ को फटकार भी लगाई उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी पड़ रही है बच्चों की परीक्षा चल रही है और ऐसे समय में क्या किसी संस्था का विद्युत कनेक्शन काटना जायज है उन्होंने तुरंत कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए इसके अलावा उन्होंने सिंचाई विभाग कृषि विभाग आदि विभागों की शिकायतों को ध्यान से सुनने के बाद उनका निस्तारण किए जाने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार दोनों थानों के प्रभारी निरीक्षक सहित लगभग सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

- **बाकी शिकायतों के निस्तारण को दिए उन्होंने निर्देश**
- **बिजली विभाग की कार्यशैली पर जताई नाराजगी**

# स्टाम्प वेंडर्स ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



**चन्दौसी।** ऑल यू.पी. स्टाम्प वेंडर्स एसोसिएशन द्वारा सोमवार को स्टाम्प एवं निबंधन व न्यायालय शुल्क मंत्री के नाम उपनिबंधक चन्दौसी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्टाम्प वेंडर्स का भविष्य ई-रजिस्ट्री एवं पीपीपी मॉडल में सुरक्षित करने की मांग करते हुए कहा गया कि स्टाम्प वेंडर्स कल्याण अधिनियम बनाया जाये, स्टॉक होल्डिंग को दिया जाने वाले कमीशन में वेंडर्स को कमीशन 250 रु. प्रति लाख दिलाया जाये, स्टाम्प वेंडर्स का आयुष्मान कार्ड बनाया जाये। ज्ञापन देने वालों में अजय कुमार गुप्ता, संजय कुमार, जितेन्द्र कुमार, गौरव कुमार, मौ. इमरान, कुंवरपाल सिंह, मुर्कउज्जमा, रनवीर सिंह, पंकज सक्सैना, संजय गोयल, अमित कुमार, मुंशीलाल आदि रहे।

# एसडीएम ने इंडिया मार्का हैंडपंप और नालों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** एसडीएम संत दास पवार ने आज इंडियामार्का हैंडपंप और नालों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कहीं-कहीं शिकायत आने पर पानी का सैंपल लेकर निरीक्षण कराने और बरसात से पहले एक बार फिर नालों की सफाई के निर्देश दिए। स्टेशन रोड पर पहुंचे एसडीएम ने ईओ से नगर में लगवाए गए हैंडपंपों की जानक. ारी ली। नालो की सफाई कई बार कराने की बात पर उन्होंने नाले में पॉलिथीन एवं कचरा डालने वालों को नोटिस दिए जाने को कहा उन्होंने कहा कि यदि दुकानदार के सामने नाले में कचरा मिले उसे नोटिस जारी किया जाए।

## एक नजर

### तहसील बार चुनाव में 112 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**कांठ।** तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव हेतु 12 जून को अध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार और प्रदीप कुमार,वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए शीशराम सिंह और हरपाल सिंह महासचिव पद के लिए दीपक कुमार विश्नोई और सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष पद हेतु करतार सिंह एवं भू प्रकाश सिंह इन चारों पदों के लिए मतदान प्रातः 10 बजे से 2:00 बजे तक होगा मतदान में 112 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे सस दावेदारों ने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं से जनसंपर्क तेज कर दिया है। चारों पदों के लिए आमने-सामने का मुकाबला होगास तहसील बार एसोसिएशन को नया अध्यक्ष 12 जून को मिल जाएगा।

जाति के हिसाब से 31 मुस्लिम, 25 बिश्नोई, 11 जाट, अनुसूचित जाति 11, चौहान 8, गुर्जर 7, ब्राह्मण 3, यादव 3, सैनी3, बाकी अन्य जातियों के मतदाता हैं। अध्यक्ष का पद यहां के निवासी को मिलेगा या बाहर के निवासी को इसकी चाबी मुस्लिम एवं बिश्नोई मतदाताओं के हाथ में दिखाई दे रही है। सोमवार को विभिन्न पदों के दावेदारों ने मतदाताओं से जनसंपर्क किया है। चुनाव समिति ने निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

### मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में कई पर एफआईआर

**कांठ।** पुलिस ने उमरी कला और शाहपुर अब्दुल बारी गांव में हुई मारपीट के मामले में कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है शाहपुर अब्दुल बारी निवासी देवेन्द्री देवी पत्नी महकार सिह का कहना है कि 1मई को उसके देवर हरपाल के पुत्र गुरमीत सिंह का गाँव के ही सुनील से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था मौके पर मौजूद महकार ने गुरमीत सिंह को अपना मानते हुए डाट दिया। इस बात को लेकर गुरमीत पुत्र हरपाल, राजीव व संजीव पुत्रगण गजवीर व गजवीर पुत्र गुरदत्त निवासीगण शाहपुर अब्दुलवारी हाथो मे लाठी डन्डे व धारदार हथियार लेकर आये व पति के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे उसने तथा उसकी बेटी अरूणा चौधरी ने मुश्किल से बचाव किया मारपीट मे महकार के खुली व गुम चोटे आयी जिनकी वजह से वह बेहोश हो गया।हमलाबर जाते जाते जान से मारने की धमकी देकर चले गये। होश मे आने पर परिजन चौकी उमरी लेकर पहुँचे तो वहा गाँव के समभ्रान्त व्यक्तियो ने परिवार का मामला कहकर समझौता करा दिया। किन्तु सिर पर लगी गम्भीर चोट की वजह से महकार सिंह की तबीयत बिगड गयी। जिन्हे कोठीवाल अस्पताल मुरादाबाद लेकर गये यहा से उन्हे मेरठ रेफर कर दिया गया तथा मेरठ से नोएडा रेफर कर दिया गया वर्तमान मे मेहकार सिंह का इलाज मेक्स अस्पताल नोएडा में चल रहा है जहा उनकी स्थिति चिन्ताजनक बनी हुई है। दूसरी घटना में इशरार पुत्र अब्दुल समद निवासी चौधरीयान उमरी कलां का कहना है कि 08-06-2025 की शाम को 4.00 बजे वह बाजार से अपने घर जा रहा था तभी सामने से आ रहे निशार पुत्र हनीफ ने उसे देखकर गाली देना शुरू कर दिया गाली देने को मना किया तो निशार ने लात घुसों से मारना शुरू कर दिया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

### कर्ज लिया नहीं आरसी हो गई जारी, किसान को करनी पड़ी तहसील में शिकायत

**कांठ।** बिना कर्ज लिए ही आरसी जारी हो गई अमीन ने फोन किया तो इस बात की जानकारी मिली किसान ने खुद पर किसी प्रकार का कर्ज न लिए जाने की बात कह कर जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है मामला थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर भेंडी का है वहां के राजू सिंह पुत्र बलबीर सिंह का कहना है कि उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन कर 1लाख 20 हजार रुपए जमा करने को कहा उसका कहना था कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से उन्होंने कर्ज लिया है जिसकी आरसी कट गई है फोन करने वाले ने खुद को अमीन बताया इस बात को सुनकर ग्रामीण के होश उड़ गए उसका कहना था कि उसने किसी भी बैंक से लोन नहीं लिया है आज वह तहसील पहुंचा और जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की जिलाधिकारी ने जांच कर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।

# महिला आर्य समाज की शन्नो गुप्ता बनी प्रधान, प्रभा नारंग बनी मंत्री



**मुरादाबाद।** महिला आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक सत्संग उपरांत वार्षिक निर्वाचन वरिष्ठ पदाधिकारी आशा जैमिनी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन में जिन पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ उनमें प्रधान पद पर शन्नो आर्य, उपप्रधान मीरा सोती, मंत्री प्रभा नारंग उपमंत्री पूनम कत्याल कोषाध्यक्ष गायत्री आर्य, पुस्तकालय अध्यक्ष रक्षा गोयल प्रचार प्रमुख पल्लवी गोयल रही। शेष अंतरंग सदस्यों में ऊषा गुप्ता, भावना रुहेला,नीरु अग्रवाल,सविता सिंहल, संतोष नारंग,सरोज रतवाल, और सुदेश आर्य सुनीता गुप्ता रही। आशा जैमिनी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं अर्पित की और शांतिपाठ उपरांत सभा सम्पन्न हुई।

# बिना ऑक्सीजन के जीवन की कल्पना असंभवः वीसी

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में विश्व पर्यावरण दिवस पर 200 पौधे रोपण का संकल्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के वीसी प्रो. वीके जैन बोले, पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि बिना भोजन और पानी के तो हम कुछ दिनों तक जीवित रह सकते हैं, लेकिन बिना हवा और ऑक्सीजन के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। प्रो. जैन टीएमयू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कैंपस में नीम, पीपल, गुलमोहर, शीशम, अशोक, सिरिस, आम, पिलखन, अमलतास, गाम्हर, अर्जुन, सिल्वर ओक आदि के पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. निशीथ मिश्रा, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, एसोसिएट डीन डॉ. अमित कंसल आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह बोले, हम प्रौद्योगिकी के इतने आदी हो गए हैं कि पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों की अनदेखी कर देते हैं। यदि हमें स्वस्थ जीवन जीना है, तो अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। इस अवसर पर डॉ. रत्नेश जैन, श्री दीपक मलिक, डॉ. अर्पिता त्रिपाठी, शिवांकी रानी और एनएसएस छात्र स्वयंसेवक उपस्थित रहे। दूसरी ओर तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में विश्व पर्यावरण दिवस पर डिपार्टमेंट ऑफ ओरल सर्जरी की ओर से हुई निबंध प्रतियोगिता में बीडीएस फोर्थ ईयर की तीसा जैन विजेता रहीं। स्टुडेंट्स उत्सव बेरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण हटाओ रही। इससे पूर्व डेंटल की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन, प्रधानाचार्य प्रो. प्रदीप तांगड़े, उप प्रधानाचार्या डॉ. अंकिता जैन ने डेंटल कॉलेज परिसर में ब्लैक वालनट के पौधे रोपित करते हुए कहा, प्लास्टिक हमारे लिए एक गंभीर खतरा है। डेंटल स्टुडेंट्स ने रंगोली बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रंगोली बनाने में उमंग जैन, वैष्णवी आदि की भी भूमिका रही। वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ. डीएस गुप्ता, डॉ. हरितमा निगम, डॉ. विकास सिंह, डॉ. सौभाग्य अग्रवाल, डॉ. अभिनय अग्रवाल के संग-संग एमडीएस के छात्र-छात्राएं डॉ. प्रभात, डॉ. अर्घ्य, डॉ. अनुष्का, डॉ. यूपिका, बीडीएस के स्टुडेंट्स- शुभम पांडे, वंशिका त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "हमारी एक पृथ्वी" के संदेश को आत्मसात करते हुए कॉलेज प्रशासन, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रो. विपिन जैन, डीन- फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रो. विपिन जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, कि "प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्रदूषण जैसी समस्याएं तभी कम होंगी जब हम व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण के प्रति सजग होंगे। वृक्षारोपण जैसे छोटे-छोटे प्रयास दीर्घकालीन सकारात्मक प्रभाव छोड़ते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि टिमिट हमेशा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता देता आया है, और यह कार्यक्रम भी उसी कड़ी का हिस्सा है। फैकल्टी सदस्यों ने भी पर्यावरणीय मुद्दों पर अपने विचार साझा किए और छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नियमित रूप से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक दिन पौधे लगाना नहीं था, बल्कि यह संदेश देना था कि हर दिन पर्यावरण के प्रति हमारी सोच और व्यवहार को बदलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से यह शपथ ली कि वे जल, वायु, मृदा और वन्यजीवन की रक्षा के लिए अपने स्तर से हरसंभव प्रयास करेंगे।

# नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में फरार आरोपी की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश राजधानी दिल्ली में नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। शनिवार शाम को बच्ची अपने मामा के यहां दावत खाने के लिए तैयार हुई थी। उसने नए कपड़े भी पहन लिए थे, लेकिन दरिंदे ने एक पल में सारी खुशियां छीन ली।

रविवार शाम को बच्ची के जनाजे में हजारों लोग पहुंचे। सभी बच्ची मां और पिता को ढांढस बंधाते दिखे। स्थानीय लोगों ने बताया कि ईद के दिन परिवार में सब लोग खुश थे। बच्ची के मामा के यहां परिवार दावत के लिए जाने की तैयारी कर रहा था, लेकिन खुशी का पल आधे घंटे में गम में बदल गया। जब परिवार को पता चला कि बच्ची बर्फ देने के लिए अपनी बड़ी मां के घर नहीं पहुंची। परिवार वालों को पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने बताया कि आरोपी ने बच्ची को यह कह कर बुलाया था कि फ्लैट का गेट बाहर से बंद है वह उसे खोल दें। जब परिजन आरोपी के फ्लैट पर पहुंचे तो आरोपी गेट के बाहर खड़ा था और गेट पर ताला लगा हुआ था। परिवार ने ताला खोलने को कहा तो उसने चाबी भाई के पास होने का बहाना बनाया। उसके बाद परिवार के एक सदस्य आरोपी के साथ चाबी लेने गए।

इस दौरान रास्ते से ही आरोपी फरार हो गया। उसके बाद परिवार ने फ्लैट का ताला तोड़कर बच्ची के शव को सूटकेस में बरामद किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने दूसरी शादी की हुई है।

# चोरी की रिपोर्ट न लिखने पर डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कांठ।** लाखों की हुई चोरी की रिपोर्ट 18 दिन बाद भी ना लिखने पर तहसील दिवस में जिला अधिकारी अनुज सिंह को एक पत्र दिया जिसमें दोषी लोगों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की गई स रामकुमार सिंह पुत्र लल्लू बाज ने ग्राम रुस्तमपुर में अपना डेरा डाल रखा है। डेरे मे रखा सामान 20-05-2025 को चोरी हो गया जिसमें दो तोले की चूड़ी , डेट तोले का हार, आधा तोले की झुमकी थी और सन्दूक में बेटी की शादी हेतु सोने का हार, झुमकी, कानो की बाली व 18000 /- रूपये रक्खे थे रामकुमार के मुताबिक पीड़ित जब कांठ मे शादी की खरीदारी कर रहे थे तो सोनू पुत्र भोलबाज व अनुज पुत्र मूकरजी ने उनका पीछा किया उसी रात्रि को चोरी हो गयी पीड़ित ने मुखर्जी पुत्र तोताराम, भावेश पुत्र भोलेबाज, रंजीत पुत्र पवन कुमार पर चोरी का शक जताकर थाने में तहरीर दी रिपोर्ट दर्ज न होने पर आज पीड़ित तहसील पहुंचा और जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

# तहसीलदार ने सुनीं जनशिकायतें

## कुल आई 65 शिकायतें, आठ का मौके पर निस्तारण



**चन्दौसी।** सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें तहसीलदार रवि सोनकर द्वारा जनसमस्याओं को सुनकर संबंधित को उनके निस्ताण हेतु दिशा-निर्देश दिये गये।

समाधान दिवस में राहुल राघव एड. नि0 साकेत कॉलोनी ने ग्राम मुल्हैटा गाटा संख्या 882 की 0. 273 हे0 भूमि का सीमांकन करने हेतू प्रार्थनापत्र दिया। बिसारु के रहने वाले जाबिर पुत्र सखावत द्वारा आराजी 116-472 रकवा 0.200 हे. पर ठियाबंदी की फरियाद की। छावड़ा सुखपाल सिंह उर्फ सुक्खू द्वारा अपने सह खातेदार देवेन्द्र सिंह की जमीन की नपत की बात कही गयी। उनका कहना था कि देवेन्द्र द्वारा लगभग 18 बीघा जमीन क्रय की गयी परंतु चकरोड नाली व रास्ता दबाकर अपनी भूमि लगभग 22 बीघा कर ली है और शिकायतकर्ता की 2.5 बीघा जमीन कम हो गयी है। पड़ोसी खेत मालिक की जमीन बैनामा के अनुसार नपत कर उसे दी जाये। लहरावन के रहने वाले कृष्णा देवी प्रताप सिंह पत्नी कृष्ण वीर सिंह द्वारा राशन कार्ड न बनने की शिकायत दर्ज करायी।

वहीं गुमथल की रहने वाली एक महिला द्वारा बताया गया कि तीन वर्ष पूर्व उसके पति की मृत्यु हो चुकी है परंतु अभी तक सचिव द्वारा मृत्यु प्रमाणपत्र नहीं बनाया गया है। वर्तमान समय में महिला बिसौली तहसील के कोटा गांव में रह रही है। उसकी सास की भी मृत्यु हो गयी है। फिलहाल वीडीओ कमलकान्त द्वारा सचिव को निर्देश दिये गये कि 15 दिन बाद खुली बैठकर महिला के पति की मृत्यु का प्रमाणपत्र ग्रामीणों के बयानों के आधार पर जारी करें।

हालांकि पूर्व प्रधान विनय शर्मा द्वारा बताया गया कि महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है। दोपहर 02 बजे तक कुल 65 शिकायतें दर्ज हुई और 08 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार अनुज जोहल, ईओ चन्दौसी धर्मराज सिंह, ईओ नरौली, बीईओ, सीडीपीओ, एडीओ आदि मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल ने किया नए बैंक प्रबंधक का स्वागत, बताई समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के शिष्ट मंडल ने भारतीय स्टेट बैंक की बिलारी शाखा में आए वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ध्रुव सिंह का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया इसी के साथ उनके साथ बैठक कर बैंकिंग सेवाओं को और अच्छी बनाने के लिए समस्याएं और सुझाव भी बताए। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि शादी विवाह एवं अन्य मांगलिग अवसर पर नई करेंसी की काफी मांग रहती है जो नहीं मिल रही है इसलिए शाखा में 20,50 एवं 100 के नोट नए नोट उपलब्ध कराये जाएं। इस पर प्रबंधक ने कहा कि बैंक प्रबंधन ने मांग भेजी हुई है। बैंक में लगभग 70000 खातेदार हैं जिनकी सेवा करने के लिए स्टाफ की कमी है इसलिए सुझाव रखा कि एक शाखा और खुलवाई जाए ताकि कार्य विभाजन हो और ग्राहक सेवा और बेहतर हो सके इस पर उन्होंने कहा कि यह मांग उच्च अधिकारियों को प्रेषित करेंगे। प्रोन्नत होने पर जो स्टाफ स्थानांतरित हुआ है उसकी जगह अभी कोई दूसरी नियुक्ति नहीं की गई है इससे ग्राहक सेवा प्रभावित हो रही है इसलिए तत्काल ही उनकी जगह अन्य कर्मचारियों को बुलाया जाए शाखा के आधुनिक स्वरूप बनाने पर सभी ने संतोष व्यक्त किया। यह भी सुझाव रखा कि प्रत्येक तिमाही में ग्राहक संपर्क गोष्ठी भी आयोजित की जानी चाहिए ताकि बैंकिंग संबंधी समस्याएं और सुझाव सामने आते रहें। शाखा प्रबंधक ने कहा हम सभी सुझावों का स्वागत करते हैं और प्रयास करेंगे कि समस्याएं और शिकायत दूर हों। शिष्ट मंडल में अध्यक्ष संजय जैन के अलावा रमाकांत गुप्ता, राजेंद्र,दुष्यंत चौहान, चंदन डुडेजा, आशीष भटनागर एडवोकेट आदि शामिल रहे।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मोहम्मद मोनिस पुत्र मोहम्मद शफीक को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मोहम्मद मोनिस के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद शफीक पुत्र अब्दुल रहीम निवासी बहोरन पुर कलां पोस्ट मानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## सार्वजनिक सूचना

मैं इकरा शाहिद अपने शौहर मोहम्मद इंतिखाब आलम सिद्दिकी पुत्र मोहम्मद रेहान पता 92/10 जूही सफेद कालोनी थाना किदवई नगर, जिला कानपुर नगर, से निकाह 9 अप्रैल 2019 में हुआ, रुखसति 15 फरवरी 2023 में होकर अपने सास-ससुर के साथ मदीना (सउदी) गई। 16 अप्रेल 2023 को मायके आ गई। तबसे अपने मायके में हूँ और अब मैं अपने शौहर को अंतिम अवसर दे रही हूं रिश्ते को सही करने के लिए एक माह का उसके बाद मैं इकरा शाहिद कोई भी फैसला लेने के लिए आजाद हूं। **इकरा शाहिद पुत्री मोहम्मद शाहिद निवासी लंगड़े की पुलिया नियर थेकेदार वाली मस्जिद थाना गलशहीद, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# अधिकारी शासन प्रशासन की बनाए रखें गरिमाः एसडीएम

## संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने अधिकारियों को बताया प्रशासन और जनता के बीच का तालमेल

■ 35 शिकायतों में से पांच शिकायतों का ही हुआ मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शनिवार को ईद उल अजहा की वजह से अवकाश होने के चलते संपूर्ण थेसमाधान दिवस का आयोजन नहीं हो सका था जिसके बाद सोमवार को तहसील में दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम विनय कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी हालांकि सोमवार को दिवस ना लगने और अधिक गर्मी होने के कारण फरियादियों की संख्या काफी कम रही फिर भी दिवस में 35 शिकायत पहुंची जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया गया दिवस में ज्यादातर शिकायत है राजस्व विभाग पुलिस और विद्युत संबंधी रही । जिन्हें एसडीएम विनय कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं एसडीएम विनय कुमार सिंह ने अधिकारियों से कहा कि वह शासन प्रशासन की गरिमा बनाए रखें उन्होंने जनता और प्रशासन के बीच के तालमेल के बारे में भी अधिकारियों को बताया कहा कि हमेशा जनता की बात को प्राथमिकता दें साथ ही शासन प्रशासन की नीतियों को भी जनता तक पहुंचाएं उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर हाल में फरियादियों की शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान होना चाहिए फरियादी बार-बार तहसील थाने के चक्कर न लगाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकरशिकायतों के निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं साथ ही शिकायतकर्ता को भी मौके पर बुलाकर उसे संतुष्ट कर शिकायत का समाधान करने को कहा है। इस दौरान तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह के अलावा खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे



# सर्प दंश से महिला की इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** गांव सुल्तानपुर खादर में सांप के काटने से महिला की मृत्यु हो गई। गांव निवासी प्रेम राज की 28 वर्षीय पत्नी रीना देवी रविवार की सुबह जंगल को चारा काटने गई हुई थी।

चारा काटते समय जहरीले सांप ने काट लिया, जिससे महिला की हालत बिगड़ने लगी, परिजनों ने इधर-उधर झाडफूक के चक्कर में पड़ कर नीम हकीमो से उपचार कराया ,जिससे लगातार हालत बिगड़ती गई, सोमवार को महिला की मृत्यु हो गई, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी के प्रभारी डॉ संदीप कुमार ने बताया कि सांप के काटने पर नीम हकीमो के चक्कर में न पड़े, सीधे अस्पताल आए, निशुल्क एंटीबेमिन इंजेक्शन लगवा कर आराम मिलता है।

## एक नजर

### तेंदुआ कुत्ते को उठाकर ले गया, गांव में मची हलचल

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव खादर क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है, जंगल और आबादी के पास तेंदुआ घूमता देखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र में दहशत बनी हुई है, गांव वीरू वाला में सक्रिय तेंदुआ आबादी के पास से आवारा कुत्ते को उठाकर झाड़ियां में ले गया, जहां खाकर अपनी भूख मिटाई, कुत्ते को खींचकर ले जाते हुए ग्रामीणों ने देख लिया ,गांव वालों ने एकत्र होकर हाथों में लाठी डंडे लेकर सक्रिय तेंदुए को दौड़ाया, तेंदुआ उछल कूद करता हुआ भाग गया, क्षेत्रवासी अमजद हुसैन, महिपाल, प्रेमपाल, किशन सिंह, रहमत अली, नरेश कुमार, सत्यभान सिंह, हरिओम ,महबूब, विजेंद्र सिंह,आदि। ने बताया कि रामगंगा नदी के किनारे बसे गांव सुल्तानपुर खादर, मलकपुर सेमली काजीपुरा, मुस्तफापुर ,रहता माफी, चंदुपुरा,दौलतपुर तिगरी, करनपुर आदि, के पास सक्रिय तेंद.आ घूमता देखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र में दहशत बनी हुई है, क्षेत्रवासियों का कहना है कि वन विभाग की टीम से कई बार तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरे की मांग की ,लेकिन कोई सुनवाई नहीं है। सरकारी मशीनरी की निष्क्रियता के चलते तेंदुआ किसी की भी जान ले सकता है , ग्रामीणों ने तत्काल पिंजरा लगाने की मांग की है।

### पुलिस ने चार वारंटी किए गिरफ्तार

**डिलारी।** थाना डिलारी पुलिस ने चार वारंटी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिये, गांव मासूमपुर निवासी नासिर और नसीम, गांव कांकर खेड़ा निवासी राविल, गांव गकखरपुर निवासी रईस काफी दिनों से कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे, जिस पर माननीय न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। सोमवार को थाना डिलारी पुलिस ने चारों वारंटी यो को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया।

### प्रभारी निरीक्षक ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को साथ लेकर की पैदल गस्त




**भोजपुर।** तीन दिन तक चलने वाले बकरीद के त्योहार के आखिरी दिन कुर्बानी का सिलसिला जारी रहा जो शाम को खत्म हो गया। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को साथ लेकर कस्बे एवं गांवों में पैदल गस्त की। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने थाने और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को साथ लेकर कस्बे के मोहल्ला झादेवाला, सुनारोवाला, घासमंडी, बड़ी मंडी, जाटवोवला, वाल्मीकि बस्ती रोड, गढ़ी, चौधरयान, बगियवाला,मेन मार्केट और गांव रूस्तमपुर तीगरी, गणेशपुर, बहेड़ी ब्रहमान मनकुआ, सिढ़लऊ नजरपुर मौहब्बतपुर इस्लामनगर धारकनंगला देवीपुरा,सिरसव.ां,गोधी, चकबेगमपुर आदि गांवों में में पैदल गस्त की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अमन-चौन कायम रखने में पुलिस सदैव तत्पर है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक के साथ उप निरीक्षक महेश कुमार मलिक, बृजपाल सिंह, माहिर अब्बास, विनोद कुमार, पंकज राठी, अनिल कुमार गोस्वामी,राम कुमार, शराफत अली,हेड कांस्टेबल रवि कुमार अनूप कुमार अजेंद सिंह, कुलदीप,दीपक राठी और अमजद अली आदि कांस्टेबल मौजूद रहे।

# नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**ठाकुरद्वारा।** नगर में शांति व्यवस्था अपराध नियंत्रण को लेकर डिप्टीएसपी के नेतृत्व में आर0ए0एस0 जवानों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च कर शांति बनाए रखने की अपील की हैं।

सोमवार को डिप्टीएसपी रूद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने, अपराध नियंत्रण, कानून एवं तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत को लेकर नगर के कोतवाली चौराहा , बुधबाजार , पुरानी घास मंडी बाजार गंज कदीर तिराहा, चलचित्र रोड, कामालपूरी मार्ग अस्पताल रोड पर आर0ए0एस0 के जवानों के साथ पैदल फ्लैग मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जसपाल सिंह ग्वाल सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# चोरी का खुलासा कर आरोपी को भेजा जेल

**भोजपुर।** सोमवार को उप निरीक्षक विनोद कुमार गोस्वामी ने गांव रूस्तमपुर तीगरी निवासी कुवंर सिंह पुत्र नत्थू सिंह के घर 4मई की रात को हुई चोरी का खुलासा करते हुए आरोपी मुर्तजा पुत्र अवरार को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से चोरी किए सोने चांदी के आभूषण बरामद कर चालान कर दिया।घ्अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। चोरी का खुलासा करते हुए उप निरीक्षक विनोद कुमार गोस्वामी ने बताया आरोपी मुर्तजा पुत्र अवरार आपराधिक प्रवृत्ति का है। इसके खिलाफ 6मुकदमें पंजिकृत हैं।घ आरोपी की निशानद.ेही पर

एक जोडी कुण्डल पीली धातु , 1 जोडी दुररिया पीली धातु , 01 कण्ठी पीली धातु जिसमे काले व भूरे मोती की माला लगी है बरामद कर सील कर दी गई हैं। आरोपी 4मई की रात को डेढ़ बजे ग्रामीण कुंवर सिंह के घर के रास्ते से घर में घुसकर सेफ अलमारी का ताला तोडकर 10 हजार रुपये , एक जोडी पाजेब चांदी की, दो जोडी चौने चाँदी व एक कुला पेटी चांदी को चोरी कर ले गया था।

## ससुर के साथ मारपीट पर उतारू दामाद का शांति भंग में चालान

**ठाकुरद्वारा।** मारपीट पर उतारू एक व्यक्ति को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक किरंत पांवर ने बताया कि सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव नन्हूवाला निवासी दीपक उर्फ भूपेंद्र पुत्र भगवानदास को अपने ससुर महेंद्र सिंह पुत्र रामकिशन सिंह निवाी गढ़ूवाला के जमीन से सरसो औा गेहूं की फसल काटने लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू था। महेंद्र सिंह की शिकायत पर आरोपी दीपक उर्फ भूपेंद्र को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। सोमवार को पुलिस ने आरोपी का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां पर आरोपी को जमानत पर छोड़ दिया गया है।

## युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने युवती की तहरीर पर गांव के अरशद के खिलाफ रास्ते में अकेली देखकर बुरी नीयत से पीछे से कोलिया भरकर छेड़छाड़ करने विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में युवती ने कहा है कि रविवार की रात को 9बजे गांव में बरखु प्रधान के घर से दावत खा कर आ रही थी। रास्ते में अकेले देखकर गांव का युवक अरशद पुत्र इंतजार ने पीछे से आकर बुरी नीयत से कोलिया भरकर जबरदस्ती अश्लीलता करने लगा। पीड़िता ने कहा है कि आरोपी हाथ पकड़ कर कहने लगा मेरे साथ चल नही तो जान से मार दूंगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भट्टा महक ब्रिक बर्क्स पर मजदूरों के बीच बैठक का आयोजन

**बिलारी।** नेशनल अकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट और नागरिक एकता परिषद की ओर से भट्टा महक ब्रिक बर्क्स पर मजदूरों के बीच बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हीट वेव के कारण मजदूरों पर पड़ रहे बुरे असर पर चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सोमवार को भी बैठक में बोलते हुए ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने कहा कि मजदूरों के लिए ठंडा पानी और छांव की व्यवस्था होनी चाहिए। दोपहर में 3 घंटे का आराम मिलना चाहिए ताकि हीट वेव्स के प्रभाव से बचा जा सके, लेबर कार्ड और टोल फ्री नंबर की व्यवस्था करने पर भी चर्चा हुई। कहा कि मजदूरों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। ऐसे बीच मजदूरों की अनेकों समस्याओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में थान सिंह मौर्य, जयपाल सिंह डीलर, धोनी, रूपेश, शुभम, छोटे लाल, देशराज, रोहित कुमार, भटनागर, नंदन मुंशी जी, बिजेंद्र सिंह, अनिल कुमार, राकेश, सलीम, टिंकू, मेघराज, जावेद, गोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नोएडा में बना पहला डिजिटल ई-मालखाना

■ 14 करोड़ की लागत से बना मॉडल पुलिस स्टेशन, सीपी ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिसिंग के आधुनिक.ीकरण और नागरिक सुविधा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। सोमवार को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने सेक्टर-63 स्थित नव निर्मित थाना भवन, आवासीय परिसर और जिले के पहले ई-मालखाने का विधिवत उद्घाटन किया।

ई-मालखाने में सामान पर एक बार कोड जनरेट किया जाएगा। इसे टैब की मदद से स्केन किया जाएगा। जिससे उसका रिकार्ड मेनटेन होगा। इस अवसर पर उन्होंने थाना परिसर में पौधरोपण कर स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन का संदेश भी दिया।करीब 14 करोड़ रुपए की लागत से बने इस मॉडर्न भवन को मॉडल पुलिस स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। थाना परिसर में न केवल आधुनिक कार्यालय और साइबर सेल जैसी सुविधाएं हैं, बल्कि महिला हेल्प डेस्क, हवालात, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष और रेस्ट रूम जैसी नागरिक व पुलिसकर्मियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इसका निर्माण किया गया है। भवन को पेपरलेस कार्यप्रणाली, हाई स्पीड इंटरनेट और ग्रीन एनर्जी से लैस किया गया है।

**पहला डिजिटल ई मॉल खाना:** इस थाने की सबसे बड़ी विशेषता इसका ई-मॉलखाना है, जो जनपद का पहला डिजिटल मालखाना है। यह सुविधा केस से संबंधित साक्ष्यों की वैज्ञानिक व सुरक्षित ढंग से भंडारण और त्वरित जानकारी प्राप्त करने के लिए क्यू आर कोड आधारित प्रणाली से जुड़ी है। इससे जांच अधिकारियों को साक्ष्यों की जानकारी तुरंत उपलब्ध होगी, जिससे जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति आएगी।

**कर्मियों के लिए आवासीय भवनः** पुलिसकर्मियों के लिए नए आवासीय भवन भी इस परियोजना का हिस्सा हैं। यहां पर पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए मेस, बाह्य गतिविधियों की व्यवस्था और तनाव मुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित किया गया है। इसके अलावा महिलाओं के लिए 24◦7 महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जहां वे बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज कर सकती हैं।

**ग्राम प्रहरियों को किया सम्मानितः** उद्घाटन अवसर पर पुलिस आयुक्त ने ग्राम प्रहरियों को सम्मानित करते हुए उन्हें किट भी वित.रित की। कार्यक्रम में अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राजीव नारायण मिश्र, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजय कुमार, पुलिस उपायुक्त नोएडा यमुना प्रसाद, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी, ट्रैफिक डीसीपी लखन सिंह यादव समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



## ट्रेन की चपेट में आया बीटेक छात्र

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास रविवार को एक ट्रेन हादसे में बीटेक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रतापगढ़ निवासी 22 वर्षीय विशाल के रूप में हुई है। विशाल दनकौर क्षेत्र की एक निजी विश्वविद्यालय में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था। उसकी बहन दनकौर रेलवे स्टेशन के पास रहती है। रविवार को जब विशाल देर रात तक घर नहीं पहुंचा, तो बहन ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान उसे पता चला कि उसके भाई की ट्रेन हादसे में मौत हो गई है। जीआरपी पुलिस को रविवार को रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात युवक के शव की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दस लोगों का शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में किया चालान

**भोजपुर।** सोमवार को पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में क्षेत्र के दस व्यकतियों देवेन्द्र पाण्डे पुत्र लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम सैहल,मौ0 जुनैद पुत्र मौ0 शईद निवासी मौ0 घासंडी ,सलमान कुरैशी पुत्र गुलाम नबी ,अरशद पुत्र इन्तजार निवासी ग्राम अटरिया,मौ0 नईम पुत्र इख्तयार हुसैन निवासी ग्राम सिरसवा गौड़, इख्तयार हुसैन पुत्र मुश्तयाक हुसैन,मौ0 ताहिर पुत्र इख्तयार हुसैन ,अकरम अली पुत्र फिरासत अली और रुस्तम पुत्र लियाकत अली,मुशर्रफ पुत्र फिरासत अली निवासी सिरसवां गौड़ को हिरासत में लेकर चालान कर दिया।

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, मुरादाबाद**

पत्रांक : 1112/सं.प्र.-मुरादाबाद/ दिनांक 05.06.2025

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित उच्च आय वर्ग भवन संख्या जी0ए-92 प्रदेशन पत्रांक 259 दिनांक 30.05.1986 द्वारा कु0 कान्ती त्रिपाठी पुत्री स्व0 श्री टी0डी0 त्रिपाठी के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 04.10.1986 को इस कार्यालय से किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 04.10.1986 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया था। डा0 (कुमारी) कान्ती त्रिपाठी द्वारा अपने भतीजे श्री अमिताभ त्रिपाठी पुत्र डा0 देवकी नन्दन त्रिपाठी के पक्ष में दिनांक 11.07.1989 को पंजीकृत वसीयतनामा कर दिया गया। श्री अमिताभ त्रिपाठी की मृत्यु दिनांक 15.08.2002 को हो गई। श्री अमिताभ त्रिपाठी की मृत्योपरान्त पंजीकृत वसीयतनामा व वारिसान के आधार पर नामान्तरण इस कार्यालय आदेश पत्रांक सं0 105 / सं0प्र0-मु0 / दिनांक 17.01.2003 द्वारा श्रीमती कुमकुम त्रिपाठी पत्नी स्व0 श्री अमिताभ त्रिपाठी के पक्ष में भवन का नामान्तरण किया गया। श्रीमती कुमकुम त्रिपाठी के मुख्तारेआम श्री अनुराग त्रिपाठी पुत्र स्व0 श्री देवकी नन्दन त्रिपाठी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 26.02.2003 को इस कार्यालय से विक्रय विलेख मूल आवंटी / वर्तमान आवंटी के पक्ष में निष्पादित कराकर दिनांक 26.02.2003 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत करा लिया था। तदोपरान्त उक्त भवन मूल आवंटी श्रीमती कुमकुम त्रिपाठी द्वारा श्रीमती राजकुमारी सक्सैना पत्नी श्री अजय कुमार सक्सैना के पक्ष में दिनांक 16.02.2004 को सीधे रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है।

अब श्रीमती राजकुमारी सक्सैना पत्नी श्री अजय कुमार सक्सैना ने अपने प्रार्थना-पत्र दिनांक शून्य के द्वारा उच्च आय वर्ग भवन संख्या जी0ए-92, जिगर विहार योजना, मुरादाबाद को विक्रयोपरान्त अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है।

यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी ।

**आज्ञा से - सम्पत्ति प्रबन्धक**

# भूखंड बेचने का झांसा देकर डेढ़ करोड़ रूपये हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गाजियाबाद के रहने वाले प्रदीप गुप्ता ने ग्रेटर नोएडा के अंसल गोल्फ लिंक वन सोसाइटी में रहने वाली महिला महिमा और उनके पति पर आरोप लगाया है कि उन्होंने भूखंड बेचने का झांसा देकर उनसे डेढ़ करोड़ रुपये हड़प लिए।

प्रदीप गुप्ता के अनुसार, महिला ने 3.4 करोड़ रुपये में भूखंड बेचने का सौदा तय किया था और डेढ़ करोड़ रुपये बतौर बयाना ले लिए थे। पैसा लेने के बाद महिला और उनके पति ने भूखंड बेचने से मना कर दिया और बाद में दिए गए चेक भी बैंक में बाउंस हो गए।जब प्रदीप गुप्ता ने पैसे वापस मांगे, तो महिला ने अपने पति और तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उनकी मारपीट की। न्यायालय के आदेश पर बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने आरोपी दंपति और उनके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। यह मामला ग्रेटर नोएडा में भूमि संबंधित धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं का हिस्सा है। हाल ही में, महिपाल सिंह नामक व्यक्ति को 1 करोड़ रुपये के भूमि धोखाधड़ी के प्रयास में गिरफ्तार किया गया था, जिसमें उसने फर्जी आधार कार्ड का उपयोग करके 200 वर्ग मीटर के भूखंड की बिक्री का प्रयास किया था। इस मामले में, अधिकारियों ने आधार कार्ड में फोटो और जन्म तिथि में असंगतियां पाई, जिसके बाद जांच की गई और महिपाल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि महिपाल ने लंबे समय से खाली पड़ी भूमि की पहचान की और उसे बेचने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे।

# पुलिस ने दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

## 14 डॉलर सिंगापुर और 200 इंडोनेशिया रुपये, लाखों की जूलरी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस द्वारा बंद पड़े मकानों की रेकी करके चोरी करने वाले एक बदमाश और एक सुनार को पकड़ा है। इनके कब्जे से चोरी के आभूषण, विदेशी मुद्रा व चांदी के सिक्के बरामद किए गए है। इनकी पहचान सोनू गौतम हुई है। सोनू सुनार मनोज कुमार वर्मा को चोरी का कॉल बेचता था। पुलिस ने एआरटीओ ऑफिस के पीछे वाली सड़क से गिरफ्तार किया है।

एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि बदमाशों के पास से 4 अंगूठी पीली धातु, 01 गले का हार सफेद धातु, 2 गले का हार पीली व सफेद धातु, 14 डॉलर (सिंगापुर देश के), 200 रुपया (इंडोनेशिया देश के), 06 चांदी के सिक्के व 01 चांदी का नोट बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान सोनू ने बताया गया कि वह एनसीआर क्षेत्र में घूम-फिरकर घरों की रेकी करता है। चोरी किये गये आभूषणों को औने-पौने दामों में राह चलते व्यक्तियों को बेच देते है। उनके द्वारा यह सामान सेक्टर-35ए सोसाइटी के एक बन्द मकान से चोरी किया गया था।

**दुकान पर बेचता था गहनेः** इसके अलावा जो गहने नहीं बिकते थे। उसे मनोज की दुकान पर बेचता था। सुमित अधिकतर अकेले ही चोरी की घटना को अंजाम देता है। ताकि किसी को शक न हो और पकड़ा न जाए। सुनार मनोज चोरी के मॉल को पिघलाकर उसे बेचता था। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है।



# एनसीआर में घर के बाहर से वाहनों को चुराने वाले दो चोर पकड़े, कई वाहन बरामद

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में रात के समय घर के बाहर खड़ी होने वाले वाहनों को मास्टर की (चाबी) व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से ताला तोड़कर चोरी करने वाले एक गिरोह के दो शातिर बदमाशों को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की एक ब्रेजा कार, तीन मोटरसाइकिल, दो स्कूटी, ताला तोड़ने के उपकरण, 4 गाड़ी के टूटे हुए लॉक, 3 ईसीएम, 2 डिवाइस कार लॉक खोलने के लिये, 9 चाबी विभिन्न गाड़ियों की, 6 नम्बर प्लेट व एक मास्टर की (चाबी) सहित अन्य सामान बरामद किया है।

एडीसीपी नोएडा सुमित कुमार शुक्ला ने बताया किथाना सेक्टर-24 पुलिस ने आज इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से चेकिंग के दौरान वाहन चोरी करने वाले 2 अभियुक्त अनिल उर्फ अनीश पवार पुत्र लालबाबू तथा राजू सिंह उर्फ योगेश पुत्र खड़ग सिंह को सेक्टर-11 से सेक्टर-56 की तरफ आने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे व निशादेही से चोरी की गई एक कार ब्रेजा, 3 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी, 2 की (ताला तोड़ने के लिये), 4 गाड़ी के लॉक टूटे हुए, 3 ईसीएम, 2 डिवाईस कार लॉक खोलने के लिये व उनके वायर व 9 चाबी विभिन्न गाड़ियों की, 1 प्लास, 1 पेंचकस, 1 छैनी, 1 चुम्बक का टुकड़ा, 2 चाबी, 6 नम्बर प्लेट (3 गाड़ियों की) व एक मास्टर की (चाबी) बरामद हुए हैं।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र **अभिषेक** को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में **अभिषेक** के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **महेन्द्र सिंह पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम सहरिया पोस्ट गणेशपुर थाना मूढ़ापांडे तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जियानूर से बदलकर मौ0 जियानूर रख लिया है। भविष्य में मुझे मौ0 जियानूर पुत्र मौ0 फारुख के नाम से जाना जाए। **पता- ग्राम गजरौला सैद, पोस्ट बहेड़ी ब्रहमनान, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद।**

**सूचना**

मैं मौ0 जियानूर अपने बच्चे का नाम परिवर्तन कर रहा हूँ। पहले बच्चे का नाम मौ0 शारिब ज़रकानी था। जिसे बदलकर मौ0 शारिब जिया रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **पता- ग्राम गजरौला सैद, पोस्ट बहेड़ी ब्रहमनान, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद।**

**सम्बन्ध सूचना**

मैने अपने पुत्र अनुज कुमार पुत्र अशोक कुमार व पुत्रवधू श्रीमति प्रगति उर्फ प्रीति को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **अशोक कुमार पुत्र श्री हरपाल सिंह निवासीः खलील पुर कद्दीम मझरा चेतरामपुर छजलैट, जिला मुरादाबाद।**

**सूचना**

मैं मौ0 जियानूर अपने बच्चे का नाम परिवर्तन कर रहा हूँ। पहले बच्चे का नाम मौ0 जिया ताबिश था। जिसे बदलकर मौ0 ताबिश जिया रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **पता- ग्राम गजरौला सैद, पोस्ट बहेड़ी ब्रहमनान, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शाइस्ता जिया से बदलकर शाइस्ता परवीन रख लिया है। भविष्य में मुझे **शाइस्ता परवीन पत्नी मौ0 जियानूर के नाम से जाना जाए। पता- ग्राम गजरौला सैद, पोस्ट बहेड़ी ब्रहमनान, थाना भोजपुर, जनपद मुरादाबाद।**

● फ्रेंच ओपन-2025

# कार्लोस अल्काराज चैंपियन

● फाइनल में सिनर को पांच सेट में शिकस्त दी, 25 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिली



● यह कार्लोस अल्काराज का पांचवां ग्रैंड स्लैम फाइनल था और वे पांचवी बार विजेता बने



**पेरिस, वार्ता।** स्पेन के 22 साल के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन चैंपियन बन गए हैं। रविवार को 5 घंटे से लंबे चले संघर्षपूर्ण खिताबी मुकाबले में अल्काराज ने इटली के जैनिक सिनर को पांच सेट में शिकस्त दी। अल्काराज ने मुकाबला 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से जीता। उन्होंने यहां लगातार दूसरा खिताब जीता।

इसी के साथ अल्काराज ने ग्रैंड स्लैम में अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया है। यानी यह उनका पांचवां ग्रैंड स्लैम फाइनल था और वे पांचवीं बार विजेता बने। विजेता को 25 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिली, जबकि रनरअप को 13 करोड़ रुपये मिले। वहीं, ओपन एरा में छठी बार ऐसा हुआ जब फाइनल में शुरुआती दो सेट हारने के बाद कोई चैंपियन बना। फ्रेंच ओपन के सिंगल्स कैटेगरी के दोनों टाइटल इस बार नंबर-2 खिलाड़ियों के खाते में गए। इससे पहले, शनिवार को वर्ल्ड नंबर-2 कोको गाफ नंबर-1 आर्यना सबालेंका को हराकर चैंपियन बनी थीं। अब रविवार को नंबर-2 अल्काराज ने नंबर-1 सिनर को हराकर ऐसा किया। फैसला पांचवें सेट के टाई ब्रेक से हुआ ओपन एरा में केवल तीसरी बार मेंस सिंगल्स ग्रैंड स्लैम फाइनल का फैसला पां. चवें सेट के टाई ब्रेक से हुआ। इससे पहले, साल 2020 के यूएस ओपन में डोमिनिक थिएम और एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच फाइनल का नतीजा टाई ब्रेक से आया था, जिसमें थिएम विजेता बने थे। उससे पहले, विंबलडन 2019 में जोकोविच ने पांचवें सेट के टाईब्रेकर में फेडरर को हराकर खिताब जीता था। यह ग्रैंड स्लैम में पहली बार हुआ, जब साल 2000 के बाद जन्मे खिलाड़ी फाइनल में आमने-सामने हुए। वहीं, यह साल 2013 के बाद पहली बार हुआ, जब खिताबी मुकाबला वर्ल्ड रैंकिंग में टाप-2 खिलाड़ियों के बीच खेला गया। ओपन एरा में सबसे लंबा फ्रेंच ओपन फाइनल अल्काराज-सिनर का यह फाइनल मुकाबला फ्रेंच ओपन के ओपन एरा का सबसे लंबा फाइनल रहा। यह मैच 5 घंटे 29 तक चला। इसने 6 जून 1982 के गुइलेरमो विलास (अर्जेंटीना) और मेट्स विलेंडर (स्वीडन) के फाइनल का रिकॉर्ड तोड़ा। 4 घंटे 42 मिनट तक चले उस मुकाबले को विलेंडर ने 1-6, 7-6, 6-0, 6-4 से जीता था। अल्काराज से लगातार पांचवां मैच हारे सिनर यह अल्काराज की सिनर के खिलाफ लगातार पांचवीं जीत रही। उन्होंने पिछले महीने रोम मास्टर्स के फाइनल में भी सिनर को हराया था। दोनों के बीच अब तक 12 मैच खेले गए हैं, जिसमें से अल्काराज ने 8 जीते हैं।

## बेंगलुरु भगदड़ः आरसीबी की याचिका पर सुनवाई आज

**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसी.बी) के खिलाफ चिन्नास्वामी स्टेडियम में भगदड़ को लेकर दर्ज आपराधिक मामला रद्द करने पर कल सुनवाई होगी। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका लगाई ते हुए कहा था कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है। आरसीबी ने तर्क दिया है कि उस पर गलत आरोप लगाए गए हैं। सोशल मीडिया पर साफ बताया गया था कि एंट्री पास लिमिटेड हैं। स्टेडियम के गेट दोपहर 1:45 बजे खुलने वाले थे लेकिन दोपहर 3 बजे खोले गए, जिससे स्टेडियम के बाहर भीड़ बढ़ती गई। दरअसल, बेंगलुरु में 4 जून को हुई भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी और 75 घायल हुए थे। एडवोकेट जनरल शशिकिरण शेट्टी ने अदालत से अपील करते हुए कहा कि भगदड़ मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं पर 10 जून को एक साथ सुनवाई की जाए। इवेंट आयोजक डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड ने भी अपने खिलाफ एफआईआर को चुनौती देते हुए एक अलग याचिका दायर की है। कंपनी का कहना है कि पुलिस भीड़ संभाल नहीं पाई। इस वजह से भगदड़ हुई। अब इन दोनों ही मामलों पर 10 जून को सुनवाई होगी। आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के चार अधिकारियों को 6 जून को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के चार अधिकारियों को 6 जून को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसले के वकील ने हाईकोर्ट में कहा कि निखिल को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि सीएम सिद्धारमैया ने सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) को उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया था। कोर्ट 6 जून को हुई निखिल सोसले की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। वकील ने कोर्ट में कहा कि निखिल सोसले अशोक नगर पुलिस थाना इलाके में रहते हैं।

■ आपराधिक मामला रद्द करने की अपील, फ्रेंचाइजी का दावा, हमें झूठा फंसाया गया

## आरपीसीए और आरसीएन ने अपने अपने मैच जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीडीसीए महिला टी-20 लीग के पहले दिन सोमवार को आरपीसीए ने एनके खन्ना सीसी को 44 रनों से और आरसीएन ने आनंद स्पोटर्स को 42 रनों से हराया। आज यहां सुश्री संगीता जेटली ने नई दिल्ली के बाराखंभा रोड स्थित मॉडर्न स्कूल ग्राउंड में डीडीसीए महिला टी-20 लीग का उद्घाटन किया। दिन के पहले मुकाबले में आरपीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 108 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एनके खन्ना सीसी की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 64 रन ही बना सकी और 44 रनों से मुकाबला हार गई। वहीं दिन के दूसरे मैच में आरसीएन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 135 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को चार विकेट से हराया

**ब्रिस्टल, वार्ता।** जॉस बटलर (47), कप्तान हैरी ब्रूक (34) और टॉम बैंटन (नाबाद 30) रनों की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को नौ गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी खबरा रही और उसने जेमी स्मिथ (चार) के रूप में अपना पहला विकेट गवां दिया। इसके बाद बेन डकेट और जॉस बटलर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। बेन डकेट 18 गेंदों में (30) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड का तीसरा विकेट जॉस बटलर के रूप में गिरा। बटलर ने 36 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (47) रन बनाए। कप्तान हैरी ब्रूक ने 20 गेंदों में (34), जेकब बेथेल ने 10 गेंदों में (26), विल (11) रन बनाकर आउट हुए। टॉम बैंटन ने 11 गेंदों में तीन चौके , दो छक्के लगाए।

## सिकंदर रजा ने लगाया नस्लीय दुर्व्यवहार का आरोप

**हरारे, वार्ता।** जिम्बाब्वे के आलराउंडर सिकंदर रजा ने स्थानीय कोच पर नस्लीय दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। यह घटना 1 जून को विग्ने कप मैच के दौरान की है। वह अपनी टीम ओल्ड हरारियंस की तरफ से रेनबो क्रिकेट क्लब के खिलाफ खेल रहे थे। हरारे मेट्रोपालिटन क्रिकेट एसोसिएशन में शिकायत दी उन्होंने इसकी शिकायत हरारे मेट्रोपालिटन क्रिकेट एसोसिएशन में दी है।

क्रिकेट की वेबसाइट ईएसपीएन क्रिक इन्फो के मुताबिक रजा ने आरोप लगाया है कि वह ओल्ड हरारियंस क्लब में ओल्ड हरारियंस और रेनबो क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए मैच के दौरान जब ग्राउंड से बाहर जा रहे थे, तब कोच ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की। रजा ने कहा कि मैं इस घटना की पूरी जांच की मांग करता हूं। अगर कोच दोषी पाया जाता है, तो उन्हें ऐसा सबक सिखाया जाना चाहिए कि भविष्य में किसी के साथ ऐसी घटना न हो। मैच के दौरान रजा ने 56 गेंदों में 78 रन बनाए, जिससे उनकी टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 402 रन बनाए। जवाब में रेनबो क्रिकेट क्लब ने 39 ओवर में 8 विकेट पर 225 रन बनाए और डीएलएस पद्धति से 142 रनों से मैच हार गई। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स को खिताब जिताने में अहम रोल निभाया था रजा ने पीएसएल में लाहौर कलंदर्स को खिताब जिताने में अहम रोल निभाया था। उन्होंने लाहौर में खेले गए फाइनल में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाफ विजई रन बनाए थे। उन्होंने 7 गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए थे। साथ ही एक विकेट भी लिया था। यह 2025 में रजा का दूसरा टी20 फ्रेंचाइजी ट्राफी रहा। इससे पहले उन्होंने प्स्ज्20 भी जीता था। इंग्लैंड ने ब्रिस्टल में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में विंडीज को 4 विकेट से हराया। इसके साथ ही इंग्लैंड तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाने के साथ ही सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया है। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 196 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 6 विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।



## पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो, वार्ता।** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्व. कप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कारिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा कि यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं।

## सौरभ कुमार नए घरेलू सत्र में आंध्र प्रदेश के लिए खेलेंगे

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के 32 वर्षीय स्पिन गेंदबाज सौरभ कुमार नए घरेलू सत्र में आंध्रा की ओर से खेलेंगे। सौरभ ने बताया कि उसे उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल चुका है और वह इस नई पारी को लेकर बहुत उत्साहित हैं। सौरभ ने कहा, हमैं कुछ नए मौके तलाश में था और पिछले कुछ दिनों से मेरी दो-तीन टीमों से बात हो थी। अंततः मैंने आंध्रप्रदेश का चयन किया, क्योंकि वह एक बेहतर टीम है और एलीट ग्रुप में खेलती है। फिलहाल मैं इस अवसर पाकर बहुत उत्साहित हूं। 32 वर्षीय सौरभ इससे पहले सर्विसेज (2014-15) और उत्तर प्रदेश (2015-16 से 2024-25 तक) के लिए घरेलू क्रिकेट खेल चुके हैं। उन्होंने 79 प्रथम श्रेणी मैचों में 26-45 की औसत से 324 विकेट लिए हैं, जिसमें 25 बार पांच और आठ बार मैच में 10 विकेट लेना शामिल है।

## स्पेन को हराकर पुर्तगाल ने जीता यूईएफए नेशंस लीग का खिताब

● क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और लीग फाइनल में गोल करनो वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने

**म्यूनिख, वार्ता।** पुर्तगाल ने स्पेन को शूटआउट में हराकर यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ वह दो बार यह कारनामा करने वाली पहली टीम बन गई है।

म्यूनिख फुटबॉल एरिना में रविवार रात खेले गए फाइनल में दोनों टीमों के बीच अतिरिक्त समय के बाद मुकाबला 2-2 से बराबरी रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने स्पेन पर 5-3 से जीत दर्ज कर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया। 40 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टूर्नामेंट का अपना आठवां गोल किया और नेशंस लीग फाइनल में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। स्पेन के लिए पहले हाफ में मार्टिन जुबिमेंडी ने 21वें मिनट में गोलकर अपनी टीम बढ़त दिलाई। इसके पांच मिनट बाद पुर्तगाल के नूनो मेंडेस अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मिकेल ओयार्जाबल ने पेड्री के पास को गोल में बदलकर स्पेन को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में रोनाल्डो मैच के 61वें मिनट मे गोलकर पुर्तगाल को 2-2 बराबरी पर ला दिया। यह रोनाल्डा का 938वां गोल था। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाई। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद हुए शूटआउट में पुर्तगाल ने पांच और स्पेन ने तीन गोल किए। पेनल्टी शूटआउट में गोंसालो रामोस ने पुर्तगाल की ओर से पहला, विटिना ने दूसरा गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस ने तीसरा गोल किया। चौथा गोल नूनो मेंडेस के हिस्से में आया। पुर्तगाल की ओर से रूबेन नेवेस ने पांचवां गोलकर अपनी टीम को 5-3 से जीत दिला दी। वहीं स्पेन के लिए मेरिनो, एलेक्स बेना और इस्को ने गोल किए।

## अन्नू-रोहित ने जीते स्वर्ण पदक

■ चैंपियन अन्नू रानी ने अपने दूसरे थ्रो में 56.82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथभाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता



**ताइपे, वार्ता।** दो बार की ओलंपियन अन्नू रानी और रोहित यादव ने चीनी ताइपे में ताइवान एथलेटिक्स ओपन 2025 के दूसरे दिन रविवार को अपनी-अपनी भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। इसी के साथ भारत ने 10 पदक जीते, जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल है। भारत ने ताइवान एथलेटिक्स ओपन के पहले दिन छह स्वर्ण भी जीते थे, जिससे उनके कुल पदकों की संख्या 16 हो गई।

इन पदकों में 12 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य शामिल है। भारतीय दल ने प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो स्वर्ण पदक जीते। एशियन गेम्स की चैंपियन अन्नू रानी ने अपने दूसरे थ्रो में 56-82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका की हैटराबेज लेक. ामलागे ने 56-62 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक जीता और चीनी ताइपे की पिन-सुन चू 53-03 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले दिन में दो बार के पुरुष भाला फेंक नेशनल चैंपियन रोहित यादव ने चुनौतीपूर्ण मौसम का सामना करते हुए भारत को दिन का पहला पदक जिताया। तेज हवाओं के बीच कोई भी एथलीट 75 मीटर के मार्क को पार नहीं कर पाया, लेकिन रोहि. हत यादव ने अपने पहले थ्रो में 71-46 मीटर के साथ प्रतियोगिता पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। इसके बाद उन्होंने दूसरे थ्रो में अपनी बढ़त में सुधार किया और 74-25 मीटर का थ्रो किया।

रोहित ने अपने आखिरी प्रयास में 74-42 मीटर का थ्रो करके शीर्ष पोडियम स्थान पर अपनी जगह बनाई।

## टीम इंडिया के होम सीरीज के वेन्यू शिफ्ट हुए

वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट कोलकाता से शिफ्ट हुआ, बीसीसीआई ने घोषणा की

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने 2025 के इंटरनेशनल होम सीजन और साउथ अफ्रीका ए के भारत दौरे के लिए वेन्यू में बदलाव किए हैं। टीम इंडिया अक्टूबर से दिसम्बर के बीच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से सीरीज खेलेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज अक्टूबर में होगी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज नवम्बर-दिसम्बर में खेलेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट जो पहले कोलकाता में होना था, अब नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बीच, 14 नवम्बर से शुरू होने वाले साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट नई दिल्ली से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शिफ्ट कर दिया गया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और दिल्ली में 2 टेस्ट टीम इंडिया का होम सीजन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज से शुरू होगा। 2 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। 10 अक्टूबर से दूसरा टेस्ट कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन अब ए दिल्ली में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं। इसके बाद टीम इंडिया 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। फिर 29 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक ऑस्ट्रेलिया में 5 टी-20 की सीरीज भी होगी। साउथ अफ्रीका से पहला टेस्ट दिल्ली से कोलकाता शिफ्ट हुआ ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। 18 नवम्बर से कोलकाता में पहला टेस्ट और 26 नवम्बर से गुवाहाटी में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। पहला टेस्ट पहले दिल्ली में खेला जाना था। बरसापारा स्टेडियम में पहली बार रेड बाल से इंटरनेशनल मैच होगा। इससे पहले यहां वनडे और टी-20 के 12 इंटरनेशनल मैच खेले जा चुके हैं। 30 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक दोनों टीमों के बीच 3 वनडे होंगे। इनकी मेजबानी रांची, रायपुर और वाइजैग को मिली है। 9 से 19 दिसम्बर तक दोनों टीमें 5 टी-20 खेलेंगी। इनकी मेजबानी कटक, मुल्लांपुर, धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद को मिली है भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दिसम्बर 2023 में आखिरी टेस्ट सीरीज हुई थी। यह 1-1 से ड्रा रही थी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दिसम्बर 2023 में आखिरी टेस्ट सीरीज हुई थी। यह 1-1 से ड्रा रही थी। इंडिया ए के मैच अब राजकोट में खेले जाएंगे इंडिया ए और साउथ अफ्रीका ए के बीच 30 अक्टूबर से दो मल्टी-डे और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। मल्टी-डे मैच बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होंगे।



फाइल फोटो

# रेलवे स्टेशन के कायाकल्प कार्यों की गति पर उठाए सवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा सोमवार को चन्दौसी रेलवे स्टेशन अधीक्षक को रेलवे स्टेशन परिसर में किये जा रहे कायाकल्प कार्यों को लेकर ज्ञापन दिया गया। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर कराया जा रहा है विकास कार्य में लापरवाही बरती जा रही है।

अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्य को एक वर्ष से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी गति नहीं मिल पाई है। एक साल से ज्यादा के समय में सिर्फ प्लेटफॉर्म नंबर एक के उच्चीकरण का ही कार्य पूरा हुआ है जबकि लिफ्ट, प्लेटफॉर्म दो के उच्चीकरण, मुख्य द्वार का सौंदर्याकरण आदि कार्य अधर में लटके हैं। कायाकल्प कार्यों के निरीक्षण के नाम पर अधिकारी भी सिर्फ खानापूर्ति कर चले जाते हैं पर उत्तदायी संस्था के कान पर जूं तक नही रेंगती है। बताया गया कि अमृत योजना के तहत चंदौसी रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट, संयुक्त प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठने के लिए लॉज, स्टेशन के फ्रंट का विकास व सौंदर्याकरण और एक व दो प्लेटफॉर्म के उच्चीकरण का कार्य होना प्रस्तावित है जिसमें करीब 18 करोड़ रुपये धनराशि की लागत आएगी। इसके लिए कार्यदायी संस्था ने वर्ष 2023 के नवंबर माह में कायाकल्प का कार्य शुरू कर दिया था। लेकिन एक वर्ष से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी लगभग 40 प्रतिशत कार्य ही पूरा किया गया है। वेटिंग रूम, स्टेशन के फ्रंट व परिसर के अंदर का सौंदर्याकरण, प्लेटफॉर्म दो की ऊंचाई बढ़ाना, लिफ्ट आदि का निर्माण कार्य अब भी अधर में लटका है। कार्यदायी संस्था ने शुरुआत से निर्माण कार्य को गति नहीं दी। बीच बीच में कई बार काम बंद भी हुआ। डीआरएम भी कार्य को लेकर असंतोष जता चुके है और संबंधित कार्य में तेजी लाने के निर्देश दे चुके हैं परंतु उसके बावजूद भी कार्यदायी संस्था एक साल से ज्यादा के समय में भी कायाकल्प का कार्य पूरा नहीं कर पाई। व्यापार मंडल द्वारा चेतावनी दी गई कि 05 माह के अंदर कार्य पूरा नही किया गया तो स्टेशन परिसर में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर शाहआलम मंसूरी, तुषार क्रष्टल, इमरान, इरफान मंसुरी, मुजीव, शुभम अग्रवाल, राजा कुरैशी, अमन आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान संघ ने विद्युत समस्या को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समस्याओं का निदान न होने पर आंदोलन की दी धमकी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारतीय किसान संघ ने विद्युत समस्या को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन। मुरादाबाद जनपद के बिलारी के खंडवा गाँव में पिछले चार महीनों से विद्युत विभाग की मनमानी/लाप. रवाही के कारण विद्युत अव्यवस्था के सम्बन्ध में बिलारी उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम खंडवा गाँव में पिछले चार महीनों से गाँव की आधी आवादी को विद्युत आपुर्ति नही हो पा रही है जिसे कई बार मौखिक रूप से शिकायत भी की गई लेकिन सम्बन्धित विभाग के अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा इस पर कोई संज्ञान नही लिया गया, साथ ही समबन्धित एसडीओ तथा जेई को दूरभाष पर कॉल रिसीव न करना, उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाता है। गाँव में 24 घंटे में 5 से 6 घंटे मुश्किल से सप्लाई मिल पा रही है जिसके कारण ग्रामीणों एवं किसानों को पीने के पानी एवं पशुओं के लिये लगातार परेशानी का सामना करना पड रहा है। भीषण गर्मी के कारण ग्रामवासी बेहाल है। कई बार एसडीओ तथा जेई से मिलकर विद्युत आपुर्ति सुचारू रूप से देने की माँग की गई। लेकिन जेई की मनमानी व दबंगई के कारण कोई भी समाधान नहीं निकाला गया अब हालात यह है कि ग्रामवासी परेशान है लेकिन कोई भी सुनवाई नही हो पा रही है। उपरोक्त विद्युत विभाग की मनमानी को देखते हुऐ भारतीय किसान संघ ग्रामीणों व किसानों के जनहित को ध्यान में रखते हुए ग्राम खडवा तथा अन्य गांवों में विद्युत अव्यवस्था को दूर करने की माँग करता हैं। अगर सात दिनों में सेड्यूल के अनुसार विद्युत आपुर्ति नही मिली तो भारतीय किसान संघ एक बड़े आन्दोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर ओमवीर सिंह जिला अध्यक्ष, रमेश चंद्र विभाग संगठन मंत्री, ऋषिपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष, तेजभान सिंह राघव प्रांत प्रचार प्रमुख, जुग्नेश राघव प्रांत प्रचार प्रमुख, पवन कोहली जिला प्रचार प्रमुख, अमन सक्सैना ब्लॉक मंत्री, विजय कुमार ब्लॉक प्रचार प्रमुख, कमल प्रजापति, मनोहर सिंह, सतनाम सिंह, उमेश यादव लल्लू सिंह तुरैहा, प्रिंस, शिवम, अनिल ठाकुर, ठाकुर अमन पाल सिंह, गौरव कुमार, ठाकुर अनिल चौहान, अविनेश गोस्वामी निशांत, रघुवीर सिंह तुरैहा, सहित भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा ग्रामीण मौजूद रहे।



# दबंगों ने की घर में घुसकर युवक की पीट-पीटकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के मंझोला थाना क्षेत्र स्थित शराफत नगर हड्डी मिल इलाके में मामूली विवाद ने एक शख्स की जान ले ली। जानकारी के मुताबिक, आरिफ पुत्र नूर पर रविवार देर रात कुछ दबंगों ने उसके ही घर में घुसकर लाठी-डंडों से बेरहमी से हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, विवाद की शुरुआत बच्चों के बीच गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुई थी। मोहल्लेवालों ने उस समय मामला शांत करा दिया था, लेकिन रात करीब 11:30 बजे हमलावर दोबारा आरिफ के घर पहुंचे और हमला कर दिया। मृतक के साले ने बताया कि आरोपियों में मोहल्ले के ही मुस्लिम, मुख्तयार, आसिफ, शाजिद, आदिल, असीस, मोहम्मद कैफ शामिल थे। इन लोगों ने अगवानपुर से कुछ अन्य युवकों को बुलाकर आरिफ के घर पर धावा बोला। इस दौरान उन्होंने देसी तमंचे भी लहराए। हमले में आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी महेजाहा से उसकी शादी 2002 में हुई थी। उनके चार बेटे और एक बेटी है, सभी नाबालिग हैं। आरिफ ही परिवार का इकलौता कमाने वाला था पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर दो आरोपियों ख्र मुस्लिम और मुख्तयार ख्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी हमलावरों की तलाश में छापेमारी जारी है। परिवार का कहना है कि सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# बेसहारा मृत गोवंश के अंतिम संस्कार के लिए ज्ञापन देकर जगह की उठाई मांग

**कांठ।** विकास शर्मा जिला संयोजक गौ सेवा गतिविधि, द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी मुरादाबाद को ज्ञापन देकर मृत गोवंश के अंतिम संस्कार हेतु भूमि आवंटित करने की मांग की, कहा अगर कोई निराश्रित गोवंश एवं पशु एक्सीडेंट बीमारी या अन्य किसी कारण से उसकी मृत्यु हो जाता है। उसके अंतिम संस्कार के लिए कोई स्थान चिन्हित नहीं है इसलिए कांठ नगर में या आसपास क्षेत्र में कोई ऐसी जगह चिन्हित कर दी जाए जिसमें निराश्रित मृतक गोवंश एवं पशुओं का अंतिम संस्कार कराया जा सके। डीएम द्वारा जल्द ही जगह चिन्हित कराकर नगर पंचायत को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

# भाकियू की मासिक बैठक का किसान भवन पर आयोजन

**मंडल स्तर के नेताओं ने मंडल आयुक्त कार्यालय पर दिया ज्ञापन**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक का आयोजन किसान भवन छजलैट पर किया गया जिसमें किसानों ने नहरो में पानी समय से बिजली और अन्य कई मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया किसानों का कहना था कि नहरो में पानी नही है फिर विभाग टेल तक पानी पहुंचाने का दावा कैसे कर रहा है जबकि किसानों की फसले खेतों में पानी के लिए तरस रही है।

इसके अलावा बिजली समय पर ना आने के कारण किसान ट्यूवेल से सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं जंगलों में तेंदुए के आतंक से किसान त्रस्त हैं उन्होंने बैठक में तेंद. ुओं को पकड़वाए जाने की मांग उठाई किसानों ने मिट्टी परीक्षण आदि जैसे कई किसान हित के मुद्दे उठाए और कहा कि बरसों से मांग करने के बावजूद भी सरकारी अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन के नेता जिला अध्यक्ष घनेंद्र शर्मा चौधरी ऋषिपाल सिंह डॉक्टर नो सिंह आदि ने किसानों से संबंधित दर्जन भर समस्याओं को लेकर मंडल आयुक्त कार्यालय पर ज्ञापन सोपा और चेताया कि किसानों को इन समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन न करना पड़े। ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा सभी से हरिद्वार मे होने वाले चिंतन शिविर मे पहुंचने का आह्वान किया गया इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कुमार युवा ब्लॉक अध्यक्ष पीयूष चौधरी तहसील उपाध्यक्ष सलीम अहमद रामपाल सिंह रामकला सिंह अनोज कुमार सतपाल सिंह अंश चौधरी धर्मपाल सैनी ओमपाल सैनी चंद्रकिशोर आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### बहू-प्रेमी के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सतारन में मिले शव का खुलासा होने के बाद मृतक प्रदीप निवासी मनोहरपुर थाना मझोला के पिता ने पत्नी उसके पिता और प्रेमी को उसकी मौत का जिम्मेदार बताते हुए एफआईआर दर्ज कराई। दरोगा विनोद कुमार ने कांस्टेबल राहुल सोमवीर सिंह और शिवानी के साथ नाम जब पत्नी पूजा और उसके पिता हरकिशन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। अब पुलिस तीसरे नामजद प्रेमी सृजन निवासी ग्राम जैतिया फिरोजपुर थाना कुंदरकी की तलाश में जुटी हुई है। बताया जाता है कि पति से विवाद के कारण पूजा अक्सर मायके में रहती थी इस दौरान सृजन नामक रिश्तेदार से उसके संबंध हो गए। मृतक दो साल के बेटे को देखने ससुराल आया था तो पूजा ने उसको बेटा नहीं दिखाया तो विवाद हो गया इस दौरान उसने कुछ विषाक्त पदार्थ खा लिया। शाम को उसका शव गांव के निकट नलकूप के पास पड़ा मिला। मृतक के शरीर पर चोट आदि का कोई निशान नहीं था पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कोई कारण स्पष्ट नहीं होने पर उसका बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस जांच में पता चला पूनम की सृजन से दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से हो गई।रिश्तेदार भी था इसलिए घर आने लगा। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा का कहना है की घटना में तीसरे नामजद की तलाश की जा रही है।

### एक वर्ष बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई पुलिस

**बहजोई।** लगभग एक वर्ष पूर्व चार बच्चों की मां को बहलाकर ले जाने वालों के खिलाफ पुलिस अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर पाई है। पति थाना, उच्च अधिकारियों एवं पोर्टल पर शिकायत कर चुका है परंतु अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। थाना बहजोई के गांव रायपुर कला नि0 संजीव पुत्र दुर्गपाल का ने आईजी बरेली जोन को शिकायती पत्र भेजकर कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2015 में सपना पुत्री सत्यवीर सिंह नि0 ग्राम चाचीपुर अलीपुर थाना उघैती जिला बदायूं से हुई थी। लगभग एक वर्ष पूर्व उसकी पत्नी सपना घर से गायब हो गई तो थाना बहजोई में गुमशुदगी दर्ज करायी। रिश्तेदारों से उसे पता लगा कि उसकी पत्नी को धर्मेन्द्र पुत्र भगवान सिंह नि0 धनियावली थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूं व उसके साथ देवेन्द्र पुत्र लालसिंह, अमन पुत्र देवेन्द्र नि0 ग्राम तर्क परौली थाना फैजगंज बेहटा तथा गांव का ही एक अशोक पुत्र तेजपाल बहला फुसलाकर अपने साथ ले गये तथा वह नोएडा में रह रहे हैं। संजीव का कहना है कि उसने धारा 366, 323, 504, 506 आईपीसी के थाना बहजोई पर मुकदमा पंजीकृत कराया परंतु विवेचक द्वारा अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है और उल्टा उसके भाई को थाने में बैठा लिया गया जबकि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। संजीव ने बताया कि उसके चार बच्चे हैं।

### जीएसटी टीम ने पकड़ी गाड़ी

**चंदौसी।** सीताआश्रम चौकी पुलिस ने बदायूं दिशा की ओर से आ रही गाड़ी को रोक लिया। रोकी गई टोयोटा गाड़ी यूपी 14 बीजेड 3924 में दस कट्टों में मैंथा क्रिस्टल भरा हुआ था। चौकी इंचार्ज शिवाजी पुंडीर ने सहायक जीएसटी ऑफिसर को सूचना दी गयी। मुरादाबाद से सहायक आयुक्त की टीम चन्दौसी पहुंची। वहां चौकी क्षेत्र के पुलिस के पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में जांच की तो पाया 10 कट्टों में 50 किग्रा के मैंथा क्रिस्टल निकला। जीएसटी ऑफिसर के अनुसार, पूरा मामला संज्ञान में है। कितना टैक्स चोरी किया गया है, मुरादाबाद पहुंचकर आंकलन किया जायेगा।

### जेठ के लड़के पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दहेज में 5 लाख की नकदी व कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता का ससुराल पक्ष के लोगों ने शारीरिक्त व मानसिक उत्पीड़न किया। विवाहिता ने जेठ के लड़के पर तमंचे की नोक पर दुष्कर्म का आरोप भी लगाया है। वहीं मुकदमे में कहा कि मायके से आए भाइयों के सामने मारपीट करके उसे घर से बाहर निकाल दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। जिला रामपुर के सैफनी थाने के एक गांव की रहने वाली युवती की शादी अब से 3 साल पहले बिलारी के एक गांव के रहने वाले युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि वह मारपीट किया करते थे और कमरे में बंदकर भूखा प्यासा रखते थे। 29 मई की रात को जेठ का लड़का तमंचा लेकर घर में घुस आया और सोते समय दबोच का जबरन रेप किया। यह बात ससुराल पक्ष के लोगों को बताई तो उन्होंने किसी को बताने से मना कर दिया। इस मामले में तहरीर पर पति साजिद, जेठ मुशाहिद, जेठ का लड़का नदीम, नंद दिलशमां, जेठानी शाइस्ता के अलावा नानपुर निवासी इसरार पुत्र मेहंदी हसन को नामजद कराया गया।

# राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने समाधान दिवस में की शिकायत



**चन्दौसी।** सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति द्वारा शिकायतीपत्र देकर कहा गया कि चन्दौसी शाहबाद मार्ग पर ग्राम असालतपुर जारई से लगभग दो किलोमीटर आगे 05 मीटर चौड़ा कच्चा रास्ता जो कि बनियाठेर से चन्दौसी मुरादाबाद हाईवे से जुड़ा है। उक्त रास्ते को पीडब्ल्यूडी जिला संभल के अधिकारी फोरलाइन पक्की सड़क जो कि चन्दौसी शाहबाद रोड से कच्ची सड़क को जोड़ना बनियाठेर हाईवे से जोड़ना प्रस्तावित है।

उक्त पीडब्ल्यूडी संभल के अधिकारी को पांच मीटर चौड़ कच्चा रास्ते को बीच में केंद्र बिंदु मानकर दोनों तरफ की भूमि बराबर-बराबर नापनी चाहिए थी परंतु अधिकारी अपने निजी स्वार्थ के कारण उक्त हिंदुस्तान इंडस्ट्रीज प्लेज पार्क के स्वामी से मिलीभगत कर कच्चे रास्ते के बीच से दोनों तरफ की भूमि न नापकर उक्त व्यक्ति की भूमि को बचाने के उद्देश्य से किसानों की एक तरफ की भ्झूमि सडक में ले रहे हैं जो कि किसानों के साथ न्यायहित में नहीं है जिसकी वजह से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों द्वारा मांग की गई कि निष्पक्ष तरीके से कच्ची सड़क के दोनों ओर की भूमि बराबर-बराबर सड़क निर्माण में ली जाये तथा उक्त भूमि का संबंधित सभी किसानों को सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिया जाये। शिकायतकर्ताओं में रामेश्वरदयाल शर्मा, शानू शर्मा, अनिल कुमार, देशपालसिंह, वीरेन्द्र सिंह, अमरसिंह आदि रहे।

# सड़क रख रखाव सुरक्षा में आएगा बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोक निर्माण विभाग ने उत्तरी दिल्ली की पांच प्रमुख सड़कों पर १७.९० लाख रुपये की लागत से चौनेज मार्किंग की परियोजना शुरू की है। हाई- क्वालिटी पेंट और रिफ्लेक्टिव सामग्री से तैयार ये मार्किंग्स नेविगेशन को आसान बनाएंगी और सड़क रखरखाव और सुरक्षा में भी बदलाव लाएंगी। इससे दिल्ली की सड़कों पर रात का सफर और भी सुरक्षित और सुगम होगा। दिल्ली जैसे व्यस्त महानगर में यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए यह तकनीक बेहद कारगर रहेगी। पीडब्ल्यूडी ने उत्तरी दिल्ली सब डिवीजन के अंतर्गत एनआर-११, १२, १३, १४ और १५ जैसी प्रमुख सड़कों पर चौनेज मार्किंग का काम शुरू किया है। इसकी कुल लागत १७.९० लाख रुपये है। इस काम को इसी महीने मानसून आने से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली के अन्य हिस्सों की सड़कों पर भी इस तरह की चौनेज मार्किंग की योजना है। उत्तरी दिल्ली में औचंदी से दरियापुर गांव तक एनआर-१५ की सड़क को नए सिरे से बनाया जाएगा।

# हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप ने किया शरबत वितरण कार्यक्रम



**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में भगवान कुमार कार्तिकेय गेट के आगे कोतवाली के पीछे हरे रामा हरे कृष्णा भक्ति में ग्रुप के तत्वाधान में ज्यैष्ठ माह के द्वितीय सोमवार को शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप की श्रद्धालु महिलाओं ने स्टॉल लगाकर रहागीरो को शरबत वितरण किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने ठंडा-ठंडा रूह अफजा मिलाकर रहागीरो को शरबत पिलाकर धर्म लाभ कमाया। इस दौरान श्रद्धालु महिलाओं में हरे रामा हरे कृष्णा ग्रुप की शालिनी चुग, दीपा अग्रवाल, उमा अग्रवाल, चंचल सिंघल, कनिका गुप्ता, सरिका गुप्ता, गरिमा गुप्ता, मिली गुप्ता, पायल सक्सेना, तनु आदि महिलाओं का पूर्ण सहयोग रहा।

# नुक्कड़ नाटक कर दिया स्वच्छता का संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा जनसमस्याओं को सुना गया। साथ ही संविलियन विद्यालय हर्रायपुर के बच्चों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी व नुक्कड़ नाटक की सराहना की गई। छात्र-छात्राओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। बच्चों द्वारा प्रदर्शनी में भारत का नक्शा, गणितीय ज्ञान के लिए शंकु, बेलन, गोला, अर्द्धगोला बनाये गये जिसके माध्यम विभिन्न सूत्रों का प्रयोग करना बताया गया। विद्यालय के अध्यापक महेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय में बेहतर शिक्षा एवं रख-रखाव के लिए उन्हें राष्ट्रपति से पुरस्कार मिला है। विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षक लगातार मेहनत कर रहे हैं। सोमवार को विद्यालय के बच्चों ने जहां भारत के नक्शे में श्रीनगर पहलगाम की घटना से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिये। जिलाधिकारी अवनीश राय व एसएसपी डा0 ब्रज. ेश कुमार सिंह द्वारा बच्चे के कार्यो की सराहना की गइ।

# गर्मी में शरबत की सेवा या पर्यावरण से धोखा

## शहर में रोजाना हो जाता है प्लास्टिक के हजारों गिलासों का कूड़ा



**चन्दौसी।** गर्मी के इस भीषण मौसम में जगह-जगह राहगीरों के लिए शर्बत वितरण रोजाना किया जा रहा है लेकिन इसके पीछे छिपा एक बड़ा पर्यावरणीय संकट नजरअंदाज किया जा रहा है।

शहर के प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों में रोजाना लोग ठंडा शर्बत बांटते हुए देखे जा सकते हैं लेकिन इसके साथ ही प्लास्टिक के गिलासों का कूड़ा खुले में फेंका जा रहा है जिससे पर्यावरण को तो खतरा है ही, इससे शहर की सफाई व्यवस्था खराब होती है। सफाईकर्मियों पर बात पर यकीन करें तो हर दिन सड़कों से हजारों प्लास्टिक के गिलास इकट्ठा किए जा रहे हैं। एक ओर लोग सेवा के नाम पर शर्बत बांट रहे हैं तो दूसरी ओर वे स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्लास्टिक, बायोडिग्रेडेबल न होने के कारण लंबे समय तक मिट्टी और जल स्रोतों को प्रदूषित करता है। साथ ही प्लास्टिक जलाए जाने पर यह जहरीली गैस छोड़ता है जो इंसानों और जानवरों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। ऐसे में यदि शर्बत वितरण करना हो तो पेपर गिलास, मिट्टी के कुल्हड़ या पुनः उपयोग किए जा सकने वाले स्टील के गिलास का प्रयोग करें। साथ ही इस्तेमाल के बाद कूड़ेदान में ही फेंकने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। हालांकि शर्बत पिलाना एक सराहनीय कार्य है लेकिन सेवा के साथ जिम्मेदारी भी जरूरी है। यदि हम सच में समाज और मानवता की सेवा करना चाहते हैं तो हमें पर्यावरण की सुरक्षा को भी उतना ही महत्व देना होगा।


# सम्पादकीय

मंगलवार, 10 जून 2025

## पक्षपातपूर्ण नीति का नतीजा

मणिपुर में हुई ताजा हिंसक घटनाओं के बाद खाने-पीने की चीजें और दवाइयों की भारी कमी हो गई है, यहां तक कि जरूरी सामानों के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं। हिंसा प्रभावित कई इलाकों में दवाइयां तक नहीं मिल रही हैं। अब सारी चीजें मिजोरम के रास्ते आ रही हैं। इसलिए महंगी हो गई हैं। पहले जैसी स्थिति नहीं रही है। तीन मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो अब तक जारी है। इस दौरान 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। एक-दूसरे के खिलाफ खड़े समुदायों की शिकायतों की प्रकृति एवं उसके स्तर के चलते अन्य किस्म के बखेड़ों के मुकाबले जातीय संघर्षों को खत्म करना कहीं ज्यादा मुश्किल होता है। उत्पीड़न के इस किस्म के अहसास को उन लोगों द्वारा खाद-पानी दिया जाता है, जो भावनाओं को इस हद तक बढ़ा देते हैं कि पारस्परिक समझौतों और शांति बहाली के जरिए मेल-मिलाप को लेकर कोई सार्थक रुख अपनाना मुश्किल हो जाता है, भले ही लोगों का बहुमत मूक रूप से इसके पक्ष में हो। हथियारों को लहराकर धमकियां देते हुए, कौमपरस्त वर्ग भय और प्रतिशोध की भावना पैदा करके तार्किक आवाजों को दबाने का प्रयास करते हैं। मणिपुर के मामले में भी कुछ ऐसी ही स्थिति जान पड़ती है, जहां हिंसा के संरक्षकों से निपटने में महीनों की टालमटोल के बाद, भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने आखिरकार ऐसे तत्वों को अलग-थलग करने और उन्हें कानून के दायरे में लाने का फैसला लिया है। कट्टरपंथी पहचानवादी संगठन अरम्बाई तेंगोल के नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में इम्फाल घाटी में फिर से विरोध भड़क उठा है। यह घटनाक्रम एक जातीय संघर्ष के दौरान कानून प्रवर्तन के उपायों को लागू करने की जरूरत और उसमें पेश आने वाली दिक्कतों को उजागर करता है। यह चरमपंथी समूह बेखौफ होकर बेलगाम अराजकता की करतूतों में संलिप्त था तथा जो लोग इसके उग्रवादी एजेंडे से सहमत नहीं थे, उन्हें हिंसा और धमकियों के जरिए निशाना बनाता था। इसने विधायकों को भी अपने कौमपरस्त मकसदों से जुड़े संकल्पों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया था। चौंकाने वाली बात यह है कि भाजपा की अगुवाई वाली तत्कालीन राज्य सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया, यह मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की अपनी पक्षपातपूर्ण नीति से ऊपर न उठ पाने का नतीजा था। इन हिंसक अपराधियों को जनता का संरक्षण मिलने के चलते सुरक्षा बल भी कार्रवाई करने में नाकाम थे। जल्द ही, ऐसे समूह शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन गए और राष्ट्रपति शासन लागू करने के बाद ही सरकार इस समूह के साथ-साथ अन्य समूहों से पुलिस कर्मियों से लूटे गए अधिकांश हथियारों को वापस करवाने में सफल हो पाई। ये गिरफ्तारियां पहाड़ी इलाकों के उन उग्रवादी स्वयंसेवकों के खिलाफ इसी किस्म की कार्रवाई के साथ हुई हैं, जो कथित तौर पर कानून लागू कराने वाले अधिकारियों के खिलाफ हिंसा में शामिल थे। मणिपुर सरकार, जो फिलहाल राष्ट्रपति शासन के अधीन है, को अपराध में गिरफ्तार लोगों की संलिप्तता का स्पष्ट मामला बनाना चाहिए तथा उन्हें न्याय के कठघरे में लाना चाहिए।

## राज्यों के हकों की अनदेखी हुई



मोदी सरकार के 11 साल के शासन काल के दौरान राज्यों की अनदेखी हुई तथा संघीय ढांचे को कमजोर किया गया है, पिछले 11 वर्ष में मोदी सरकार ने लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुंचाया है, भाजपा -आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमजोर कर, उनकी स्वायत्तता पर कड़ा प्रहार किया है, चाहे वो जनमत चुराकर पिछले दरवाजे से सरकारें गिराना हो या एक-दलीय तानाशाही शासन जबरन लागू करना हो, इस दौरान, राज्यों के हकों की अनदेखी हुई है और संघीय ढांचे को कमजोर किया गया है, समाज में नफरत, धमकी और डर का वातावरण फैलाने की कोशिश जारी है। दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक तथा कमज़ोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# गरीबी के साथ आर्थिक असमानता दूर करने का लक्ष्य हो





**ललित गर्ग**

भारत एक ओर जहां लगातार तेज ग्रोथ करते हुए बीते दिनों जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बना, तो वहीं उपलब्धियों का सिलसिला जारी है और दुनिया इसका लोहा मान रही है। अब एक और खुश करने वाली रिपोर्ट आई है, जो विश्व बैंक ने जारी की है, जिसमें भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी की रोशनी है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय एवं ऐतिहासिक उपलब्धि कही जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के 11 स्वर्णिम वर्षों में गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया है, गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनकर, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करके और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करके उन्होंने गरीब उन्मूलन की योजनाओं को जमीन पर उतारा है। मोदी सरकार ने गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। उनकी दृष्टि में गरीबी को खत्म करना सिर्फ गरीबों की मदद करना नहीं है-बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है।

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही सरकारी पहलों, तेज आर्थिक सुधारों और जरूरी सेवाओं तक सबकी पहुंच का ही यह नतीजा है कि गरीबी दिन-ब-दिन तेजी से घट रही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार रोजगार में वृद्धि हुई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी जबरदस्त प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर फोकस पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को बढ़ाया है। डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल समावेश और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने अंतिम जन तक लाभों की पारदर्शिता और तेज वितरण सुनिश्चित किया है। इससे 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी पर पार पाने में मदद मिली है। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को संबल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन किया है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें प्रमुख राज्यों ने गरीबी में कमी लाने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और बंगाल में 2011-12 में देश के 65 फीसदी अत्यंत गरीब लोग थे। इन पांच राज्यों ने ही 2022-23 तक गरीबी कम करने में दो-तिहाई का योगदान दिया है।

विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत से गरीबी उन्मूलन की योजनाओं एवं सोच से प्रेरणा लेने की बात कही है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की 45 प्रतिशत आबादी गरीबी में है। भारत की गरीबी दर 5.3 प्रतिशत और पाकिस्तान की 42.4 प्रतिशत है। इसका सबसे बड़ा कारण पाक अपना सारा ध्यान आतंकवाद एवं आतंकवादियों के पोषण पर देता है, गरीबी दूर करना उसकी योजनाओं एवं नीतियों में दूर-दूर तक नहीं है। इसीलिए भारत ने वैश्विक मंचों पर पाक पर यह आरोप भी लगाया है कि वह अंतर्राष्ट्रीय सहायता का दुरुपयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। भारत ने विश्व बैंक और आईएमएफ जैसे संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे पाक को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करें, क्योंकि इसका उपयोग आम लोगों के कल्याण के बजाय सैन्य खर्च और आतंकवादी गति. विधियों में हो रहा है। हाल के पाहलगाम हमले के बाद भारत ने इस मुद्दे को और जोरदार तरीके से उठाया, जिसमें उसने पाक के सैन्य बजट में 18 प्रतिशत वृद्धि और सामा. जिक कल्याण पर कम खर्च को उजागर किया। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। पाक में यही स्थितियां देखने को मिल रही है। आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिए जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किए हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिए भी व्यापक योजनाएं बनाई गई है। विगत ग्यारह वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है।

निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। गरीबी-अमीरी के बीच के बढ़ते फासले को कम करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। अब तक यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा बनी रही है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए थी। एक बड़ा प्रश्न था कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए सर्वोदय की बात की, लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया था। गरीबी हटाओ में गरीब हट गए। अब तक जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते थे, वे सत्ता प्राप्त कर सकते थे, लेकिन अब मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए सार्थक प्रयत्न कर रही है। मोदी सरकार की तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने गरीब वर्ग को लाभान्वित किया है। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिए गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिए सम्मान, समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थाई रूप से कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वीकेंड में संगमेश्वर घूमने का बनाएं प्लान

**महाराष्ट्र में जब भी बारिश होती है, तो लोनावला से लेकर माथेरान और महाबलेश्वर जैसी जगहों पर पर्यटकों की भीड़ लगने लगती है। वहीं महाराष्ट्र की फेमस जगहों से दूसर संगमेश्वर एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है।**

महाराष्ट्र हमारे देश का एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य है। महाराष्ट्र एक ओर से अरब सागर और दूसरी ओर से सतपुड़ा पर्वतमाला से घिरा हुआ है। यह एक ऐसा राज्य है, जो रिमझिम बारिश में पर्यटन हब का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है। महाराष्ट्र में जब भी बारिश होती है, तो लोनावला से लेकर माथेरान और महा. बलेश्वर जैसी जगहों पर पर्यटकों की भीड़ लगने लगती है। वहीं महाराष्ट्र की फेमस जगहों से दूसर संग. मेश्वर एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। वहीं हल्की रिमझिम बारिश में संगमेश्वर की खूबसूरती किसी हसीन खजाने से कम नहीं लगती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको संगमेश्वर की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।

### महाराष्ट्र में संगमेश्वर

संगमेश्वर की खासियत और खूबसूरती बेहद कमाल की है। यह रत्नागिरी में स्थित एक खूबसूरत और मनमोहक जगह है। संग. मेश्वर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से करीब 284 किमी, पुणे से 247 किमी और कोल्हापुर से करीब 120 किमी दूर है।

### क्यों फेमस है संगमेश्वर


महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में स्थित संगमेश्वर भले ही एक छोटा सा शहर है, लेकिन यह जगह अपने धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व और खूबसूरत पर्यटन स्थलों के लिए पूरे राज्य में फेमस है। खासकर यह जगह संगमेश्वर मंदिर और संगमेश्वर शहर के लिए फेमस है। जोकि भगवान शिव को समर्पित है। संगमेश्वर महाराष्ट्र का एक ऐसा शहर है, जो शास्त्री नदी और सोनावी नदी के संगम पर स्थित है। इसके चलते यहां पर रिमझिम बारिश में राज्य के हर कोने से लोग घूमने के लिए आते हैं। इस स्थान को रत्नागिरी का छिपा हुआ खजाना भी माना जाता है। वहीं गमेश्वर वहीं स्थान है, जहां पर औरंगजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज को बंदी बनाया था।

### पर्यटकों के लिए क्यों खास है ये जगह

संगमेश्वर का इतिहास प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। रिमझिम बारिश में स्थित वॉटरफॉल से लेकर घास के मैदान और नदियों की खूबसूरती इस जगह को बेहद खूबसूरत बनाने का काम करती है। संगमेश्वर की हरियाली देखते ही बनती है। संग. मेश्वर अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। शहर की भाग-दौड़ भरी जिंदगी से दूर संगमेश्वर में आप सुकून के कई पल बिताने के लिए पहुंचते हैं। संगमेश्वर अपनी खूबसूरती के साथ ही एडवेंचर एक्टिविटी के लिए भी जाना जाता है। कई लोग मानसून में यहां पर सिर्फ ट्रेकिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं।

### संगमेश्वर मंदिर

संगमेश्वर के सबसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में संगमेश्वर मंदिर काफी फेमस है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। पहाड़ी की चोटी पर स्थित होने के कारण पर्यटक यहां घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मंदिर के आसपास से बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। कर्णेश्वर मंदिर को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं और यह मंदिर भी भगवान शिव को समर्पित है।



### मार्लेश्वर वॉटरफॉल

संगमेश्वर के पहाड़ों में स्थित मार्लेश्वर एक फेमस और खूबसूरत वॉटरफॉल है। मानसून में यहां सिर्फ स्थानीय पर्यटक नहीं बल्कि अन्य कई शहरों से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यह वॉटरफॉल प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यहां के आसपास की हरियाली पर्यटकों को खूब आकर्षित करती है। इसके साथ ही आप छत्रपति संभाजी महाराज की समाधि को एक्सप्लोर करना न भूलें।

# 2018 से 2023 के बीच पशुओं से इंसानों में फैले थे 8% संक्रामक रोग

भारत में 2018 से 2023 के बीच इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम द्वारा दर्ज 8.3 फीसदी प्रकोप जानवरों से इंसानों में फैले थे। गौरतलब है कि जानवरों से इंसानों में फैलने वाली इन बीमारियों को जूनोटिक डिजीज के रूप में जाना जाता है। इनमें कोविड-19 जैसी महामारियां भी शामिल हैं। यह जानकारी इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी द्वारा किए एक नए विश्लेषण में सामने आई है। इस विश्लेषण के नतीजे अंतराष्ट्रीय जर्नल द लांसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया में प्रकाशित हुए हैं। गौरतलब है कि अपने इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने 2018 से 2023 के बीच इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी) के तहत रिपोर्ट हुए कुल 6,948 प्रकोपों का विश्लेषण किया है। इनमें से 583 यानी 8.3 फीसदी प्रकोप जूनोटिक थे। मतलब कि इस दौरान हर महीने औसतन सात जूनोटिक प्रकोप सामने आए। शोधकर्ताओं ने पाया है कि हर साल जून से अगस्त के बीच यह प्रकोप अपने चरम पर होते हैं। चिंता की बात यह है कि इन प्रकोपों में साल दर साल वृद्धि दर्ज की गई है।

**पूर्वोत्तर भारत रहा सबसे ज्यादा प्रभावित**

अध्ययन में यह भी सामने आया है कि इन जूनोटिक बीमारियों में जापानी इंसेफेलाइटिस सबसे आम था, जो कुल जूनोटिक प्रकोपों का 29.5 फीसदी था। इसके बाद लेप्टोस्पायरोसिस (18.7 फीसदी) स्क्रब टायफस (13.9 फीसदी) का स्थान रहा। वहीं भारत में क्षेत्रीय आधार पर देखें तो देश के पूर्वोत्तर हिस्से में सबसे ज्यादा 35.8 फीसदी प्रकोप सामने आए हैं। वहीं इसके बाद दक्षिण भारत (31.7 फीसदी) और पश्चिम भारत (15.4 फीसदी) में इनका सबसे ज्यादा प्रकोप देखा गया।

**देरी अभी भी बनी हुई है समस्या**

अध्ययन में यह भी सामने कुल प्रकोपों में से एक-तिहाई मामलों यानी करीब 34.6 फीसदी में रिपोर्टिंग देर से हुई थी। हालांकि, धीरे-धीरे रिपोर्ट में सुधार आया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2019 में जहां 52.6 फीसदी मामले देर से रिपोर्ट हुए थे, जबकि 2023 में यह आंकड़ा घटकर 5.2 फीसदी रह गया। हालांकि चिंता की बात यह रही कि जूनोटिक प्रकोपों के 97.2 फीसदी मामलों में कोई फॉलो-अप रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, यानी यह पता ही नहीं चला कि बाद में क्या कदम उठाए गए या रोग को कैसे नियंत्रित किया गया। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा है कि देश में खसरा, चिकनपॉक्स और डेंगू जैसी बीमारियों पर अलग-अलग विश्लेषण हुए हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर जूनोटिक प्रकोपों पर अब तक कोई समग्र अध्ययन नहीं हुआ है। यही वजह है कि उन्होंने राष्ट्रीय निगरानी प्रणाली के तहत उन क्षेत्रों को चिन्हित किया जहां जानवरों से इंसानों में फैलने वाले रोगों के प्रकोप ज्यादा सामने आए हैं। हालांकि साप्ताहिक रिपोर्टों में कई गंभीर खामियां पाई गई, खासकर फॉलो-अप जानकारी की कमी सबसे ज्यादा चिंताजनक थी। ऐसे में शोधकर्ताओं ने इन खामियों को दूर करने के लिए उन क्षेत्रों में जहां जूनोटिक रोगों का प्रकोप सबसे ज्यादा है, वहां बीमारी को ध्यान में रखते हुए विशेष निगरानी तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है। अध्ययन से पता चला है कि दुनियाभर में महामारी और प्रकोपों का बड़ा कारण नई या दोबारा से उभरती बीमारियां हैं, जिनमें से करीब दो-तिहाई रोग जानवरों से इंसानों में फैलते हैं। देखा जाए तो इसके लिए कहीं न कहीं हम इंसान ही जिम्मेवार हैं। मानव गतिविधियां और पर्यावरण में हो रहे बदलाव, जैसे कि जंगलों की कटाई और वन्यजीवों के रहने की जगह में बढ़ता दखल, इंसानों और जानवरों के बीच संपर्क को बढ़ा रहा है। इससे जूनोटिक रोगों के फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है।



**कैसे इंसानों में फैलती हैं जूनोटिक बीमारियां**

आमतौर पर यह बीमारियां तब फैलती हैं जब कोई वायरस अपने मेजबान (होस्ट) से अलग एक नया होस्ट खोजने में सक्षम हो जाता है। उदाहरण के लिए यदि कोई जानवर किसी खास वायरस से ग्रस्त है और वो किसी प्रकार इंसानों या दूसरे जानवरों के संपर्क में आता है तो वो उन्हें भी संक्रमित कर देता है। इस तरह यह बीमारियां एक से दूसरे के जरिए पूरे समाज में फैलना शुरू कर देती हैं। इस तरह का प्रसार तब ज्यादा होता है जब वायरस इंसान जैसे होस्ट के संपर्क में आता है या फिर उनमें म्यूटेशन होने लगते हैं। देखा जाए तो इंसान और जानवरों के बीच भौतिक नजदीकी इस वायरस को इंसानों में फैलने के लिए आदर्श परिस्थितियां बनाती है। पिछले 100 वर्षों से जुड़े आंकड़ों को देखें तो औसतन हर साल दो वायरस अपने प्राकृतिक वातावरण से निकलकर इंसानों में फैल रहे हैं, लेकिन प्रकृति के विनाश की बढ़ती दर इनके फैलने के खतरे को और बढ़ा रही है। ये बीमारियां पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय हैं, लेकिन कमजोर और निम्न-मध्यम आय वाले देशों में यह समस्या कहीं ज्यादा गंभीर है। इन देशों में तेजी से बढ़ती इंसानी गतिविधियों के कारण वन्यजीवों और इंसानों के बीच टकराव बढ़ रहा है, जिससे जानवरों से इंसानों में रोग फैलने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि नई उभरती जूनोटिक बीमारियां 2030 तक एक और महामारी को जन्म दे सकती हैं।

**इंसान खुद लिख रहा अपने विनाश की पटकथा**

रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण में लगातार हो रहे बदलावों ने प्रजातियों के आवास क्षेत्रों को बुरी तरह प्रभावित किया है। इसकी वजह से प्रजातियों के बीच नए संपर्क पैदा हो रहे हैं, जिससे जानवरों से इंसानों में बीमारियों के फैलने यानी श्जूनोटिक स्पिलओवरश का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि यह जूनोटिक स्पिलओवर एक और महामारी को जन्म दे सकते हैं। रिपोर्ट में कोविड-19, इबोला, एच 5 एन 1, मर्स, निपाह, सार्स और इन्फ्लूएंजा ए/एच1एन1 जैसे पिछले प्रकोपों पर संज्ञान लिया गया है, जिनके कारण बड़े पैमाने पर इंसानी जीवन और आर्थिक नुकसान हुआ है। सेंटर फॉर सांइस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा 2022 में आयोजित अनिल अग्रवाल डायलॉग में सीएसई के सतत खाद्य प्रणाली के कार्यक्रम निदेशक अमित खुराना ने जानकारी देते हुए बताया था कि जूनोटिक बीमारियों का खतरा जलवायु परिवर्तन के कारण और अधिक बढ़ गया है। उनके मुताबिक मनुष्यों में 60 फीसदी से अधिक संक्रामक रोग जूनोटिक हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जूनोटिक की वजह से 260 करोड़ लोग प्रभावित हो रहे हैं और साथ ही हर साल इनकी वजह से 30 लाख लोगों की जान जा रही है। जर्नल बीएमजे ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन के मुता. बिक कुछ जूनोटिक बीमारियां 2050 तक 12 गुणा ज्यादा लोगों की जान ले सकती हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों के अनुसार इन बीमारियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य पर मंडराते इस खतरे को सीमित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की दरकार है।

**...साभार डीटीई**

# अमेरिकी एयरपोर्ट पर भारतीय छात्र को जमीन पर पटका, हथकड़ी लगाई

## स्टूडेंट चिल्लाता रहाः पागल नहीं हूं, भारत डिपोर्ट किया



■ जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की

■ यह घटना ऐसे वक्त पर हुई है, जब अमेरिकी सरकार अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर सख्ती बढ़ा रही है

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूजर्सी में एक भारतीय छात्र को न्यूयार्क एयरपोर्ट पर अपरा. धियों की तरह जमीन पटका गया और फिर हथकड़ी लगाकर भारत डिपोर्ट किया गया। भारतीय मूल के अमेरिका बिजनेसमैन कुनाल जैन ने रविवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

जैन ने एक्स पर लिखा-मैंने न्यूअर्क एयरपोर्ट पर एक युवा भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर, रोते हुए, अपराधी की तरह ट्रीट होते देखा। वो अपने सपनों को सच करने आया था, किसी को नुकसान पहुंचाने नहीं। एक एनआरआई होने के नाते, मैं खुद को कमजोर और टूटा हुआ महसूस कर रहा हूं। जैन के बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं, ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। उन्होंने आगे कहा-ये बच्चे वीसा लेकर सुबह फ्लाइट से आते हैं। किसी कारण से इमिग्रेशन अथॉरिटीज को अपना आने का कारण समझा नहीं पाते और शाम की फ्लाइट से हाथ-पैर बांधकर, मुजरिमों की तरह भेज दिए जाते हैं। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे केस ज्यादा बढ़ गए हैं। जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने लिखा-किसी को पता लगाना चाहिए कि इस छात्र का क्या हो रहा है। यह घटना ऐसे वक्त पर हुई है, जब अमे. रिकी सरकार अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर सख्ती बढ़ा रही है और बिना नोटिस के वीज़ा रद्द कर रही है। फलस्तीन के समर्थन से लेकर ट्रैफिक उल्लंघन तक, अलग-अलग वजहों से छात्र कानूनी मुश्किलों में पड़ जाते हैं। अमेरिकी सरकार ने दो हफ्ते पहले विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा इंटरव्यू पर रोक लगा दी है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे लेकर एक आदेश जारी किया था। आदेश का मकसद देश की यूनिवर्सिटीज में यहूदी विरोध और वामपंथी विचारों को रोकना था। रुबियो ने दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों को आदेश जारी कर कहा-वे स्टूडेंट वीजा के लिए नए इंटरव्यू शेडयूल न करें, क्योंकि ट्रम्प सरकार अमेरिका आने वाले छात्रों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच को और सख्त करने जा रही है। उन्होंने आगे कहाः तत्काल प्रभाव से कांसुलर सेक्शन आगे के दिशानिर्देश जारी होने तक स्टूडेंट या एक्सचेंज विजिटर (एफ, एम और जे) वीजा के लिए नए अपॉइंटमेंट की इजाजत नहीं दे। ट्रम्प प्रशासन ने कहा है कि कोई विद. ेशी छात्र बिना जानकारी कोर्स छोड़ता है, क्लास नहीं जाता या पढ़ाई बीच में छोड़ता है, तो उसका स्टूडेंट वीसा रद्द किया जा सकता है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में जारी कर इसकी जानकारी दी। दूतावास ने किसी भी समस्या से बचने के लिए हमेशा अपने वीजा शर्तों का पालन करने के लिए कहा। दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ लगभग 850 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट रद्द करने की तैयारी कर रहा है सरकार पहले ही इस आइवी लीग स्कूल के लिए 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की मदद रोक चुकी है।



नई दिल्ली। चाणक्यपुरी स्थित संजय कैंप में गर्मी के दिनों में जल संकट के बीच टैंकर से पीने का पानी भरते और खेलते बच्चे।

## रूस ने 1212 यूक्रेनी सैनिकों के शवों को अदला-बदली स्थल पर पहुंचाया

**मॉस्को।** रूस ने इस्तांबुल समझौते के अनुसार सीमा के अदला-बदली स्थल पर यूक्रेन के 1212 सैनिकों के शवों पहुंचाया है। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्जेंडर जोरिन ने रविवार को यह जानकारी दी। लेफ्टिनेट जनरल जोरिन, जो रूसी वार्ता समूह के प्रतिनिधि भी हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने संपर्क नहीं किया है, इसलिए शवों का स्थानांतरण और कैदियों की अदला-बदली अभी तक नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से आदान-प्रदान की प्रक्रिया के लिए स्थल पर प्रतीक्षा कर रहे कुछ विदेशी मीडिया प्रतिनिधियों ने शवों को ले जा रहे कुछ रेफ्जिरेटेड ट्रकों की जांच की है। लेफ्टिनेंट जनरल जोरिन ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों के अधिक शवों वाली ट्रेनें जल्द सीमा की ओर बढ़ना शुरू करेंगी। उन्होंने कहा कि रूस अगले सप्ताह यूक्रेनी सैनिकों के शवों को स्थानांतरित करने के लिए यूक्रेन की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहा है। यह घटना दोनों पक्षों के बीच कैदियों की अदला-बदली को लेकर चल रहे विवाद के बीच हुई।

## अमेरिका ने नहीं आने दिया 12 देशों के नागरिकों को, सात देशों पर आंशिक प्रतिबंध

### ट्रम्प ने सुरक्षा की दी दुहाई

ट्रम्प ने 4 जून को कहा था कि अमेरिका को ऐसे विदेशी नागरिकों से सुरक्षित रखना जरूरी है जो आतंक फैलाने की कोशिश करते हैं




**वाशिंगटन।** अमेरिका में आज से 12 देशों के नागरिकों की एंट्री पर बैन लागू हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 4 जून को इसे लेकर एक आदेश जारी किया था, जो आज 9 जून से लागू होगा।

12 देशों के अलावा 7 देशों के नागरिकों पर आज से आंशिक रोक लागू होगी। ये इमिग्रेशन और नान-इमिग्रेशन दोनों तरह के वीजा पर लागू होगी। ट्रम्प ने अपने इस फैसले के पीछे अमेरिकी लोगों की सुरक्षा और जान की हिफाजत का हवाला दिया था। ट्रम्प ने 4 जून को कहा था कि अमेरिका को ऐसे विद. ेशी नागरिकों से सुरक्षित रखना जरूरी है जो आतंकवादी हमले करने, राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने, नफरत फैलाने या इमिग्रेशन कानूनों का गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। अमे. रिकी विदेश विभाग के मुताबिक पूर्ण बैन का मतलब है कि उस देश के अधिकतर नागरिकों का अमे. रिका में प्रवेश पूरी तरह से प्रति. बंधित होता है। इनमें टूरिस्ट वीजा, स्टूडेंट वीजा, वर्क वीजा और इमिग्रेंट वीजा चाहने वाले लोग शामिल होते हैं। वहीं, आंशिक बैन का मतलब है कि उस देश के नागरिकों पर कुछ खास प्रकार के वीजा या एंट्री पर रोक लगाई जाती है, बाकी पर नहीं। यानी इमिग्रेंट वीजा नहीं मिलेगा, लेकिन टूरिस्ट वीजा मिल सकता है। स्टूडेंट्स को परमिशन मिलेगी, लेकिन वर्क वीजा पर रोक रहेगी। ट्रम्प ने 4 जून को दूसरे देशों के नागरिकों को वीजा जारी करते वक्त सावधानी बरतने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि वीजा जारी करते वक्त ध्यान रखना चाहिए कि ऐसे लोग अमेरिका न आ सकें, जो अमे. रिकियों या देश के हितों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## इमरान की 11 जून को रिहाई की उम्मीद

### पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान ने किया दावा



■ हालांकि, इमरान खान ने खुद इन खबरों को सिरे से खारिज किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक शीर्ष नेता ने दावा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जल्द जेल से रिहा हो सकते हैं। उनकी इस बात से संकेत मिलता है कि सेना प्रमुख असीम मुनीर आखिरकार खान के सामने झुक सकते हैं।

न्यूज एजेंसी 'पीटीआई' के मुता. बिक, पीटीआई अध्यक्ष गौहर अली खान ने दावा किया अगस्त 2023 से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद इमरान खान को 11 जून को जमानत मिल सकती है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ दिन पहले ही इमरान खान ने खुद को पीटीआई का संरक्षक घोषित किया था और जेल से ही राष्ट्रव्यापी आंदोलन का एलान किया था। गौहर का दावा उन खबरों के बाद भी आया है, जिनमें कहा गया कि इमरान की रिहाई को लेकर पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है। हालांकि, इमरान खान ने खुद इन खबरों को सिरे से खारिज किया है। जनता में इमरान खान के लिए बढ़ते समर्थन और जेल से ही देशव्यापी आंदोलन का नेतृत्व करने के उनके फैसले ने सेना प्रमुख असीम मुनीर पर दबाव बढ़ा दिया है। पहले से ही 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते बैकफुट पर चल रहे मुनीर अब इमरान के सामने पीछे हटते दिख रहे हैं। हालांकि, इमरान खान ने अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं कहा है। लेकिन गौहर अली खान ने कराची के एआरवाई न्यूज के हवाले से कहा कि 11 जून का दिन इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों के लिए अहम होगा। गौहर ने यह भी स्पष्ट किया कि इमरान खान की रिहाई किसी भी समझौते के तहत नहीं होगी। इस्लामाबाद हाईकोर्ट पहले ही अल-कादिर ट्रस्ट मामले की सुनवाई को 11 जून तक के लिए टाल चुकी है। इमरान खान पर कई केस चल रहे हैं और वह अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। वह अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताते हैं।

उनकी पार्टी पीटीआई लगातार प्रदर्शन करती रही है, जिसमें नवम्बर 2024 में इस्लामाबाद की घेराबंदी भी शामिल थी। जनवरी 2024 में इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई थी। उन पर राज्य को मिले तोहफों को गैरकानूनी तरीके से बेचने का आरोप है। इमरान खान का असीम मुनीर से टकराव लंबे समय से चला आ रहा है। वह मुनीर पर उनकी सरकार गिरवाने और उन्हें जेल भिजवाने का आरोप लगाते हैं। खान का कहना है कि बुशरा बीबी की गिरफ्तारी भी मुनीर की निजी दुश्मनी का नतीजा है। उन्होंने इसे 'बदले की भावना' बताया था और कहा था कि जेल में उनकी पत्नी के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। गौहर अली खान का यह दावा कि खान को 11 जून को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में जमानत मिल सकती है, तब आया है जब इमरान ने हाल ही में खुद को पीटीआई का संरक्षक घोषित किया है।



## लॉस एंजिल्स में हिंसा, झंडे पर थूका, सैकड़ों गाड़ियां जलाई

### दुकानों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लूट-पाट की

■ मास्क पहनने वालों की तुरंत गिरफ्तारी का आदेश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अवैध प्रवासियों पर हो रही कार्रवाई के विरोध में चल रहा प्रदर्शन बीते दो दिनों से हिंसक हो गया है। उपद्रवियों ने शहर की सड़कों को जाम कर, सैकड़ों गाड़ियों में आग लगा दी। दुकानों और शापिंग काम्प्लेक्स में लूट-पाट की है। शहर के एक चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी झंडे पर थूका और उसे जला दिया। कई इलाकों में उपद्रवियों ने सुरक्षाबलों पर पत्थर और पटाखे फेंके।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने लॉस एंजिल्स में हो रहे प्रदर्शनों को रोकने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को आदेश दिया है कि जो लोग प्रदर्शन के दौरान मास्क पहन रहे हैं, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि अब से किसी भी प्रदर्शन में मास्क पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमेरिका के लॉस एंजिल्स शहर में सरकार की आव्रजन नीतियों के खिलाफ 3 दिन से हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। उपद्रवियों ने पूरे शहर में कई सड़कों पर आगजनी की है। इस दौरान सैकड़ों गाड़ियों को आग के हवाले किया है। कई प्रदर्शनकारी अमेरिकी झंडे पर थूकते और जलाते भी नजर आए। प्रदर्शनकारी मास्क पहनकर सड़कों पर उतर रहे हैं ताकि वे सुरक्षा कैमरों से बच सकें। ट्रम्प ने लॉस एंजिल्स में फैली हिंसा और तोड़फोड़ के बाद वहां तैनात किए गए नेशनल गार्ड के जवानों की तारीफ भी की है। ये जवान आमतौर पर राज्य के गवर्नरों के आदेश पर बुलाए जाते हैं, लेकिन इस बार ट्रम्प ने खुद उनकी तैनाती कर दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि शहर पर अवैध प्रवासियों का कब्जा है, इसे जल्द आजाद कराया जाएगा। उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर एक्शन लेने की बात भी कही है।

## इजरायल ने ग्रेटा थनबर्ग के जहाज को कब्जे में लिया



■ हिरासत में लिए स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता इजरायली सेना हमास हमले का वीडियो दिखाएगी

**तेल अवीव।** इजरायल ने स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता और नोबेल पीस प्राइज विजेता ग्रेटा थनबर्ग और उनके जहाज को कब्जे में ले लिया है। सोमवार तड़के इजरायल की 5 स्पीड बोट्स ने जहाज को घेर लिया। इसके बाद सैनिकों ने जहाज पर चढ़कर उसे अपने कंट्रोल में ले लिया।

यह जहाज गाजा के लोगों के लिए राहत सामग्री लेकर जा रहा था। मैडलीन नाम के इस जहाज पर 12 लोग सवार हैं। सभी सेना की हिरासत में हैं। इस जहाज को गाजा की जगह इजरायल ले जाया गया। इन सभी कार्यकर्ताओं को अशदोद पोर्ट लाया गया है। यह इजरायल के पश्चिम में एक अहम पोर्ट है। गाजा से इसकी दूरी 27 किमी है। ग्रेटा थनबर्ग और बाकी लोगों को हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का वीडियो दिखाया जाएगा। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सेना को यह आदेश दिया है। इजरायली सैनिकों के पहुंचने के बाद जहाज पर सवार सभी कार्यकर्ताओं ने इमरजेंसी से निपटने के लिए लाइफ जैकेट पहन लिए थे। काट्ज ने यह आदेश देते हुए खासतौर पर थनबर्ग का नाम लिया। उन्होंने कहा कि ग्रेटा और उनके हमास समर्थक साथियों को देखना चाहिए कि हमास असल में क्या है और उन्होंने कैसे इजरायल की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को मारा। 43 मिनट के इस वीडियो में दिखाया गया है कि हमले के दौरान किस तरह निर्दोष लोगों की हत्या की गई और उनके शवों के साथ क्या क्रूरता हुई। वीडियो की फुटेज आतंकवादियों के बाडीकैम से ली गई है और इसमें किसी भी फुटेज को सेंसर नहीं किया गया है।

## बम की धमकी के बाद गल्फ एयर विमान कुवैत में सुरक्षित उतरा


■ संदिग्ध को लिया हिरासत में

**कुवैत सिटी।** कुवैत में गल्फ एयर के एक विमान को उडान भरने के कुछ समय बाद बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर लिया गया है। विमान से सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। कुवैत के विमानन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी।

कुवैत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बयान में कहा कि उड़ान जीएफ213 के आगमन पर पूरी सुरक्षा जांच की गई और डीजीसीए और आंतरिक मंत्रालय के समन्वय में आपातकालीन प्रक्रियाएं सक्रिय की गईं। बयान में कहा गया कि रविवार को सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। साथ ही कहा गया कि यात्रियों को हवाई अड्डे के निर्दिष्ट लाउंज में ले जाया गया और उनकी हालत अच्छी है। डीजीसीए के प्रवक्ता अब्दुल्ला अल राजी ने कहा कि इस घटना से हवाई अड्डे के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा और उड़ानें निर्धारित समय पर जारी रहीं। सुरक्षा टीमों ने मानक आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुरूप विमान की गहन जांच की और एहतियात के तौर पर यात्रियों को उतार दिया गया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि बम की धमकी देने वाले व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है।

### अमेरिकी संसद में मस्क पर इशारा करते हुए स्पीकर की दो टूक

## मस्क के लिए कानून नहीं बदलूंगा



■ मस्क पर स्पीकर ने कसा बड़ा तंज

**वाशिंगटन।** स्पीकर माइक जॉनसन ने साफ कर दिया कि वह एलन मस्क के खिलाफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ हैं। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के टैक्स और बजट विधेयक की आलोचना की थी, लेकिन जॉनसन ने कहा कि मस्क की आलोचना से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने जीओपी-नियंत्रित कांग्रेस पर मस्क के प्रभाव को कम करके आंका।

एक टीवी शो में जॉनसन ने कहा कि मैं दुनिया के सबसे अमीर आदमी को खुश करने के लिए कानून नहीं बनाऊंगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा मकसद मेहनत करने वाले आम अमेरिकियों की मदद करना है। जो अपने परिवारों के लिए प्रावधान करने और गुजारा करने की को. शिश कर रहे हैं। जॉनसन ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प के सरकारी दक्षता विभाग के पूर्व प्रमुख मस्क से कुछ टेक्स्ट संदेशों का आदान-प्रदान किया, जब मस्क ने जीओपी बिल को 'घटिया' कहा और कहा कि इससे अमिरेका का कर्ज और भी बढ़ेगा। मस्क ने कैपिटल हिल में मतदाताओं से इस बिल के खिलाफ वोट करने की अपील की, जो सदन से पारित होने के बाद सीनेट में लंबित है। मस्क की इस आलोचन से राष्ट्रपति ट्रम्प भी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें मस्क के साथ अपने संबंधों को सुधारने की कोई इच्छा नहीं है। स्पीकर जॉनसन ने रिपब्लिकन नेताओं के खिलाफ डेमोक्रेट्स को फंड देने की मस्क की धमकियों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस के किसी भी रिपब्लिकन सदस्य की ओर से कोई चिंता नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि लोग प्रतीक्षा करने और देखने का रवैया अपना रहे हैं। कुछ लोग उनके कुछ तर्कों से सहमत हो सकते हैं, लेकिन बाकी लोग समझते हैं कि यह एक बहुत ही रोमांचक कानून है। स्पीकर जॉनसन ने कहा कि मस्क को सही जानकारी नहीं है, और जो रिपोर्ट कहती है कि इस बिल से अमेरिका का कर्ज 2.4 ट्रिलियन डॉलर और बढ़ेगा, वह रिपोर्ट गलत आधार पर बनाई गई है। उन्होंने तर्क दिया कि कम टैक्स और खर्च की कटौती से अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और इससे आगे चलकर घाटा भी कम हो सकता है।

## ईरान में सड़क पर कुत्ता घुमाने पर बैन

■ लोगों की सुरक्षा के लिए 20 शहरों में नियम लागू

**तेहरान।** ईरान के 20 शहरों में पार्क या फिर सड़कों पर लोगों के कुत्ते टहलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, सरकार ने यह कदम लोगों की सेहत, समाज में शांति और सुरक्षा के लिए उठाया गया है।

यह बैन 6 जून से लागू हो गया है। एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि जो लोग इस नियम का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह का नियम पहले 2019 में तेहरान में भी लागू किया गया था। अब यह इस्फहान और केरमान जैसे बड़े शहर में भी लागू हो गया है। ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से कुत्ते पालने और उन्हें सार्वजनिक तौर पर घुमाना एक विवाद का विषय रहा है। कुछ अधिकारी मानते हैं कि कुत्ते पालने की आदत पश्चिमी देशों की संस्कृति का हिस्सा है और इसे ईरानी संस्कृति के लिए खतरा माना जाता है। वहीं, कई धार्मिक नेता मानते हैं कि कुत्तों को छूना या उनकी लार से संपर्क में आना धार्मिक रूप से गंदा होता है। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई ने 2017 में कहा था कि सिर्फ चरवाहों, शिकारी या सुरक्षा के लिए कुत्ता पालना सही है। हालांकि इन्हें लेकर कोई सख्त कानून नहीं है, जो कुत्तों को पालने से पूरी तरह रोके।